हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • शनिवार • 7 फरवरी 2026 • वर्ष 10 • अंक 273 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

# परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, सर्वांगीण विकास जरूरी : प्रधानमंत्री

## एक नेता ने कहा आप 75 के हो गए, तो मैंने कहा अभी 25 बाकी हैं: मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आए छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि परीक्षा कभी भी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकती। शिक्षा जीवन निर्माण का माध्यम है और उसका उद्देश्य सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे बीते समय की चिंता छोड़कर शेष समय का बेहतर उपयोग करने पर ध्यान दें और तनावमुक्त रहकर सीखने की प्रक्रिया का आनंद लें। मणिपुर की एक छात्रा के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जो बीत गया है उसकी गिनती करने में समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि 17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर एक नेता ने फोन किया और बोले कि अब आप 75 के हो गए, तो मैने कहा कि अभी 25 बाकी हैं। उन्होंने कहा कि जो बीता है मैं उसे गिनता नहीं हूं। जो बचा है उसको गिनता हूं। उन्होंने छात्रों से भी यही दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया और कहा कि जो बीता है उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए, जो बचा है उसको जीने के लिए सोचिए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। अच्छे शिक्षक वे होते हैं जो छात्रों के संपूर्ण विकास पर ध्यान देते हैं, न कि केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने पर। जीवन केवल परीक्षाओं के इर्द-गिर्द नहीं घूमता और परीक्षा आत्ममूल्यांकन का एक माध्यम मात्र है। अलग-अलग अध्ययन पद्धतियों को लेकर भ्रम पर पूछे गए सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्थिति जीवन भर बनी रहती है। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी लोग उन्हें अलग-अलग तरीके से काम करने की सलाह देते हैं। सलाह जरूर लें, लेकिन वही करें जो आपके स्वभाव और परिस्थितियों के अनुकूल हो। एक छात्र द्वारा शिक्षक के बहुत तेज पढ़ाने की शिकायत पर प्रधानमंत्री ने शिक्षक के दृष्टिकोण से उत्तर देते हुए कहा कि शिक्षक को छात्रों से एक कदम आगे रहना चाहिए, ताकि लक्ष्य चुनौतीपूर्ण रहे लेकिन असंभव न हो। वहीं छात्रों को शिक्षक द्वारा पढ़ाये जाने वाले पाठ को पूर्व में अध्ययन कर शिक्षक से दो कदम आगे रहने की सलाह भी दी। कौशल विकास पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन कौशल और पेशेवर कौशल दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संतुलन पर जोर देते हुए कहा कि जैसे शरीर का संतुलन बिगड़ने पर व्यक्ति गिर जाता है, वैसे ही जीवन में किसी एक पक्ष पर अत्यधिक जोर नुकसानदेह हो सकता है। गेमिंग से जुड़े सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गेमिंग एक कौशल है और यह व्यक्तित्व विकास में सहायक हो सकता है, लेकिन इसे केवल मनोरंजन या जुए के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को गेम खेलने के बजाय गेम निर्माता बनने और भारतीय संस्कृति एवं कथाओं पर आधारित खेल विकसित करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं लगनी चाहिए और उसमें पूर्ण भागीदारी आवश्यक है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी नागालैंड के विकास के लिए त्रिपक्षीय समझौते को ऐतिहासिक बताया

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वी नागालैंड के लिए किए गए त्रिपक्षीय समझौते को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने आज कहा कि इससे विकास को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के लोगों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता एक दिन पहले केंद्र सरकार, नागालैंड सरकार और पूर्वी नागालैंड पीपल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के बीच हुआ है। यह छह पूर्वी जिलों में आठ मान्यता प्राप्त नागा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसका मकसद प्रगति को तेज करना और क्षेत्र में समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, "यह वास्तव में एक ऐतिहासिक समझौता है। यह विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास की गति को बढ़ाएगा। मुझे यकीन है कि यह लोगों के लिए अवसर और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।" उल्लेखनीय है कि यह समझौता केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह और नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की उपस्थिति में हुआ। यह समझौता नागालैंड के छह जिलों, तुएनसांग, मोन, किफिरे, लोंगलेन्ग, नोकलाक और शमाटोर के लिए फ्रंटियर नागालैंड टेरिटोरियल अथॉरिटी (एफएनटीटीए) के गठन और एफएनटीटीए को 46 विषयों के संबंध में शक्तियों के हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त करता है।

# आरबीआई ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया, रेपो रेट 5.25 फीसदी पर बरकरार

## गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, देश में अनुमानित दायरे में बनी हुई है महंगाई दर

एजेंसी। नई दिल्ली

वर्ष 2026 के पहले मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने किया। केंद्रीय बजट 2026 और हाल ही में हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद यह पहली नीतिगत समीक्षा है, जिस पर दलाल स्ट्रीट और आर्थिक जगत की निगाहें टिकी थी। आरबीआई ने इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे यथास्थिति बनाए रखा है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने उम्मीदों के अनुरूप रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर यथावत रखने का फैसला किया है। पॉलिसी बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि देश में महंगाई दर अनुमानित दायरे में बनी हुई है। उन्होंने इसे हाई ग्रोथ और लो इन्फ्लेशन का अनुकूल दौर ताया। गवर्नर के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मजबूत रहा है और आगे भी इसमें स्थिरता की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में अधिकांश विशेषज्ञों ने ब्याज दरों को लेकर सतर्क रुख अपनाने



की बात कही। उनका मानना है कि तब तक दरों में कटौती नहीं की जानी चाहिए जब तक आर्थिक वृद्धि में बड़ी गिरावट का खतरा न हो। यह सर्वे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा से पहले किया गया था। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है। वहीं वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए ग्रोथ अनुमान 6.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही के लिए 7 प्रतिशत किया गया है। गवर्नर ने बताया कि नई जीडीपी सीरीज आने के कारण पूरे वर्ष का अनुमान जारी नहीं किया गया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक कमर्शियल बैंकों को कर्ज देता है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ता है। जब रेपो रेट बढ़ती है, तो बैंक भी आमतौर पर अपने लोन की ब्याज दरें बढ़ा देते हैं। ऐसे में होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई महंगी हो जाती है। वहीं जब रेपो रेट घटती है, तो लोन सस्ते हो सकते हैं और ईएमआई का बोझ कम हो सकता है। हालांकि, इसका दूसरा असर यह होता है कि सेविंग्स अकाउंट और फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज भी घट सकता है। दिसंबर में ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी। जून में आरबीआई ने रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई थी। इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी 25-25 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई थी। इसके पहले लगातार 11 बैठकों तक रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ दिल्ली में विपक्ष का प्रदर्शन




**नई दिल्ली**। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को भारतीय किसानों और छोटे व्यापारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में शुक्रवार को संसद भवन परिसर में विपक्ष के सांसदों ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन के दौरान खरगे ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के किसानों और व्यापारियों पर सीधा हमला है। यह समझौता पूरी तरह से अमेरिका की शर्तों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह समझौते के तहत भारतीय कृषि क्षेत्र को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोला जाएगा, जो हमारे किसानों को आर्थिक रूप से तबाह कर देगा। विपक्ष ने सरकार पर संसद में आवाज दबाने का भी आरोप लगाया। विपक्ष ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को देशहित के मुद्दों पर बोलने नहीं दिया जा रहा है, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र का अपमान है। विपक्षी सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान राहलु गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित विपक्ष के सांसद भी मौजूद रहे।

### छात्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक 'परीक्षा पे चर्चा' : धर्मेंद्र प्रधान



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल 'परीक्षा पे चर्चा' देश के करोड़ों विद्यार्थियों को नई दिशा दिखा रही है। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए छोटे-छोटे सुझाव और सरल उदाहरण छात्रों के मन से परीक्षा का भय दूर कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक सशक्त मार्गदर्शक के रूप में उभरा है। यह बातें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कही। केंद्रीय मंत्री प्रधान शुक्रवार को यहां के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा–2026' की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सहयोगी सांसदों, मंत्रियों और बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मास्टरक्लास को देखा और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण में दिए गए उपयोगी सुझावों के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए प्रधान ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के बौद्धिक और समग्र विकास पर केंद्रित है। यह विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें भयमुक्त वातावरण में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

# सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का हलफनामा




एजेंसी। नई दिल्ली

इलेक्शन कमीशन (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर विस्तृत हलफनामा दाखिल किया। आयोग ने कोर्ट को बताया कि राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान लगातार राजनीतिक दखल देखने को मिला, जिससे चुनाव अधिकारियों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। हलफनामे में ईसी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई, लेकिन पश्चिम बंगाल की स्थिति इससे बिल्कुल अलग रही। आयोग के अनुसार, राज्य में चुनाव अधिकारियों के खिलाफ हिंसा, धमकियों और दबाव की घटनाएं सामने आईं। ऐसे हालात बनाए गए कि बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) और अन्य चुनाव कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो गए। ईसी ने आरोप लगाया कि बीएलओ द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर स्थानीय पुलिस ने अक्सर एफआईआर दर्ज करने से परहेज किया। कई मामलों में जिला चुनाव अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही प्राथमिकी दर्ज हो सकी। आयोग ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने जानबूझकर चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया, जिससे पूरी प्रक्रिया बाधित हुई। हलफनामे में 24 नवंबर 2025 की एक गंभीर घटना का भी जिक्र किया गया। चुनाव आयोग के मुताबिक, उस दिन कोलकाता स्थित चीफ इलेक्शन ऑफिसर के कार्यालय में प्रदर्शनकारियों ने जबरन घुसने की कोशिश की, पुलिस बैरिकेड तोड़े, दफ्तर में तोड़फोड़ की और अधिकारियों की आवाजाही रोक दी। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। चुनाव आयोग ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा खतरे का आकलन किए जाने के बाद पश्चिम बंगाल के चीफ इलेक्शन ऑफिसर को वाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। आयोग के अनुसार, वह देश के ऐसे एकमात्र चुनाव अधिकारी थे जिन्हें इस स्तर की सुरक्षा दी गई। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि तमाम चुनौतियों और दबावों के बावजूद सभी बीएलओ ने अपने दायित्व निभाए। आयोग के अनुसार, 7.08 करोड़ से अधिक काउंटिंग फॉर्म जमा किए गए, जो कुल का 92.40 प्रतिशत है।

## कोयला खदान में विस्फोट से अब तक 18 की मौत, कई मलबे में दबे, बचाव कार्य जारी

एजेंसी। शिलांग

मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को कोयला खदान में विस्फोट ने पूरे देश को हिला दिया। अवैध रूप से संचालित इस खदान में अचानक हुए धमाके के बाद चीख-पुकार मच गई। मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूर अंदर ही फंस गए। राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंची। भारी मशक्कत के बाद 18 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं, कई लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस दर्दनाक हादसे ने खदानों में सुरक्षा व्यवस्था और अवैध खनन के मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है। हादसे की खबर मिलते ही राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों सक्रिय हो गईं। पीएम मोदी ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया। वहीं मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




रिपोर्ट के मुताबिक शुरआती जांच में सामने आया है कि यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक विस्फोट खदान के अंदर हुआ, जिससे मजदूरों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। प्रशासन ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, खान और खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और विशेष टीमों को लगाया गया है। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी दुख जताया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी घटना की जांच और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## जानी-मानी एक्ट्रेस अंजू कृष्णा ड्रग्स मामले में गिरफ्तार, नशीले पदार्थ बरामद

**मुंबई**। तमिल फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस अंजू कृष्णा को ड्रग्स रखने और सप्लाई करने के आरोप में एंटी-नारकोटिक्स इंटेलिजेंस यूनिट ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में अंजू कृष्णा के साथ असिस्टेंट डायरेक्टर विंसी निवेथा समेत कुल आठ लोग हिरासत में हैं। गिरफ्तारी की खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर यह मामला वायरल हो गया। पुलिस ने जांच की शुरुआत साउथ टीम के इंस्पेक्टर जॉनी चेल्लाप्पा द्वारा की। पहले नेसापक्कम निवासी विग्नेशवरन को हिरासत में लिया गया, जिन्होंने पूछताछ में पोरूर के कोवूर इलाके में रहने वाले वेंकटेश कुमार का नाम उजागर किया। इसके बाद पुलिस ने वेंकटेश को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। फर्जी ग्राहक के जरिए सौदा पक्का होते ही पुलिस ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान वेंकटेश की कार से ड्रग्स बरामद हुई, जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। जांच में अंजू कृष्णा और विंसी निवेथा समेत आठ आरोपियों की संलिप्तता सामने आई। तलाशी में पुलिस ने 6 ग्राम मेथम्फेटामाइन, 7 ग्राम ओजी गांजा, 15 ग्राम गांजा, एक स्मोकिंग बोंग, एक स्टाम्प और 9 मोबाइल फोन जब्त किए।

NATIONAL SC-ST HUB Safalta ki pehchaan | भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES | Celebrating 70 YEARS एन एस आई सी NSIC

अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को अवसर प्रदान करने हेतु
नेशनल एससी-एसटी हब योजना

अक्टूबर 2016 से
एससी-एसटी इकाईयों से सरकारी खरीद 38 गुना बढ़ी
1.5 लाख से अधिक एससी-एसटी उद्यमी लाभान्वित

मुख्य लाभ
- ₹25 लाख तक की सब्सिडी
- निःशुल्क क्षमता निर्माण प्रशिक्षण
- विक्रेता विकास एवं बाजार संपर्क सहायता
- प्रतिस्पर्धात्मकता संवर्धन सहयोग



"एम एस एम ई हमारे देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। हम इस क्षेत्र के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"
— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.scsthub.in
राष्ट्रीय एससी-एसटी हब फॉलो करने के लिए QR code स्कैन करें
CBC 25106/15/0001/2526

# भगवानपुर गांव में युवक की गला घोंटकर हत्या

## आक्रोशित ग्रामीणों ने नवादा–जमुई पथ जाम कर जताया विरोध

**निज संवाददाता। पकरीबरावां (नवादा)**

पकरीबरावां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में गुरुवार की रात एक युवक की गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही नवादा–जमुई मुख्य पथ को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे स्टेट हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मृतक की पहचान भगवानपुर गांव निवासी बिरजू यादव के 21 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अज्ञात अपराधियों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक व



आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया।

सड़क जाम की सूचना पर पकरीबरावां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने के लिए थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी तथा बीडीओ मृत्युंजय कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने घंटों मशक्कत कर लोगों को शांत कराया। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "अपराधी चाहे जो भी हों, वे पुलिस की नजर से बच नहीं सकते। पुलिस तकनीकी अनुसंधान में जुटी है और जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।" अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए, तब जाकर सड़क पर आवागमन बहाल हो सका।

बताया जाता है कि मृतक की बहन के फर्द बयान पर पकरीबरावां थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से मामले में कोई आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया था। इस संबंध में एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस गंभीरता से अनुसंधान कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## नालियों की सफाई का काम शुरू,हटाया गया अतिक्रमण, गोपानगर वासियों को जलजमाव से मिलेगी मुक्ति



अतिक्रमण को हटाते नगर पंचायत कर्मी

**निज संवाददाता। रजौली**

रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के बाईपास के समीप नालियों के अतिक्रमणकारियों को शुक्रवार की देर शाम को जेसीबी की मदद से हटाया गया है। यह कार्रवाई वार्ड संख्या 03 स्थित गोपालनगर मोहल्ले में नालियों के पानी से उत्पन्न जलजमाव को हटाने के उद्देश्य से किया गया है। दरअसल बीते कई सप्ताह से गोपालनगर के वासी मोहल्ले में गंदे पानी के जमाव से परेशान थे और नगर पंचायत प्रशासन से इसकी शिकायत भी की थी। शिकायत के बाद भी जब नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शिथिलता बरती जा रही थी,तो रोष में मोहल्लेवासी बंटी सिंह,आदित्य आर्य समेत दर्जनों लोगों द्वारा बीते गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय के द्वार पर धरना प्रदर्शन भी किया गया। इसी धरना प्रदर्शन के बाद नगर पंचायत प्रशासन एक्शन मोड में आई और नालियों के अतिक्रमण में जुटे लगभग आधा दर्जन दुकानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमणमुक्त किया गया।

नगर पंचायत कर्मी ने बताया कि गोपालनगर मोहल्ले में जलजमाव की समस्या को दूर करने को लेकर अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी किया गया था,किंतु दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसी दौरान नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नाली को अतिक्रमणमुक्त किया गया है। साथ ही बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम हेतु कार्य शुरू किया गया है। जल्द ही नगर पंचायत क्षेत्र में पानी निकास के लिए बृहद पैमाने पर कार्य शुरू किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में नही पहुंचे एसपी, थानाध्यक्ष ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**रजौली।** रजौली थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उस वक्त फरियादियों को निराशा हाथ लगी जब तय कार्यक्रम के बावजूद पुलिस अधीक्षक (एसपी) मौके पर नहीं पहुंचे। जमीन विवाद और अन्य पुलिसिया मामलों के निपटारे की उम्मीद में पहुंचे बनारसी देवी, रामदेव पासवान, मोहम्मद सलीमुद्दीन, रामस्वरूप पासवान, रीना देवी और अर्जुन प्रसाद जैसे दर्जनों ग्रामीण घंटों तक एसपी का इंतजार करते रहे।लगभग दो घंटे की लंबी प्रतीक्षा के बाद जब यह स्पष्ट हो गया कि एसपी किसी कारणवश नहीं पहुंच पा रहे हैं, तब थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने मोर्चा संभाला और शिविर में मौजूद लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। थानाध्यक्ष ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं की विधिवत जांच कर जल्द से जल्द उचित समाधान निकाला जाएगा, जिसके बाद ही घंटों से बैठे लोग शांत होकर वापस लौटे।

### शिविर में किसानों ने कराया फॉर्मर रजिस्ट्री

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड कृषि कार्यालय नारदीगंज द्वारा आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन शुक्रवार को भी विभिन्न पंचायतों में हुआ। यह कार्यक्रम प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सफल संचालन के दौरान पिछले पांच दिनों तक किया गया। यह शिविर दो फरवरी से शुरू हुआ। जो छह फरवरी तक आयोजित की गई। इस अवधि में 90 शिविर आयोजित हुई। इस पांच दिनों में लगभग 1000 किसानों की एफ.आर. आईडी (FR ID) सफलतापूर्वक बनाई गई है। हालांकि, इस प्रक्रिया के दौरान पंजीकरण में कई तकनीकी और दस्तावेजी बाधाएं भी देखी गईं। बीएओ विवेक कुमार गौरव ने कहा पंजीकरण के दौरान सबसे बड़ी समस्या किसानों के नाम में मिसमैच (दस्तावेजों और आधार में भिन्नता) और लैंड म्यूटेशन की कमी के कारण आ रही है। इसके अतिरिक्त, कई किसानों के पास अभी भी उनके पूर्वजों के नाम पर भूमि (पैतृक संपत्ति) है। जिसका वर्तमान विवरण अपडेट न होने के कारण आईडी बनाने में कठिनाई हो रही है। बीएओ ने सभी संबंधित किसानों से अनुरोध किया है कि जिनकी अपनी निजी भूमि है या जिनके भूमि संबंधी दस्तावेजों में त्रुटि है, वे जल्द से राजस्व विभाग में संपर्क करें। ताकि इन विसंगतियों को दूर कर शत-प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर प्रखंड बंदोबस्त पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, तकनीकी सहायक,किसान सलाहकार, अमीन समेत अन्य कर्मी के माध्यम से हुआ।

### तिलौथू में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो शराब तस्कर गिरफ्तार, 40 लीटर अवैध शराब व दो बाइक जब्त



**तिलौथू, रोहतास।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज गांव में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 40 लीटर अवैध शराब तथा दो मोटरसाइकिल भी बरामद की है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी शुभम कुमार के निर्देशन में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तिलौथू थाना को सूचना मिली थी कि महाराजगंज गांव के आसपास अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर सब-इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। जैसे ही तस्करों ने पुलिस को देखा, वे मौके से फरार होने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर दोनों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मदारीपुर गांव निवासी आशीष कुमार और तिलौथू उत्तर पट्टी गांव निवासी आदित्य कुमार के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जिसे परिवहन के लिए मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया जा रहा था। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब कहां से लाई जा रही थी और इसकी सप्लाई किन-किन स्थानों पर की जा रही थी। अवैध शराब के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री या तस्करी की सूचना मिले, तो तुरंत स्थानीय थाने को जानकारी दें। थाना प्रभारी ने कहा कि जिले में शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इस तरह के अपराधों पर किसी भी सूरत में सख्त कार्रवाई की जाएगी। तिलौथू थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है, वहीं शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### पूर्व सैनिक और पत्नी की रोड एक्सीडेंट में मौत,पटना मरीन ड्राइव पर अज्ञात गाड़ी ने मारी टक्कर

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत बाजितपुर भिंड गांव के पूर्व सैनिक बालेश्वर पंडित (60) और उनकी पत्नी सुनीता देवी (53) की पटना के मरीन ड्राइव पर सड़क हादसे में मौत हो गई। एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक के बड़े पुत्र रवि कुमार ने बताया कि उनके माता-पिता गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे अपनी बाइक से पटना के लिए निकले थे। सुनीता देवी का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जिसके लिए वे जा रहे थे। सुबह करीब 9:00 बजे पटना के मरीन ड्राइव के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सुनीता देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बालेश्वर पंडित को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी भी मौत हो गई। परिजनों को इस हादसे की सूचना एसटीएफ के एक जवान ने दी, जो खगड़िया से आ रहे थे और उन्होंने ही इस घटना को देखा था।

बालेश्वर पंडित 2008 में सेना से सेवानिवृत्त हुए थे और बाजितपुर भिंड गांव के वार्ड नंबर 13 के निवासी थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी सहित तीन विवाहित संतान हैं। शुक्रवार सुबह जब दोनों शव घर लाए गए, तो पूरे परिवार और इलाके में मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि दोनों का अंतिम संस्कार घर के पास गंगा तट पर किया जाएगा। पटना के स्थानीय थाने को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### फाइलेरिया उन्मूलन महाभियान को लेकर डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**मोतिहारी।** जिले में सर्जन दवा सेवन कार्यक्रम (MDA) को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से 6 फरवरी 2026 को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में DPM, ICDS, DPRO, JEEViKA, पिरामल, WHO सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में निर्देश दिया कि 11 फरवरी 2026 को आयोजित मेगा कैंप के माध्यम से लगभग 30 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाए तथा इसके बाद 10 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलने वाले एमडीए अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जाए।डीएम ने ICDS विभाग को आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर जागरूकता फैलाने एवं दवा सेवन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर मुखिया, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अभियान को जन आंदोलन का रूप देने को कहा गया।

## पानी निकासी विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट में दो लोग घायल

**निज संवाददाता। नोखा, रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत दोन टोला में पानी निकासी को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को हिंसक रूप में बदल गया। आपसी मारपीट की इस घटना में दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोन टोला और जालिम टोला के बीच नाले की पानी निकासी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे हाथापाई और मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट के दौरान जालिम टोला निवासी मुकेश सिंह को गंभीर चोटें आईं, जबकि दूसरी ओर से रूबी देवी भी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मुकेश सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया, वहीं रूबी देवी का उपचार



सीएचसी नोखा में किया गया। घटना के बाद दोनों पक्ष नोखा थाना पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया। एक पक्ष की ओर से मुकेश सिंह ने शिकायत दर्ज कराई, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से सावित्री देवी ने आवेदन देकर मारपीट का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आवश्यक धाराओं में केस दर्ज करते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम घटनास्थल और विवाद के कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, हालांकि पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घेराबंदी कर दो शराब धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चार बाइक के साथ लगभग 500 लीटर शराब जप्त

**निज संवाददाता। रजौली**

बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए उत्पाद विभाग की टीम लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में रजौली अनुमंडल के थाली थाना अंतर्गत दनियार गांव में शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे दिन में विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में टीम ने न केवल दो सक्रिय शराब धंधेबाजों को दबोचा, बल्कि भारी मात्रा में देसी महुआ शराब और तस्करी में प्रयुक्त चार मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं।

लोगों की मानें तो पूरी कार्रवाई फिल्मी स्टाइल में की गई है, उत्पाद पुलिस की घेराबंदी देख कर धंधेबाज बाइकों को शराब समेत खेतों व सड़कों पर गिराने के साथ अपने जान जोखिम में डाल कर बाइकसवार तेज रफ्तार में भागने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि उनके इस कोशिश को नाकाम करने के लिए उत्पाद एसआई व उनके टीम के लोग दौड़ लगा पीछा करते हुए दिखाई दिए और उन्हें सफलता भी मिली।

**सटीक सूचना पर एसआई प्रवीण कुमार की सफल घेराबंदी:** यह पूरी कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के दिशा-निर्देश पर समेकित जांच चौकी पर तैनात एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अंजाम दी गई। विभाग को सूचना मिली थी कि अकबरपुर थाना क्षेत्र के जयपुर और लक्ष्मणपुर के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप ले जाई जाने वाली है। संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बावजूद एसआई प्रवीण कुमार ने तत्परता दिखाते हुए टीम के साथ दनियार गांव की घेराबंदी की। जैसे ही तस्करों का जत्था वहां पहुंचा,उत्पाद पुलिस ने उन्हें घेर लिया। हालांकि तस्करों की संख्या अधिक थी, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे।

**जब्त सामग्री और गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान:** मौके से पुलिस ने लगभग 500 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद की है। पकड़े गए धंधेबाजों की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी दीपक कुमार पिता कैलाश ठाकुर और मंटू कुमार पिता रामाशीष शर्मा के रूप में हुई है। तस्करों के पास से कुल चार बाइकें जब्त की गई हैं, जिनका उपयोग शराब की ढुलाई के लिए किया जा रहा था।स्थानीय ग्रामीणों ने एसआई की इस साहसिक कार्रवाई और कुशलता की जमकर प्रशंसा की है।

**रेकी और तस्करी का शातिर नेटवर्क:** घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में दनियार गांव के सनील कुमार और बिपिन सिंह ने शराब तस्करों के काम करने के तरीके का खुलासा करते हुए बताया कि शराब की ढुलाई का खेल रात के सन्नाटे में, लगभग 2:00 बजे शुरू होता है। धंधेबाज अत्यंत संगठित तरीके से काम करते हैं,मुख्य खेप निकलने से पहले दो बाइक सवार सहयोगी आगे जाकर रास्तों की 'रेकी' करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि रास्ते में पुलिस तैनात नहीं है। रेकी करने वालों से 'क्लियर सिग्नल' मिलने के बाद ही शराब से लदी बाइकें अपने गंतव्य की ओर बढ़ती हैं।

**स्थानीय पुलिस की सक्रियता पर उठते सवाल:** इस कार्रवाई से दनियार गांव के लोगों ने राहत तो महसूस की है, लेकिन उनके मन में शराब के पूरी तरह खात्मे को लेकर अब भी संशय बरकरार है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि उत्पाद विभाग की 'उड़नदस्ता टीम' तो कभी-कभी आती है,लेकिन अगर स्थानीय निकटवर्ती थानों में थाली, अकबरपुर और गोविंदपुर के पुलिस नियमित रूप से सक्रिय रहें और ईमानदारी से छापेमारी करें, तभी इस अवैध कारोबार की कमर तोड़ी जा सकती है। लोगों का मानना है कि निर्माण और परिवहन के मुख्य मार्गों पर कड़ी निगरानी से ही इस धंधे पर पूरी तरह लगाम लग पाएगी।

## बच्चों के शैक्षणिक भविष्य को नया आयाम दे रहा ज्ञानदीप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल : सैनी

**निज संवाददाता। वारिसलीगंज**

नगर परिषद क्षेत्र के शहीद चंदन सिंह चौक स्थित ज्ञानदीप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की नई शाखा, बासोचक मकनपुर मार्ग पर नवनिर्मित भवन में गृह प्रवेश सह स्थापना दिवस समारोह भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर शिक्षा, संस्कार एवं सांस्कृतिक विविधता के रंगों से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने नृत्य, संगीत, एकल नृत्य, एकल गायन, समूह गायन एवं लघु नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया।

विशेष आकर्षण के रूप में गणेश वंदना, राधा तेरी चुनरी, प्रेम रत्न धन पायो तथा छला ग्रुप डांस की प्रस्तुतियों ने सभागार में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की भाव-भंगिमा, आकर्षक वेशभूषा और मंचीय आत्मविश्वास ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कला एवं संस्कृति को भी समान महत्व देता है।





समारोह के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी तथा सेवा निवृत्त प्राचार्य गोविंद जी तिवारी एवं निदेशक मधु राज आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री सैनी ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का मूल मंत्र बनाकर लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक मधुराज एवं प्राचार्य दिनेश प्रसाद ने अतिथियों का पारंपरिक अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि ज्ञानदीप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने कम समय में ही वारिसलीगंज क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। पिछले वर्ष विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्रों का सैनिक स्कूल एवं गुरुकुल में चयन होना इसकी बड़ी उपलब्धि है।निदेशक

ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों के योगदान की सराहना की तथा अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की रुचि और जिज्ञासा को पहचान कर उन्हें उचित सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर पुराने शाखा भवन के स्वामी कार्यनंद शर्मा को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास दोगुना हो गया।इस अवसर पर दर्जनों पत्रकारों को भी अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के स्थापना दिवस पर वारिसलीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार एवं कुटरी ग्रामीण सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें भेजी है।वहीं क्षेत्रीय लोक गायक पिंटू चौधरी एवं उनके सहयोगी गोपाल कुमार, विनोद कुमार और अनीश कुमार की देशभक्ति एवं लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इसके पूर्व नवनिर्मित भवन का गृह प्रवेश वैदिक विधि-विधान से श्री शिरोमणि जंगलिया बाबा के कर कमलों द्वारा संपन्न कराया गया। मौके पर ज्ञानोदय विद्यालय के निदेशक प्रिंस राज, उद्घोषक संजीव कुमार, अरुण कुमार सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सात निश्चय-3 के तहत नोखा व राजपुर में जनता दरबार, अधिकारियों ने सुनी आमजन की समस्याएं

**निज संवाददाता। नोखा, रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार को सात निश्चय-3 योजना के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी शेफाली की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। जनता दरबार में प्रस्तुत आवेदनों में प्रमुख रूप से कबीर अंत्येष्टि सहायता, सड़क व रास्ता निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों की शिकायतें सामने आईं। कार्यक्रम अपराह्न एक बजे के बाद तक चला, जहां अधिकारी एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनते रहे। बीडीओ शेफाली ने सभी आवेदनों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के कर्मियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से हो, ताकि जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। इसी क्रम में नोखा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी जनता



दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन किया, जबकि शेष मामलों में शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। वहीं, राजपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार में बीडीओ रवि राज एवं अंचल अधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और आम नागरिकों को प्रशासन से सीधे जोड़ना और उनकी समस्याओं का समाधान उनके नजदीक ही सुनिश्चित करना है। प्रशासन की इस पहल से लोगों में संतोष देखा गया और ग्रामीणों ने इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।

## जनसुनवाई के माध्यम से हुआ शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन

**निज संवाददाता। नवादा**

बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया।



इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 63 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्त्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना–मुफस्सिल, पंचायत–खरांट, ग्राम–जक्कीचक के नन्दु चौधरी द्वारा जमीन बटवारा से संबंधित विवाद निष्पादन के संबंध में; प्रखंड–नारदीगंज, थाना–हसुआ, ग्राम–बस्ती विगहा के मनोज कुमार द्वारा म्यूटेशन के संबंध में; थाना–गोविंदपुर, पंचायत–डुमरी, ग्राम–शेखरपुर के भिखारी यादव द्वारा जमीन विवाद के संबंध में; प्रखंड–वारिसलीगंज, मेन रोड, उत्तर बाजार के अभय कुमार द्वारा जमीन खाली नहीं किए जाने के संबंध में; थाना–हिसुआ, साकिन–मनवां के धीरज कुमार द्वारा पीलर गाड़ने के संबंध में; प्रखंड–अकबरपुर, पंचायत–फतेहपुर, ग्राम–डीही की पार्वती देवी उर्फ सुनैना देवी द्वारा अवैध रूप से जमाबंदी हटाने के संबंध में; थाना–रोह, ग्राम–महरावां के रामस्वरूप पंडित द्वारा डिमांड उनके नाम से करने के संबंध में आवेदन सहित अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

अपर समाहर्त्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में रजौली एवं नवादा सदर अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय रेलवे होली के अवसर पर यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें करेगा संचालित

**पटना।** भारतीय रेलवे ने आगामी होली त्योहार के दौरान यात्रियों के लिए आरामदायक और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अपने नेटवर्क पर 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है। यह संख्या बढ़कर 1,500 तक हो सकती है। इन विशेष सेवाओं का उद्देश्य त्योहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करना और प्रमुख गंतव्यों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। ये विशेष ट्रेनें मार्च के महीने में संचालित होने वाली हैं। पिछले वर्ष, 2025 में होली के लिए कुल 1,144 विशेष ट्रेनों के ट्रिप का संचालन किया गया था। विभिन्न जोन के आधार पर, पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) सर्वाधिक 285 विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। इसके बाद पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) द्वारा पश्चिमी मार्गों पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए 231 ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई है। मध्य रेलवे (सीआर) द्वारा 209 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी, जबकि दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) कुल 160 सेवाओं का संचालन करेगा। इसके अतिरिक्त, उत्तर रेलवे (एनआर) द्वारा 108 और उत्तर पश्चिम रेलवे (एनडब्ल्यूआर) द्वारा 71 होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की योजना तैयार की गई है। कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत करते हुए, उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) द्वारा 66 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। वहीं, पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) और पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) दोनों ही 62-62 ट्रेनें चलाएंगे। दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) द्वारा 47 ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जबकि पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) ने 43 सेवाओं की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, दक्षिण रेलवे (एसआर) द्वारा 39 होली स्पेशल ट्रेनें और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) द्वारा 15 सेवाएं संचालित की जाएंगी। क्षेत्रीय मांग को पूरा करने के लिए कोंकण रेलवे (केआर) द्वारा 9 और पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) द्वारा 2 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। भारतीय रेलवे प्रमुख त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और कुशल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### यात्रियों को राहतः कुसुम्भा हाल्ट और अनारा स्टेशन पर ट्रेनों को मिला प्रायोगिक ठहराव

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने दो महत्वपूर्ण ट्रेनों को नए स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया है। इससे स्थानीय यात्रियों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। दानापुर मंडल के अंतर्गत कुसुम्भा हाल्ट पर गाड़ी संख्या 63389/63390 पटना–नवादा–पटना मेमू को 7 फरवरी 2026 से प्रायोगिक तौर पर ठहराव दिया जाएगा। इसके तहत गाड़ी संख्या 63390 नवादा–पटना मेमू सुबह 5 बजकर 47 मिनट पर कुसुम्भा हाल्ट पहुंचेगी और एक मिनट ठहराव के बाद 5 बजकर 48 मिनट पर आगे के लिए रवाना होगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 63389 पटना–नवादा मेमू शाम 7 बजकर 51 मिनट पर कुसुम्भा हाल्ट पहुंचेगी और 7 बजकर 52 मिनट पर प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के अनारा स्टेशन पर भी एक महत्वपूर्ण ट्रेन को ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 18183/18184 टाटा–बक्सर–टाटा एक्सप्रेस को 10 फरवरी 2026 से अनारा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव मिलेगा। इसके अनुसार गाड़ी संख्या 18183 टाटा–बक्सर एक्सप्रेस सुबह 10 बजकर 9 मिनट पर अनारा स्टेशन पहुंचेगी और 10 बजकर 10 मिनट पर आगे के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 18184 बक्सर–टाटा एक्सप्रेस दोपहर 2 बजकर 37 मिनट पर अनारा स्टेशन पहुंचेगी और 2 बजकर 38 मिनट पर आगे रवाना होगी।

### डांक बंगला का कार्यक्षेत्र जिला परिषद के अधीन जांच के बाद आया फ़ैसला

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नगर के बीच में स्थित डांकबंगला जिला परिषद का कार्यक्षेत्र होगा। इस संबंध में मसौढ़ी अंचलाधिकारी ने जांच के बाद एक पत्र जारी किया है। पत्र में जिला परिषद के अपर कार्यपालक पदाधिकारी को मसौढ़ी निरीक्षण भवन डाक बगला को जिला परिषद के स्वामित्व में बताया गया है। बता दे कि मसौढ़ी में यह चर्चा का विषय बन गया था जब जिला परिषद और नगर परिषद डांक बगला के कार्यक्षेत्र को अपना बता कर आमने सामने थे। मामला अधिकारियों तक पहुंचने के बाद जांच हुई। जहां डीडीसी पटना मसौढ़ी पहुंचे थे। दोनों पक्ष को अपने संचिका के साथ पटना कार्यालय बुलाया गया था। जांच के बाद जारी पत्र से स्पष्ट हो गया कि डांकबंगला का कार्यक्षेत्र जिला परिषद के अधीन है।

# फुलवारी शरीफ में युवक की गोली मारकर हत्या, बाइक सवार अपराधी फरार

**निज संवाददाता। पटना**



पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास विहार कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी मोहन यादव का पुत्र बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुनील कुमार कॉलोनी में मौजूद थे, इसी दौरान बाइक पर सवार होकर पहुंचे अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगते ही सुनील जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से गोली के तीन खाली खोखे बरामद किए गए हैं, जिससे स्पष्ट है कि हत्या पूरी तैयारी के साथ की गई थी। फुलवारी शरीफ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि मृतक सुनील कुमार के खिलाफ नौबतपुर सहित पटना के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस तथ्य को भी पुलिस जांच का हिस्सा बना रही है। वहीं, सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी को हत्या का कारण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृतक मूल रूप से नौबतपुर क्षेत्र का रहने वाला था और उसके आपराधिक पृष्ठभूमि की भी जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल

> ♦ फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे

और फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया है। टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और लोग इलाके में बढ़ते अपराध को लेकर चिंता जता रहे हैं।

## आर.पी.एस. रेसिडेंशियल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित



**निज संवाददाता। पटना**

स्थानीय आर.पी.एस. रेसिडेंशियल स्कूल के सभागार में गुरुवार, 6 फरवरी 2026 को कक्षा 12वीं के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का वातावरण भावनाओं से भरा हुआ था, जहां एक ओर विद्यार्थियों के चेहरों पर विद्यालय से विदा लेने की उदासी झलक रही थी, वहीं दूसरी ओर उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर उत्साह और सपनों की चमक भी दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, उपप्राचार्या उषा सिन्हा सहित सभी वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में प्राप्त शिक्षा, अनुशासन और संस्कार विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह के साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां सभी ने विद्यार्थियों के सफल और सुनहरे भविष्य की कामना की।

# नेत्रहीन टी-20 महिला विश्व कप विजेता अनु कुमारी को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**23.43 लाख की प्रोत्साहन राशि, 'संकल्प' सभागार में हुआ सम्मान समारोह**

**निज संवाददाता। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना स्थित 'संकल्प' सभागार में नेत्रहीन टी-20 महिला विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी अनु कुमारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनु कुमारी को 23 लाख 43 हजार 750 रुपये का चेक और सम्मान चिन्ह प्रदान किया। अनु कुमारी उस भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं, जिसने नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अनु कुमारी जैसी खिलाड़ी राज्य और देश के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिहार और भारत का नाम रोशन करती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जा रहा है। आधुनिक स्टेडियम, प्रशिक्षण केंद्र और आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन राशि, प्रशिक्षण और संसाधनों से जुड़ी कई योजनाएं लागू की गई हैं। सम्मान मिलने के बाद अनु कुमारी ने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का आत्मविश्वास मिलता है। उन्होंने कहा कि बिहार में खेल का माहौल तेजी से बेहतर हो रहा है, जिससे आने वाले समय में राज्य से और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरेंगे। अनु कुमारी बक्सर जिले की रहने वाली हैं और एक साधारण परिवार से आती हैं। बचपन से ही क्रिकेट में रुचि रखने वाली अनु ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर भारतीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाई। महिला टी-20 विश्व कप 2025 में उनकी प्रभावशाली गेंदबाजी ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंत्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और खेल जगत से जुड़े कई लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और राज्य का नाम देश-दुनिया में रोशन कर रही हैं।

# अर्धनिर्मित चारदीवारी के भीतर संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव



मृतक का फाइल फोटो

**हत्या को लेकर परिजनों के दो पक्षों में भिड़ंत**



**निज संवाददाता। मसौढ़ी**

मसौढ़ी थाना क्षेत्र के न्यू माणिचक इलाके में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अर्धनिर्मित चारदीवारी के भीतर संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान माणिचक निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शव एक खाली पड़े भूखंड की चारदीवारी के अंदर पड़ा हुआ था। शुरुआती तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि युवक की मौत किसी हादसे में गिरने से हुई है या फिर उसकी हत्या की गई है। इसी को लेकर घटनास्थल पर मौजूद लोगों में तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती रहीं।

सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और ससुराल पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस जब शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी, उसी दौरान मृतक के परिजनों के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहासुनी और धक्का-मुक्की पर उतर आए। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया गया। मसौढ़ी थाना के प्रभारी विवेक भारती ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत हादसे में हुई है या फिर इसके पीछे किसी साजिश का हाथ है। इधर, शव मिलने की सूचना पर आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग भी यही सवाल उठा रहे हैं कि आखिर युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

## बजट सत्र के बीच नीतीश कैबिनेट की बैठक, 17 प्रस्तावों पर लगी मुहर, सड़क हादसे में मुआवजा राशि दोगुनी

**निज संवाददाता। पटना**



पटना में बिहार विधानमंडल का बजट सत्र चल रहा है। इसी बीच राज्य सरकार की ओर से बुधवार को एक अहम कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 17 एजेंडों पर सहमति बनी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह कैबिनेट बैठक शाम पांच बजे पटना के 4, देशरत्न मार्ग स्थित संवाद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए गए, जिनका सीधा असर आम लोगों और प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ेगा। कैबिनेट बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मिलने वाली सहायता राशि को दोगुना करने का निर्णय लिया गया है।

सरकार के इस फैसले से सड़क हादसों में घायल या मृत लोगों के परिजनों को पहले की तुलना में अधिक आर्थिक सहायता मिल सकेगी। इसके अलावा जिलों में आयोजित होने वाली बैठकों में सांसद और विधायक के प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने का भी निर्णय लिया गया है, जिससे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्थानीय समस्याएं और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंच सकें। नगर परिषदों में स्थायी सशक्त समिति से जुड़े प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। गौरतलब है कि इससे पहले आठ दिन पूर्व हुई नीतीश कैबिनेट की बैठक में 32 एजेंडों पर निर्णय लिया गया था। उस बैठक में महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को दो-दो लाख रुपये की सहायता देने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला हुआ था। योजना के तहत चयनित महिलाओं के खातों में यह राशि दो किस्तों में भेजी जाएगी। पूर्व की बैठक में सरकार ने 27 लाख छात्रों की छात्रवृत्ति राशि को दोगुना करने का भी निर्णय लिया था।

इसके साथ ही पुलिस विभाग में 17 हजार सेवानिवृत्त जवानों की भर्ती को मंजूरी दी गई थी और एसएपी जवानों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई थी। बजट सत्र के बीच हुई इस कैबिनेट बैठक को राज्य सरकार के कई अहम और दूरगामी फैसलों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मगध महिला कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान

**निज संवाददाता। पटना**





स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 के संबंध में पटना के लोगों के बीच जागृति फैलाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक दल द्वारा पटना के मगध महिला कॉलेज में संस्कृत अभियान चलाया गया जिसके मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.नागेंद्र प्रसाद वर्मा रहे। मेयर सीता साहू, प्राचार्य नागेंद्र प्रसाद वर्मा, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, मधु गुप्ता, डॉ. ज्योति दूबे, राजेश केशरी, डॉ. आशा ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्मा ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वच्छ वातावरण के बिना स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन की परिकल्पना करना बेकार है। फुल होने कहा कि शहर की स्वच्छता नगर निगम की जिम्मेदारी तो हैं शहर में रहने वाले हर लोगों की जिम्मेदारी भी है। सब मिलकर स्वच्छता के लिए काम करेंगे तो शहर स्वच्छ होगा। पटना की महापौर सीता साहू ने कहां की नगर निगम द्वारा पटना को स्वच्छ रखने के लिए 24 घंटे काम किया जाता है और इससे जुड़े हुए हजारों स्वच्छता कमी और स्वच्छंगिनी स्वच्छता के लिए संकल्पित भाव से काम करते हैं। नागरिकों के पूर्ण सहयोग से स्वच्छता के उच्च मानकों को हासिल किया जा सकता है। लोक गायिका और पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने लोकगीतों और स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझाया। नीतू नवगीत ने कहा कि शहर की स्वच्छता का महत्व तो बहुत बड़ा है! जब हम शहर को साफ रखते हैं, तो हम न केवल अपने आसपास के वातावरण को सुंदर बनाते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य की भी रक्षा करते हैं। साफ शहर में बीमारियों का खतरा कम होता है, और लोग खुश और तनावमुक्त रहते हैं। इसके अलावा, स्वच्छता से शहर की छवि भी अच्छी होती है, जिससे पर्यटन और व्यवसाय को बढ़ावा मिलता है। पटना के सभी लोगों से उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में भाग लेने की अपील की और सर्वेक्षण में भाग लेने की प्रक्रियाओं से सबको अवगत कराया। सम्मानित अतिथियों के उदबोधन के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। मंगल के दाता रउवा बिगड़ी बनाईं जी, गौरी के ललना हमरा अंगना में आई जी। घर घर अलख जगायेंगे स्वच्छ पटना बनेगा जैसे स्वच्छता गीतों को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्मा एवं पटना शहर की मेयर श्रीमती सीता साहू ने भी मुक्त कंठ से सभी छात्राओं के स्वर से स्वर मिलाते हुए गाया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं के अनुरोध पर फगुआ गायन भी डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने भी किया। सभी बच्चियाँ फगुनाहट की धुन पर झूमती नजर आ रहीं थीं। नीतू नवगीत ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाए। रंग उड़ेला गुलाल ए पिया कहिया ले अईबा, गौरा करिके श्रृंगार अंगना में पीसेली हरदिया, पटना बा हमार चलु भैया इनका चमकावे जैसे गीतों को सभी छात्राओं ने बेहद पसंद किया। वादक कलाकारों ने भी नीतू नवगीत का ज़ोरदार संगत किया। राजेश केशरी ने भी एक से बढ़कर एक स्वच्छता गीत गाए। कैसियो पर संजय कुमार मिश्रा, नाल पर धनंजय, बैंजो पर अशोक कुमार, पैड पर प्रिंस ने नीतू नवगीत का संगत किया।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.** 187, 188, 189 **एवं 190, दिनांक 04.02.2026 (पी.वे कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.:187-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता- I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के तहत तीनपहाड़-राजमहल खंड में एलएचएस संख्या 48 और 50 पर ड्रेन, संप, पंप हाउस के प्रावधान, जल निकासी प्रणाली में सुधार, विभिन्न ग्राउटिंग को अंदर डालने और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,97,99,583.95, **क्रम सं. 2, निविदा सं.:188-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता- I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के तहत आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में एलएचएस संख्या 1, 22 और 42 पर संप, जल निकासी प्रणाली के प्रावधान, विभिन्न ग्राउटिंग को अंदर डालने और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 6,37,15,405.50, **क्रम सं. 3, निविदा सं.:189-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता- I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/मालदा के तहत मालदा-न्यू फरक्का खंड में एलएचएस संख्या 43ए, 41ए,40ए, 39ए, 21ए, 6ए पर कवर शेड, संप के प्रावधान, पंपिंग व्यवस्था, जल निकासी प्रणाली में सुधार, विभिन्न ग्राउटिंग को अंदर डालने और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 8,23,34,278.22, **क्रम सं. 4, निविदा सं.:190-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता- I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के तहत आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में एलएचएस संख्या 294ए, 304ए, 372ए, 372बी, 377बी, 307ए, 369ए पर कवर शेड, संप के प्रावधान, पंपिंग व्यवस्था, जल निकासी प्रणाली में सुधार, विभिन्न ग्राउटिंग को अंदर डालने और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 8,69,25,201.73, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 25.02.2026 को 15.30 बजे। (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ एमएलडीटी** (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें।

MLD-316/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस इलाज, बजट सत्र में सरकार का बड़ा ऐलान

**निज संवाददाता। पटना**



पटना। पटना में चल रहे बिहार विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए बड़ी स्वास्थ्य सुविधा की घोषणा की। सदन में प्रश्नकाल के दौरान सरकार ने स्पष्ट किया कि अब विधायकों, विधान पार्षदों और सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य उपचार की सुविधा दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के करीब 10 लाख कर्मचारी और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे।

यह घोषणा आरा के बड़हरवा से भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप के सवाल के जवाब में की गई। उन्होंने सदन में सरकारी कर्मचारियों के लिए रीइंबर्समेंट व्यवस्था की जगह कैशलेस इलाज की मांग उठाई थी। इस पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार जल्द ही कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा लागू करेगी और इसके लिए एक सप्ताह के भीतर बैठक कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बजट चर्चा के दौरान सरकार ने यह भी ऐलान किया कि राज्य में अब मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर बनाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बेतिया और मधेपुरा जैसे स्थानों पर मेडिकल कॉलेज बनने के बावजूद डॉक्टरों की तैनाती नहीं हो पा रही है। इसी को देखते हुए निजी सहभागिता के माध्यम से मेडिकल कॉलेज निर्माण की नीति तैयार की जा रही है, जिससे संसाधनों और मानव बल की समस्या का समाधान हो सके। सरकार ने यह भी संकेत दिया कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नई नीति बनाई जा रही है। इसके तहत सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर नियंत्रण लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकें। इसी दौरान विधानसभा परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब भवन की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई विधायक या अधिकारी घायल नहीं हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने इस मामले को उठाते हुए भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विधानसभा भवन का नवीनीकरण किया गया था, जिस पर लाखों रुपये खर्च हुए थे। इसके बावजूद छत का हिस्सा गिरने की घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर लगातार बहस जारी है। सरकार की ओर से की गई घोषणाओं को आम जनता और कर्मचारियों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है।

## बिहटा में विद्युत विभाग का जनता दरबार चार मामलों का मौके पर निष्पादन

**निज संवाददाता। बिहटा**



बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को बिहटा सहायक विद्युत अभियंता कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में सहायक विद्युत अभियंता नरेश प्रसाद ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और त्वरित कार्रवाई करते हुए चार मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। यह जनता दरबार उपभोक्ताओं की सुविधा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को नियमित रूप से जनता दरबार लगाने का प्रावधान है, ताकि उपभोक्ताओं को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सहायक अभियंता नरेश प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से चार मामलों का तुरंत समाधान कर दिया गया, जबकि एक मामला प्रक्रियाधीन है। उन्होंने जानकारी दी कि जनता दरबार सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक तथा शुक्रवार को शाम 3:00 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में आने वाली अधिकांश शिकायतें बिजली बिल में सुधार, श्रेणी परिवर्तन (कैटेगरी चेंज), मीटर बदलने और बिजली कनेक्शन के पुनः बहाल करने से संबंधित होती हैं, जिनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। जनता दरबार में पहुंचे बिहटा श्रीरामपुर निवासी उपभोक्ता धनंजय कुमार ने कहा कि इस पहल से आम लोगों को काफी राहत मिल रही है और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### चौकीदार नशे की हालत में गिरफ्तार

**काराकाट/रोहतास**। काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा गांव निवासी चौकीदार उमेश यादव पिता स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह यादव को नशे की हालत में उत्पाद विभाग ने रंगे हाथों पड़कर जेल भेज दिया है। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि काराकाट थाने में कार्यरत चौकीदार उमेश यादव को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया तथा उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**बिक्रमगंज / रोहतास** । नारायणपुर ग्रिड में मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड से निकले 33 केवी दावथ फीडर 10 से 12,नटवार फीडर 12 से 14 व तरारी फीडर 14 से 16 बजे तक 7 फरवरी दिन शनिवार यानी आज बंद रहेगा । सहायक कार्यपालक अभियंता उपेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त अवधि में ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा । सहायक विद्युत अभियंता आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी कार्य निपटा लेंगे । मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है । इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी । बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े । इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके ।

### पूर्व कांड के एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजपुर /रोहतास** । राजपुर पुलिस ने पूर्व कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बरना निवासी मानिकचंद शाह के पुत्र धनंजय शाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध राजपुर थाना कांड संख्या 163/25 के आलोक में सुसंगत धारा 109 तहत मामला दर्ज था ।

### आर्म्स एक्ट के मामले में एक प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**राजपुर/ रोहतास** । पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । राजपुर थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि कांड संख्या 134/23 के आलोक में सुसंगत धारा 307 आईपीसी एंड आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त उमा सिंह पिता प्रभुनाथ सिंह ग्राम राजनडीह थाना राजपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त

**राजपुर / रोहतास** । पुलिस ने अवैध लाल बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है । राजपुर थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि पुलिस ने अवैध लाल बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है । उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए विभागीय अधिकारी के पास रिपोर्ट भेज दी गई है । उन्होंने कहा कि जब्त ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है ।

### राजपुर पुलिस ने तीन अपहृतों को सकुशल किया बरामद

**राजपुर /रोहतास**। राजपुर पुलिस ने अलग- अलग मामलों में अपहृत तीन लोगों को सकुशल बरामद कर लिया है । जानकारी के अनुसार केस नंबर 7/26 में अपहृता अमरपुर,केस नंबर 51/24 में अपहृता राजपुर तथा केस नंबर 3/25 में अपहृत राजनडीह निवासी को पुलिस ने सुरक्षित ढूंढ निकाला है । पुलिस द्वारा तीनों मामलों में आवश्यक अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है । इस संबंध में थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि अपहृतों की बरामदगी के बाद संबंधित मामलों की जांच आगे बढ़ाई जा रही है ।

### पुलिस ने 47 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा, तीन फरार

**दिनारा /रोहतास** । दिनारा पुलिस ने अलग-अलग जगह से देसी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की है । मामले में पुलिस ने एक कारोबारी को धर दबोचा । लेकिन मामले में संलिप्त अन्य तीन कारोबारी भागने में सफल रहा । दिनारा थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी समीर कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दिनारा से 12 लीटर देसी शराब के साथ दिनारा निवासी चंद्रमा राम के पुत्र मंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया । उक्त मामले में एक अन्य कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से भाग निकला । तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने थाना क्षेत्र के नौवा गांव से पुआल में छुपा कर रखे गए चार पेटी जिसमें कुल मात्रा 35 लीटर शराब बरामद की है । जानकारी के अनुसार उक्त स्थल से दो पेटी देसी एवं दो पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद की है । लेकिन उक्त मामले में पुलिस की गिरफ्त से दो कारोबारी भाग निकला । उन्होंने बताया कि फरार तीनों कारोबारी को पहचान करते हुए संबंधित मामला दर्ज कर लगातार छापेमारी की जा रही है । मामले में संलिप्त फरार तीनों कारोबारी को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

# डेहरी में दो घंटे के भीतर दो सड़क हादसे, महिला समेत दो की मौत

## तेंदुआ बोरिंग और तारबंगला चौक पर हादसे, लोगों का फूटा गुस्सा

निज संवाददाता। डेहरी, रोहतास





डेहरी अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार को दो घंटे के भीतर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो भीषण सड़क हादसों में एक महिला और एक ऑटो चालक की मौत हो गई। दोनों घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने सड़क पर पसरे बालू, तेज रफ्तार भारी वाहनों और प्रशासनिक लापरवाही को इन मौतों का जिम्मेदार बताया।

### तेंदुआ बोरिंग के पास ऑटो चालक की मौके पर मौत

पहली घटना डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ बोरिंग के पास हुई। यहां सासाराम से डेहरी आ रहे एक खाली ऑटो रिक्शा को अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 47 वर्षीय बाबू पासवान के रूप में हुई है, जो सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मदैनी गांव का निवासी था। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मृतक की जेब में मिले मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। डेहरी मुफस्सिल थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के लिखित बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तारबंगला चौक पर महिला को हाइवा ने कुचला, सड़क जाम

दूसरी और ज्यादा दर्दनाक घटना डेहरी नगर थाना क्षेत्र के तारबंगला चौक के पास घटी। शुक्रवार दोपहर एनएच-2सी पर सड़क पर गिरे बालू की मोटी परत के कारण एक बाइक सवार महिला फिसलकर गिर पड़ी। इसी दौरान पीछे से आ रहे बालू लदे हाइवा ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार महिला की पुत्री और भाई बाल-बाल बच गए। मृतका की पहचान तिलौथू प्रखंड के अमरा गांव निवासी बिगन शर्मा की 40 वर्षीय पत्नी रंजू देवी के रूप में हुई है। वह अपने भाई धीरज कुमार और पुत्री टूसु कुमारी के साथ पल्सर बाइक (बीआर-24आर-7369) से अकोढ़ीगोला स्थित एक हॉस्टल में बेटी को छोड़ने जा रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इंद्रपुरी की ओर से आ रहे बालू लदे हाइवा (यूपी-64 बीटी-3390) ने बाइक में धक्का मार दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

### प्रशासन के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

घटना के बाद मृतका के परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने कहा कि एनएच पर बिखरा बालू और दिनदहाड़े तेज रफ्तार से दौड़ते बालू लदे हाइवा लगातार मौत बांट रहे हैं। लोगों का आरोप था कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की है। सूचना मिलने पर डेहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया।

### हाइवा जब्त, चालक फरार

हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर थाना ले गई है। डेहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के लिखित बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत विभाग ने आठ बकायेदार उपभोक्ताओं पर दर्ज की नीलामवाद

**बिक्रमगंज /रोहतास** । विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है । जिसमें बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज भी की जा रही है । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है । जो बकायेदार उपभोक्ता विद्युत विपत्र की राशि जमा नहीं किये हैं उनपर नीलामवाद की कार्रवाई की गई है । बताते चले कि दिनारा निवासी धीरज कुमार पिता बलिराम सिंह पर 26673, कमलेश सिंह पिता केशव प्रसाद सिंह पर 45566,रीना भारती पति अनंत राम पर 21337,विनोद शर्मा पिता गणेश शर्मा पर 57957,बीरेंद्र प्रसाद पिता गंगा दयाल पर 162939,आवाढ़ी के इंद्रदेव राम पिता गौरी राम पर 48950,गुंसेज के मुंन्द्रिका सिंह पिता रामपुलिस सिंह पर 209618, गिरधरिया के देव नारायण साह पिता कटावारू साह पर 47488 बकाया राशि रहने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के तहत 8 बकायेदार उपभोक्ताओं पर नीलामवाद की कार्रवाई करने हेतु नीलामपत्र पदाधिकारी के कार्यालय में तथ्य विवरणी उपलब्ध करा दी गई है ।

## 275 बेटिकट यात्रियों से 1 लाख 89 हजार रुपए जुर्माना

निज संवाददाता। सासाराम (रोहतास)



सासाराम-बिक्रमगंज रेल खंड पर शुक्रवार को मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।इस अभियान में 275 बेटिकट यात्री पकड़े गए। जिनसे जुर्माना के रूप में 108900 रुपए की वसुली की गई।राजस्व क्षति को रोकने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह सघन जांच अभियान मुगलसराय मंडल के अंतर्गत बिक्रमगंज - सासाराम रेलखंड पर आयोजित किया गया।अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक विजेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें सीटीसी उपेंद्र कुमार,भूषण कुमार,केके सिंह, बेनी प्रसाद मीना,रणजीत कुमार सिंह,सीएसजी नीरज कुमार एवं सीआईटी गौरव कुमार सहित अन्य रेलवे अधिकारी शामिल थे। रेलवे अधिकारियों ने मौके पर ही यात्रियों से जुर्माना वसूलते हुए भविष्य में वैध टिकट लेकर यात्रा करने की सख्त हिदायत दी। रेलवे के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस अभियान में कुल 275 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया, जिनसे 1 लाख 8 हजार 900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान को सफल बनाने में टिकट जांच कर्मचारियों के साथ आरपीएफ एवं जीआरपी की भी सक्रिय भूमिका रही।

## अकस के अध्यक्ष बने कौशलेंद्र तो सचिव बने रणधीर सिन्हा संस्थापक सदस्यों ने गठित कि पांच सदस्यीय कमिटी

निज संवाददाता। डेहरी, रोहतास



सांस्कृतिक संचेतना का प्रतिनिधि मंच अभिनव कला संगम की वार्षिक चुनाव संस्था के कार्यालय डालमियानगर ड्रीम हाउस में सम्पन्न हुआ। बैठक की शुरुआत करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि संस्था के नियमो के अनुसार प्रति वर्ष संस्था का चुनाव होना आवश्यक होता है, और अभिनव कला संगम हमेशा नियमों के साथ चलता है। इसी के साथ बैठक सा वार्षिक चुनाव कार्यक्रम शुरू किया गया। संस्था के सभी सदस्यों ने मेरे नेतृत्व में एकजुटता के साथ मेरा सहयोग किया। यहीं कारण है कि सभी कार्यक्रमों के साथ आल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता सफल हुआ। आगे जो भी पदाधिकारी चयनित होंगे उन्हें सहयोग जारी रहेगा। अध्यक्ष ने कमिटी भंग कि घोषणा करते हुए उपस्थित संस्थापक रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ काका भैया, राम कृष्ण शर्मा, सुमंत मिश्रा एवं जीवन प्रकाश को जिम्मेवारी दी गई। तत्पश्चात सभी संस्थापकों ने सर्व सम्मति से कौशलेंद्र कुशवाहा को अध्यक्ष, सीमल सिंह को महासचिव, प्रोफेसर रणधीर सिंहा को सचिव कमलेश कुमार को निदेशक व शिवजी गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद के लिए घोषणा की। सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सभी नवचयनित पदाधिकारीयों को बधाई दी, साथ ही यह निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के अंदर पांचो पदाधिकारी मिलकर पूरी कार्यकारिणी कि गठन करेंगे। संस्थापक चुनाव प्रणाली का गवाह दंत चिकित्सक डॉ ओ पी आनंद बने। उन्होंने सभी सदस्यों को शुभकामना दी। संस्थापक सदस्यों ने कहा कि समाज के विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ लगातार अभिनव कला संगम कार्यक्रम करती है। इसके अलावे वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, शैक्षणिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऑल इंडिया नाटक कंपटीशन का आयोजन किया जाता है। आज अभिनव कला संगम की गूंज देश के बीच सभी राज्यों में हो रही है। अब राज्य सरकार ने भी अभिनव खुल संगम को सहयोग का आश्वासन दिया है, जो संस्था के लिए गर्व की बात है। भविष्य में अभिनव कला संगम का कारवां और बढ़ता जाए, तथा सामाजिक क्षेत्र में भी लोगों के साथ मिलकर कार्य करें। इसके लिए सदस्यों की संख्या बढ़ाने और अपनी एकजुट बनाए रखने की आवश्यकता है। सभी सदस्यों ने संस्था के संरक्षक सह विधी सलाहकार डेहरी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटूर पांडे , सदस्य ई अंशु सिंह, मनोज सिंह, संजीव गुप्ता व बिनोद गुप्ता को संस्था सदस्य होने पर बधाई दी। बैठक सह वार्षिक चुनाव में शामिल सभी संस्थापक सदस्यों ने नव चयनित पदाधिकारीयों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। वार्षिक चुनाव कार्यक्रम में संस्था के संजय यादव, इंद्र कुमार बाघा, मुकुल मणि, मनोज गुप्ता, आलोक कुमार, संजीव गुप्ता, विनय कुशवाहा, शंभू गुप्ता, विशाल सिंह, संतोष राय समृद्धि उपस्थित थे।

# ट्रक-टेंपो की भीषण टक्कर में दो की मौत, छह घायल

निज संवाददाता। करगहर (रोहतास)।

**करगहर में आधी रात को हुआ दर्दनाक सड़क हादसा, तीन की हालत नाजुक**

करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़ारी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बीती मध्यरात्रि ट्रक और टेंपो के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मृतकों के परिवारों में कोहराम छा गया। मृतकों की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के भगवलिया गांव निवासी 25 वर्षीय सरोज कुमार बैठा (पिता राम मुन्नी बैठा) तथा 65 वर्षीय महेंद्र पासवान (पिता राम अवधन पासवान) के रूप में हुई है।

**शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेंपो पर सवार आठ लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर सासाराम लौट रहे थे। इसी दौरान खड़ारी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**घायलों को समाजसेवी ने पहुंचाया अस्पताल:** हादसे में रामसागर साह, पिंटू यादव, मनोज साह, मधु कुमारी, सरस्वती देवी और रीना देवी घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से समाजसेवी रंजीत पटेल ने अपने निजी वाहन से सदर अस्पताल सासाराम पहुंचाया, जिससे कई लोगों की जान बच सकी।

**तीन घायलों की हालत गंभीर:** चिकित्सकों के अनुसार, घायलों में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। वहीं, पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**ट्रामा सेंटर की लापरवाही पर सवाल:** सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचे समाजसेवी रंजीत पटेल ने आरोप लगाया कि रात्रि में ट्रामा सेंटर में कोई स्टाफ मौजूद नहीं था, जिससे घायलों को करीब आधे घंटे तक वाहन में ही इंतजार करना पड़ा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही की कड़ी निंदा की और स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

## पुलिस ने पशु चोर को पिकअप वाहन सहित पकड़ा, पशु चोर को पुलिस ने पकड़ा



**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के दरिहट थाने की पुलिस ने दरिहट गांव से बृहस्पतिवार की शाम 7:00 बजे पिकअप वाहन सहित पशु चोर को पकड़ा।चोर थाना क्षेत्र के भुसउला गांव से एक गाय को पिकअप वाहन पर लादकर भाग रहे थे तभी ग्रामीणों की नजर पड़ी और ग्रामीणों ने इसकी सूचना दरिहट थाने को दी। पुलिस को अपनी ओर आते देख चोर गाय लदे वाहन सहित दरिहट गांव में घुस गए जहां से पुलिस ने पिकअप वाहन(BR 56G 4971)पर लादे गए गाय सहित चालक को पकड़ा। पूछताछ में ड्राइवर की पहचान राजा बाबू पिता इस्लाम ग्राम अलीबाग थाना मेहंदिया जिला अरवल के रूप में हुई। इस संबंध में दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि गाय सहित वाहन को और ड्राइवर को थाने लाया गया है। इस संबंध में ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए तथा वाहन मालिक पर एवं अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न




निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)

कृषि विज्ञान केंद्र, रोहतास द्वारा भोजपुर के कृषकों के लिए "प्राकृतिक खेती" विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।जिसमें भोजपुर जिला के विभिन्न प्रखंडों आरा सदर, जगदीशपुर, शाहपुर, पीरो, तरारी, संदेश एवं अगिआंव से कुल 30 किसानों ने भाग लिया। रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से कम लागत में टिकाऊ एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा देना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य रहा। समापन सत्र का उद्घाटन एवं प्रमाण पत्र वितरण एसडीएम प्रभात कुमार ने किया।इस दौरान कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेती में नई तकनीक नई फसलों की खेती निश्चित रूप से किसान करें ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो। ड्रैगन फ्रूट की खेती करने से किसानों को अच्छी आमदनी मिलेगी। धान गेहूं की जगह नई फसलों को अपने की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने खेतों में अपनाएं तथा अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें।इस दौरान वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान आर के जलज ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है।जिससे न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है। उन्होंने बताया कि गो-आधारित इनपुट, जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत एवं प्राकृतिक कीट-रोग प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से खेती को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकता है।

मृदा वैज्ञानिक डॉ रामाकांत सिंह ने बताया कि भोजपुर एवं शाहाबाद क्षेत्र की मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा घट रही है, जिसे प्राकृतिक खेती अपनाकर पुनः बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने प्राकृतिक तरीकों से कीट-रोग नियंत्रण, नीम आधारित घोल, दशपर्णी अर्क एवं जैविक उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने किसानों को फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती के अंतर्गत धान, गेहूं, दलहन, तिलहन एवं सब्जियों की खेती की तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन एवं जल संरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की।

## सासाराम से रवाना हुआ बाल विवाह मुक्ति रथ, जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की पहल

निज संवाददाता। सासाराम




रोहतास जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक अहम पहल की गई। सिविल कोर्ट सासाराम परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के माध्यम से जिले भर में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ व्यापक जन-जागरूकता फैलाने का लक्ष्य रखा गया है। रथ रवाना करने के अवसर पर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बाल विवाह के उन्मूलन का संकल्प लिया तथा अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर कर अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में गंभीर बाधा बनता है। यह बाल विवाह मुक्ति रथ आगामी छह दिनों तक रोहतास जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण करेगा। इस दौरान प्रखंड मुख्यालयों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इससे जुड़े सामाजिक नुकसान और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि विभिन्न सरकारी विभागों के बीच समन्वय को मजबूत कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है। विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्ण देव ने बताया कि देशभर में बाल विवाह रोकने के लिए नालसा की ओर से पिछले एक महीने से लगातार विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक गैर-सरकारी संस्था के सहयोग से इस जागरूकता रथ को रोहतास जिले में रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि रथ के माध्यम से आम लोगों को यह संदेश दिया जाएगा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ दंडनीय अपराध भी है, जिस पर स्थायी और प्रभावी रोक बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष विष्णुदेव उपाध्याय, सदस्य लाल मोहन राय, सदस्य शोभना कुमारी, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस की साझेदार संस्था सुराज के संस्थापक डॉ. ठाकुर रवीन्द्र नाथ, सहयोगी संस्था की सचिव उर्मिला सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास और सामाजिक सहभागिता पर बल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 7 माह से मानदेय नहीं मिलने पर आवास सहायक कर्मियों में आक्रोश, आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारी

**वजीरगंज।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने वाले आवासकर्मी आज स्वयं आर्थिक बदहाली से जूझने को मजबूर हैं। वजीरगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कार्यरत ग्रामीण आवास सहायक, आवास पर्यवेक्षक और लेखापालों को पिछले सात महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रखंड में कार्यरत आवास पर्यवेक्षक कौशल किशोर तथा आवास सहायक पंकज कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, शिवलोक बिहारी समेत अन्य कर्मियों ने बताया कि लगातार वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई, इलाज और दवाइयों के लिए उन्हें मजबूरी में कर्ज लेना पड़ रहा है। कई कर्मियों ने बताया कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि फील्ड ड्यूटी के लिए गांव-गांव जाने हेतु वाहन के तेल और आने-जाने के भाड़े तक के पैसे उनके पास नहीं बच रहे हैं। कर्मियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को सफल बनाने में उनकी भूमिका बेहद अहम है। लाभुकों का चयन, सर्वेक्षण, जियो-टैगिंग, निर्माण कार्य की निगरानी से लेकर आवास पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया इन्हीं कर्मियों के जिम्मे होती है। इसके बावजूद फंड की कमी या तकनीकी कारणों का हवाला देकर उनका मानदेय महीनों से रोका गया है। आवास कर्मियों का कहना है कि मानदेय का भुगतान नहीं होने के बावजूद उन पर लगातार लक्ष्य पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। वेतन के अभाव में कर्मचारी स्थानीय स्तर पर कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं, जिससे मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। आवास सहायकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे बिना आर्थिक चिंता के योजना के कार्यों को सुचारू रूप से पूरा कर सकें।

### 24 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति, 16 लिपिक-8 विद्यालय परिचारी हैं शामिल

शैक्षणिक अंक और आयु सीमा में मिली छूट




**नालंदा।** बिहार शिक्षा विभाग की ओर से अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों में ढील देने के बाद नालंदा जिले में शुक्रवार को 24 आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें 16 विद्यालय लिपिक और 8 विद्यालय परिचारी शामिल हैं। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनुकम्पा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर यह नियुक्तियां दी गई हैं। नियुक्ति पत्रों का वितरण जिला पदाधिकारी और उपविकास आयुक्त नालंदा ने संयुक्त रूप से किया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बिहार के निर्देश पर सेवाकाल में मृत शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा रही है। हालांकि, 25 सितंबर 2025 की बैठक में कई आश्रित 45 प्रतिशत से कम शैक्षणिक अंक और निर्धारित आयु सीमा से अधिक उम्र के कारण नियुक्ति से वंचित रह गए थे। इस समस्या के समाधान के लिए शिक्षा विभाग ने दो महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। पहला, 45 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता को शिथिल कर दिया गया। दूसरा, अनुकम्पा नियुक्ति के योग्य आश्रितों के लिए आयु सीमा में छूट प्रदान की गई। यह नियुक्तियां उन परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होंगी, जो अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की असमय मृत्यु के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। अनुकम्पा नियुक्ति योजना का उद्देश्य ऐसे परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी नालंदा, स्थापना उपसमाहर्ता बिहारशरीफ और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) नालंदा भी उपस्थित रहे।

### व्यवसायियों से चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने सदस्यता लेने की अपील की

**केसरिया।** केसरिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शुभम राज ने क्षेत्र के सभी व्यवसायियों से चैम्बर की सदस्यता लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो व्यवसायी अभी तक चैम्बर से नहीं जुड़े हैं, वे सदस्य बनें और अपने आसपास के अन्य व्यवसायियों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें। अध्यक्ष शुभम राज ने बताया कि पुराने सदस्य अपने सदस्यता नवीकरण के लिए चैम्बर के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केसरिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स हमेशा व्यवसायियों के हित में कार्य करता रहा है और आगे भी हर परिस्थिति में व्यवसायियों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि चैम्बर की मजबूती से ही स्थानीय व्यापार को नई दिशा और पहचान मिलेगी, इसलिए अधिक से अधिक व्यवसायियों का जुड़ना आवश्यक है।

### राजापुर में विराट हिन्दू सम्मेलन का किया गया आयोजन



**केसरिया।** आरएसएस के तत्वावधान में कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत राजापुर मनोरा उच्च विद्यालय परिसर में नवयुवक काँवरिया संघ द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर आरएसएस के प्रान्त सह संघ संचालक प्रो. राज किशोर सिंह, विश्व हिन्दू परिषद चकिया जिलाध्यक्ष उमेश सिंह, संघ के प्रचारक शिवम् सोनू, काँवरिया संघ के सत्यनारायण यादव, राकेश सिंह एवं रामेश्वर पासवान ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में अतिथि रूप में पधारे आरएसएस पदाधिकारियों का स्वागत काँवरिया संघ के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र एवं सुंदरकाण्ड पुस्तक भेंट कर किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. राज किशोर सिंह ने आरएसएस की स्थापना के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म के इतिहास एवं उसकी विशेषताओं को विस्तार से साझा किया। वहीं विहिप जिलाध्यक्ष उमेश सिंह ने हिन्दू धर्म को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए नई पीढ़ी के युवाओं से भारत के पुरातन संस्कार एवं संस्कृति को अपनाने और जीवन में उतारने का आह्वान किया। विराट हिन्दू सम्मेलन का कुशल प्रबंधन संघ कार्यकर्ता सत्यम कार्तिकेय वत्स ने किया, जबकि मंच संचालन कुंवर संदीप ने किया। सम्मेलन के दौरान शिव भक्तों की कठोर तपस्या एवं हिन्दू धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए राम अरज सिंह, मेहीलाल, मदन दास, भुवल राय, सुरेश साह, रामाधार राय सहित काँवरिया संघ के दो दर्जन वरिष्ठ सिपाहियों को अंगवस्त्र एवं धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रोता के रूप में कल्याणपुर प्रखंड के आठ पंचायतों से कुल 265 शिव भक्तों की उपस्थिति रही, जिससे सम्मेलन पूरी तरह सफल और प्रभावशाली रहा।

# राजगीर की दिगंबर जैन धर्मशाला में चार पर्यटकों की संदिग्ध मौत

## एक ही परिवार के शव कमरे से बरामद

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के राजगीर स्थित दिगंबर जैन धर्मशाला में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कमरे से चार पर्यटकों के शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किए गए। मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं, जिनमें तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सभी बेंगलुरु के रहने वाले थे और धार्मिक यात्रा पर राजगीर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार, धर्मशाला के कमरा संख्या 6 एबी से तेज बदबू आने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब कमरे को खोला तो अंदर का दृश्य बेहद भयावह था। कमरे के चारों कोनों में चारों शव फंदे से लटके हुए पाए गए।

कमरा अंदर से बंद था, छिटकनी के साथ ताला भी लगा हुआ था और बाहर निकलने का कोई दूसरा रास्ता नहीं था। मृतकों में शामिल तीनों महिलाओं के हाथ रस्सी से पीछे की ओर बंधे हुए थे, जबकि पुरुष के हाथ आगे की ओर बंधे पाए गए। एक महिला के मुंह पर रेड टेप लगा हुआ था और एक बुजुर्ग महिला दिव्यांग बताई जा रही है, जिनके पैर में विकलांगता थी। इन तथ्यों ने पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। जानकारी के अनुसार, चारों पर्यटक 31 जनवरी को धर्मशाला में ठहरे थे। 2 फरवरी तक उन्हें धर्मशाला परिसर में देखा गया था, लेकिन उसके बाद कमरे का दरवाजा नहीं खुला। शुक्रवार को जब बदबू फैली, तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। कमरा पूरी तरह सील कर दिया गया है और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। मौके पर राजगीर डीएसपी, थानाध्यक्ष सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। साक्ष्य संकलन के लिए डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है। नालंदा एसपी भारत सोनी ने बताया कि कमरे की तलाशी के दौरान करीब 25 स्ट्रिप नींद की गोलियां, कुछ नकदी और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी बिंदुओं की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई है। डीएम के निर्देश पर मेडिकल बोर्ड की निगरानी में पोस्टमॉर्टम कराने का निर्णय लिया गया है। एसपी ने बताया कि मृतकों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है और बेंगलुरु पुलिस से भी सहयोग मांगा गया है, ताकि परिवार की पृष्ठभूमि और किसी संभावित पारिवारिक समस्या की जानकारी मिल सके।

धर्मशाला के इंचार्ज मुकेश जैन ने बताया कि चारों लोग 31 जनवरी को धर्मशाला आए थे और उन्होंने बताया था कि वे नेपाल घूमने के बाद राजगीर पहुंचे हैं। चारों ने एक ही कमरा लिया था। उनमें से एक व्यक्ति ने आधार कार्ड दिया था, जिसमें नाम जी.आर. नाग प्रसाद और पता बेंगलुरु का दर्ज था। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बदबू की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे से चार शव बरामद किए गए। थाना प्रभारी रमन कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल इस घटना से राजगीर समेत पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग इस रहस्यमयी मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# गुरुआ में 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## केमिकल पीकर आत्महत्या की आशंका

निज संवाददाता। गुरुआ, गयाजी


मृतका की फाइल फोटो।

गुरुआ थाना क्षेत्र के रक्सा गांव में शुक्रवार को एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान प्रभात कुमार की पत्नी शोभा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शोभा ने घर में रखा केमिकल पी लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते और इलाज की व्यवस्था कर पाते, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थानाध्यक्ष मनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। पुलिस ने मृतका के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि विवाद किस मुद्दे पर हुआ था और मामला किस हद तक बढ़ा था, इसे लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। विवाहिता की मौत की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस ने जांच के क्रम में मृतका और उसके पति के मोबाइल फोन की भी जांच की, लेकिन अब तक ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता चल सके। पुलिस का कहना है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण छिपा है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले में ससुराल और मायके पक्ष के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि शोभा की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हुई थी और वह घरेलू जिम्मेदारियों में लगी रहती थी। पड़ोसियों के अनुसार, उसने कभी सार्वजनिक रूप से किसी बड़े तनाव या पारिवारिक परेशानी की बात नहीं कही थी। फिलहाल गुरुआ पुलिस मामले से जुड़े हर बिंदु की गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बोधगया थाना परिसर में सिटी एसपी की अध्यक्षता में जनता दरबार, 36 फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं

निज संवाददाता। बोधगया, गया



बोधगया थाना परिसर में शुक्रवार को सिटी एसपी कोटा किरण कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में थाना क्षेत्र के करीब 36 स्थानीय लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और उनके समाधान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सौरभ जायसवाल, सर्किल इंस्पेक्टर तथा थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों में जमीन विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट, रास्ता विवाद और अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। इनमें अधिकांश मामले लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवादों से जुड़े बताए गए।

सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों को 24 घंटे के भीतर संबंधित थाना प्रभारी को सौंपा जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों से संबंधित स्थलों पर 24 घंटे के अंदर जाकर जांच एवं समीक्षा की जाए, ताकि मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत फरियादियों को आगे की कानूनी प्रक्रिया और कार्रवाई की जानकारी दी जाए, ताकि लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे। सिटी एसपी ने सभी मामलों में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, जिससे अनावश्यक विवाद बढ़ने से रोका जा सके। जनता दरबार में समस्याएं रखने आए लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी शिकायतों का जल्द समाधान होगा।

# गयाजी में शिक्षा और उद्योग को नई रफ्तार, खुलेंगे 10 डिग्री कॉलेज और स्थापित होगी गन्ना फैक्ट्री

निज संवाददाता। गयाजी

गया जिले के लिए शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में एक साथ बड़ी पहल की गई है। जिले में 10 नए डिग्री कॉलेज और एक नई गन्ना फैक्ट्री खोलने को लेकर राज्य सरकार ने औपचारिक आदेश जारी कर दिया है। आदेश के बाद जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और कॉलेज व गन्ना फैक्ट्री दोनों के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक चरण में सभी नए डिग्री कॉलेज निजी भवनों में संचालित किए जाएंगे। बाद में स्थायी व्यवस्था के तहत इन्हें चिन्हित सरकारी या अधिग्रहित भूमि पर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों में जमीन चिह्नित करने की प्रक्रिया चल रही है। डीएम ने कहा कि कॉलेज खुलने से गया के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे जिलों या राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा और जिले का शैक्षणिक माहौल और मजबूत होगा।

इसी क्रम में जिले में एक नई गन्ना फैक्ट्री स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि गुरारू में पूर्व में संचालित गन्ना मिल स्थानीय विवाद और अन्य कारणों से बंद हो चुकी है। उस भूमि को बियाडा को हस्तांतरित कर दिया गया है, जहां उद्योग विभाग की ओर से अन्य औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है। अब नई गन्ना फैक्ट्री के लिए जिले में दूसरी जगह जमीन की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि गया जिले में गन्ना मिल के बंद होने के बाद से ही किसान लगातार मिल को पुनः चालू करने की मांग कर रहे थे। गन्ना मिल बंद होने से किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी हो रही थी और उन्हें दूसरे जिलों का रुख करना पड़ता था।

लंबे इंतजार के बाद सरकार ने नई गन्ना फैक्ट्री खोलने का फैसला लिया है। डीएम ने कहा कि गन्ना फैक्ट्री शुरू होने से गया और आसपास के क्षेत्रों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। गन्ने की उचित कीमत मिलने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। शिक्षा और उद्योग से जुड़ी यह पहल जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# बिहटा में पुलिस की दोहरी कार्रवाई, शराब के साथ युवक गिरफ्तार, एनबीडब्ल्यू वारंटी भी पकड़ा गया

निज संवाददाता। बिहटा



पटना जिले के बिहटा प्रखंड में पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक ओर अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसा, वहीं दूसरी ओर लंबे समय से फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता साफ नजर आई। आईआईटी अमहारा थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात गश्ती के दौरान 2.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान वार्ड संख्या 22 निवासी संजीत कुमार (22) के रूप में हुई है, जो सुजीत कुमार का पुत्र है। पुलिस को इस संबंध में सूचना खुद युवक के पिता द्वारा दी गई थी। सूचना में बताया गया था कि संजीत कई दिनों से इलाके में शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही आईआईटी अमहारा थाना पुलिस की गश्ती टीम ने तत्परता दिखाते हुए संजीत की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 2.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने बताया कि शराब बरामद होने के बाद युवक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संजीत कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी दो अन्य मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि वह शराब कहां से लाता था और किन-किन लोगों को सप्लाई करता था। इधर, दूसरी कार्रवाई में बिहटा प्रखंड के नेउरा थाना पुलिस ने एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नेउरागंज इलाके से लालबाबू यादव को पकड़ा है, जो वीरजा यादव का पुत्र है।

लालबाबू यादव के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। नेउरा थाना प्रभारी जयदीप राणा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि वारंटी को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर आगे की प्रक्रिया के तहत भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इन दोनों कार्रवाइयों से अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सख्ती को कानून-व्यवस्था के लिहाज से सकारात्मक कदम बताया है।

# फीस न देने पर उपस्थिति रोकी




निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (RTE) की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। बिहारशरीफ शहर के एक निजी विद्यालय की ओर से RTE के तहत नामांकित छात्रा से जबरन फीस वसूली और भेदभाव का मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आया है।

शुक्रवार को एक छात्रा अपने दादाजी के साथ डीएम कुंदन कुमार के पास पहुंची। 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि उसका नामांकन RTE के अंतर्गत निजी विद्यालय में हुआ है, लेकिन विद्यालय प्रबंधन लगातार फीस की मांग कर रहा है। फीस न देने पर उसकी उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है और पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है।

विशेष रूप से चिंताजनक बात यह है कि छात्रा के साथ स्कूल में भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा था, जिसके कारण वह हीन भावना की शिकार दिख रही थी।

जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) को बुलाया। उन्होंने निर्देश दिया कि अविलंब इस मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी देखा जाए कि छात्रा कल से विद्यालय जाना प्रारंभ करे और उसके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो।

**दोहरी कमाई की आशंका:** जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी संभावना बनती है कि निजी विद्यालय RTE के अंतर्गत नामांकित छात्रों से फीस वसूल रहे हैं और साथ ही सरकार से प्रतिपूर्ति राशि का भी दावा कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन और दोहरी कमाई का मामला है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि जिले के सभी निजी विद्यालयों की अविलंब बैठक बुलाई जाए। बैठक में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि RTE के अंतर्गत नामांकित किसी भी छात्र-छात्रा को कोई परेशानी न हो और अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया जाए।

**क्या कहता है कानून ?:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2011 के तहत निजी विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा और सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। इसके बदले सरकार संबंधित विद्यालय को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करती है।

अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि RTE के अंतर्गत नामांकित बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार होगा और उनके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा।

## बिहार की बेटियां भय के साये में जीने को मजबूर : रीता वर्णवाल

# बेटी बचाओ न्याय यात्रा की सफलता को लेकर 10 फरवरी को विधानसभा के समीप होगा न्याय मार्च

निज संवाददाता। वजीरगंज




एपवा एवं आइसा के संयुक्त बैनर तले आयोजित बेटी बचाओ न्याय यात्रा के तहत 3 फरवरी से 9 फरवरी तक मध्य बिहार के विभिन्न प्रखंडों में जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 फरवरी को वजीरगंज बस स्टैंड परिसर में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन जिला सचिव निरंजन कुमार ने किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए एपवा की नेता रीता वर्णवाल ने कहा कि बिहार में बेटियां आज भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हत्या, छेड़खानी, बलात्कार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन कई मामलों में शासन-प्रशासन सच्चाई को दबाने का प्रयास करता है। न्याय नहीं मिलने के कारण आम लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रहे हैं। रीता वर्णवाल ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित रह गई है। ज़मीनी स्तर पर कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने मांग की कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर त्वरित कार्रवाई हो और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। सभा को संबोधित करते हुए अन्य नेताओं ने बताया कि बेटी बचाओ न्याय यात्रा के समापन अवसर पर 10 फरवरी को पटना के गांधी मैदान से विधानसभा तक न्याय मार्च निकाला जाएगा।

इस मार्च में विभिन्न प्रखंडों से छात्र, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में भाग लेंगे और महिला सुरक्षा व न्याय की मांग को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। सभा में मीना तिवारी, प्रीति पटेल, दीपांकर मिश्र, अनु प्रिया, संगीता सिंह, धनंजय पासवान, लीला वर्मा, वंदना प्रभा, मुकेश कुमार, वीरेंद्र सान्याल, शांति सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एसएसबी ने सुंदरी में मोटर ड्राइविंग कोर्स का किया शुभारम्भ

**अररिया।** एसएसबी 52वीं वाहिनी की डुमरिया बाह्य सीमा चौकी की ओर से शुक्रवार को बेरोजगारों नवजवानों को रोजगार मुहैया कराने को लेकर मोटर ड्राइविंग कोर्स का शुभारंभ किया गया।सशस्त्र सीमा बल के नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मोटर ड्राइविंग कोर्स की शुरुआत की गई ताकि प्रशिक्षण उपरांत बेरोजगार समाज के मुख्यधारा में जुड़कर ड्राइविंग जैसी कार्य कुशलतापूर्वक कर सके।एसएसबी 52 वीं वाहिनी के कमांडेंट महेंद्र प्रताप के दिशा निर्देश में शुरू हुए कोर्स में पांच दर्जन से अधिक युवाओं ने अभिरुचि लेते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।प्रशिक्षण में ट्रैफिक नियमों के साथ ड्राइविंग की थ्योरी और प्रैक्टिकल क्लास कराई जाएगी।

### एसएसबी ने पथरदेवा में दो किलो गांजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया।** भारत-नेपाल सीमा पर नशे के सामग्री के तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एसएसबी 56 वीं वाहिनी शुक्रवार को कार्रवाई की। एसएसबी 56 वीं वाहिनी के पथरदेवा बीओपी के द्वारा सीमा स्तंभ संख्या-186 के पास दो किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पथरदेवा निवासी नितेश कुमार पिता शंभु ठाकुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,दो तस्कर एक बाइक पर सवार होकर नेपाल की ओर से गांजा लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहा था। पथरदेवा सीमा चौकी की टीम को सामने देख तस्करों ने भागने का प्रयास किया।इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर एक गाय से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाय की मौके पर ही मौत हो गई।बाइक के पीछे बैठा तस्कर रंजीत ठाकुर मौके का फायदा उठाकर नेपाल की ओर भाग निकला।हालांकि जवानों ने चालक नितेश कुमार को गिरफ्तार करने में कामयाब रहे। पथरदेवा सीमा प्रभारी उपनिरीक्षक सूरत सिंह चौहान ने बताया कि जब्त गांजा और आरोपित को आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद बथनाहा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### 10 फरवरी से एमडीए कार्यक्रम शुरू

**मुंगेर।** मुंगेर समाहरणालय में शुक्रवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर की अध्यक्षता में एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए एक जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में बताया गया कि एमडीए कार्यक्रम 10 फरवरी 2026 से शुरू होगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन प्रणाली) के सभी लाभार्थियों को एमडीए की दवा दी जाए।

**कोई भी पात्र व्यक्ति दवा लेने से वंचित न रहे:** नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करने का निर्देश दिया गया, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा लेने से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को एमडीए कार्यक्रम के बारे में जागरूक करने को कहा गया, ताकि वे छात्रों और अभिभावकों के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैला सकें। जीविका के सहयोग से समुदाय स्तर पर जन जागरूकता बढ़ाने और दवा सेवन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि वे स्वयं 10 फरवरी 2026 को एमडीए की दवा का सेवन करेंगे और आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, ताकि जनविश्वास मजबूत हो सके।

**कैंप का उद्देश्य एमडीए की दवा उपलब्ध कराना:** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 11 फरवरी को एक विशेष मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लोगों को एमडीए की दवा उपलब्ध कराना और शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. राजू, डीवीबीडीसीओ डॉ. राम प्रवेश, डॉ. ध्रुव कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, मुख्य विकास पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. फैजान, जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन, पिरामल फाउंडेशन, शिक्षा विभाग और आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित वेक्टर बॉर्न डिज़ीज़ कार्यक्रम से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी विभागों को अपने-अपने स्तर से पूर्ण सहयोग प्रदान करने एवं एमडीए कार्यक्रम को जनसहभागिता के साथ सफल बनाने का निर्देश दिया गया।

### नक्सली बीडीओ कोड़ा की पीएमसीएच में मौत

**मुंगेर।** मुंगेर जेल में 3.5 साल से बंद विचाराधीन नक्सली बीडीओ कोड़ा की बुधवार को पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनकर पैसरा गांव के ग्रामीण दुखी हैं। गुरुवार को नक्सली BDO कोड़ा का शव लड़ैयाटांड थाना क्षेत्र के पैसरा गांव पहुंचा, जहां पत्नी लालपरी देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने आरोप लगाया कि बीडीओ कोड़ा कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उन्हें लिवर में इंफेक्शन था। उन्होंने मुंगेर जेल अधीक्षक से बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने की गुहार लगाई थी। परिजनों का कहना है कि इलाज में देरी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

**इलाज के दौरान पटना में हुई मौत:** इसके बाद उन्हें 3 फरवरी को समुचित इलाज के लिए PMCH पटना रेफर किया गया, लेकिन 4 फरवरी को इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने जेल प्रशासन पर सही समय पर इलाज न करने के कारण मौत होने का आरोप लगाया है। परिजनों ने सरकार से मांग की है कि BDO कोड़ा के चार बच्चे हैं, जिनका भरण-पोषण सरकार करे। उनका कहना है कि जेल प्रशासन की लापरवाही के कारण बच्चों ने अपने पिता को खो दिया।

**विभिन्न थानों में कुल 16 मामले दर्ज थे:** मृतक नक्सली BDO कोड़ा पर मुंगेर, जमुई और लखीसराय जिले के विभिन्न थानों में कुल 16 मामले दर्ज थे। मुंगेर एसटीएफ पुलिस ने उन्हें 11 जुलाई 2022 को उनकी प्रेमिका पॉली के साथ नोएडा से गिरफ्तार किया था। मुंगेर जिले के धरहरा, बरियारपुर और लड़ैयाटांड थानों में उन पर आधा दर्जन मामले दर्ज थे, जिनका ट्रायल चल रहा था।

**मुंगेर मंडल में साढ़े तीन साल से बंद था नक्ससली BDO कोड़ा:** एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया की नक्ससली BDO कोड़ा मुंगेर मंडल में साढ़े तीन साल से बंद है और आधा दर्जन केस में ट्रायल चल रहा था। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को बीडीओ कोड़ा की तबीयत खराब हुई तो उसे इलाज के लिए भेजा गया गया, जिसके बाद 29 और 31 जनवरी को भी वही जब ज्यादा तबियत खराब होने लगी तो नक्सली BDO कोड़ा को एक फरवरी को सदर अस्तपताल इलाज के लिए भेजा गया। जहां बेहतर इलाज के लिए चिकित्स्कों द्वारा बाहर ले जाने को कहा जिसके बाद मेडिकल बोर्ड की बैठक की गयी, जिसके बाद 3 फरबरी को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया की मौत के बाद नक्सली के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है जंहा परिजनों द्वारा दाह संस्कार किया जायेगा।

### नवगछिया में सिपाही पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**भागलपुर।** भागलपुर के नवगछिया पुलिस जिला में तैनात पीटीसी सिपाही पर चाकू से हमला हुआ है। आरोप एक दरोगा पर लगा है। इलाज के लिए मायागंज में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान विशाल कुमार(30) के तौर पर की गई है। हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल में एडमिट सिपाही विशाल ने बताया कि सुबह 7 बजे बाजार गया था। दरोगा भी वहीं थे, उनसे बातचीत होने लगी। मजाक चल रहा था। अचानक उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। वो भी पुलिस लाइन में ही हैं। लेन-देन की कोई बात नहीं है। क्यों मारा है, इसके बारे में मुझे खुद नहीं पता है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** इस घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मायागंज रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

**विवाद का कारण स्पष्ट नहीं:** हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला किस कारण से किया गया। इसके पीछे क्या मंशा थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पैसे के विवाद में हत्या के आरोपी की हथौड़ी-लाठी से पिटाई

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में पैसे के विवाद में चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान एकवारी चौधरी (30) के तौर पर की गई है। भाई चुनना चौधरी और भतीजा अंकित कुमार घायल हैं। वारदात के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। पोल से बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपी की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग लाठी-डंडे, लात-घूंसे बरसाते नजर आए। युवक को एक मिनट में करीब 20 बार डंडे से मारा गया है। भीड़ में शामिल एक युवक ने उसके सिर पर भी हथौड़े से मारा। जिसके बाद वो बेहोश हो गया। थाने से 150 मीटर की दूरी पर वारदात हुई। लेकिन, पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र के भीखनचक की है।

**ताड़ी के पैसे मांगने पर हत्या:** भागलपुर के सन्हौला थाना से महज डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर इतवारी चौधरी ताड़ी बेचने का काम करता था। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे श्रीचक निवासी वासुकी मंडल ताड़ी पीने पहुंचा। इतवारी ने ताड़ी देने से पहले रुपए मांगे, इसी बात पर वासुकी नाराज हो गया और विरोध करने लगा। हालांकि, बाद में उसने रुपए देकर ताड़ी खरीद ली। ताड़ी पीने के बाद वासुकी मंडल ने नशे में इतवारी चौधरी से गाली-गलौज की। उसने धमकी देते हुए कहा, तुम्हें देख लूंगा। इतना बोलने के बाद वो घर गया और अपने भाई जनार्दन मंडल के पास से चाकू लेकर लौटा और इतवारी के भतीजे अंकित पर चाकू से हमला कर दिया। भतीजे को बचाने पहुंचे इतवारी के सीने में उसने चाकू मार दी। जो सीने को चीरते हुए पीठ से निकल गई। इसके बाद आरोपी ने दोबारा पीठ पर चाकू से वार किया, जिससे इतवारी चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई।

**चाकू से 4 लोगों पर हमला किया:** मृतक के भतीजे अंकित ने बताया, कि दो लोग ताड़ी लेने आए थे। उन्होंने बिना पैसे दिए ताड़ी मांगी। जब हमने कहा कि पैसे लगेंगे, तो वासुकी ने कहा कि तुम कौन होते हो, हम इलाके के रंगबाज हैं। इसके बाद उसने पैसा फेंका और ताड़ी लेकर चला गया। ताड़ी पीने के बाद वे पास में बैठे एक व्यक्ति से बातचीत करने लगे। आपसी विवाद बढ़ने पर जब हम लोगों ने बीच-बचाव किया तो उन्होंने गाली-गलौज की और चौक की तरफ चले गए। इसके बाद मामला शांत हो गया।

**हत्या से बौखलाई भीड़ ने पीटा:** हत्या के बाद आसपास के लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने आरोपी को पकड़ा और बेरहमी से पिटाई करने लगे। लोगों के हाथ जो लगा उससे पीटा। किसी ने लात-घूंसे बरसाए तो कोई लाठी से मारता नजर आया। इस दौरान आरोपी लोगों से हाथ जोड़कर जान की भीख मांगता रहा। भीड़ इतनी आक्रोशित थी कि जितनी बार वह हाथ जोड़ता, उतनी बार लोग उसे लाठी से पीटते रहे। पिटाई से वो बेहोश हो गया। लोग फिर भी नहीं माने, बेहोशी की हालत में भी पिटते रहे।

# किसान पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में गुरुवार देर रात खलिहान में सो रहे किसान पर जानलेवा हमला हुआ है। धारदर हथियार से गला और मुंह पर हमला किया है। इसके बाद उसे मरा समझकर आरोपी भाग निकला। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मायागंज रेफर कर दिया। हालत नाजुक बनी हुई है। घायल की पहचान अरूण राम(62) के तौर पर हुई है। घटना कदवा थाना क्षेत्र के गोला टोला गांव की है।

**खाना खाने के बाद सोने के लिए खलिहान पर गए थे:** भाई परमानंद राम ने बताया कि खाना खाने के बाद सोने के लिए अपने खलिहान पर चले गए। इस बीच वहां गांव का फुही मंडल पहुंचा। उसने मेरे भाई तंबाकू मांगा। तंबाकू देने बाद उसे वहां से जाने को कहा। उस समय तो फुही मंडल चला गया, लेकिन थोड़ी देर बाद वापस पहुंचा। अचानक गले और मुंह पर दबिया (धारदार हथियार) से हमला कर दिया। हमले में अरुण राम गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। उनकी चीख-पुकार सुनकर हमलोग मौके पर पहुंचे।

**आरोपी की पहचान कर ली गई है:** घटना की सूचना मिलते ही कदवा पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नागेश्वर सिन्हा ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## रेल ओवरब्रिज के एक हिस्से में दरार

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर जिले में हरनाथचक गांव से नवगछिया अनुमंडल अस्पताल तक बने रेल ओवरब्रिज के एक हिस्से में दरार जैसी स्थिति आ गई है। करीब 52 करोड़ की लागत से इसे बनाया गया है। छह महीने पहले ही आम जनता के लिए खोला गया है। स्थानीय लोगों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। लोगों का मानना है कि निर्माण के समय सुरक्षा और गुणवत्ता से जुड़े सभी पहलुओं को गंभीरता से ध्यान में रखा जाना चाहिए था। अगर समय रहते जांच नहीं हुई तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, इस संबंध में पुल निगम के कनीय अभियंता इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि जिसे दरार समझा जा रहा है, वह वास्तव में कोई संरचनात्मक दरार नहीं है। यह दो स्पैन के बीच छोड़ा गया स्वाभाविक तकनीकी गैप है। पुल निर्माण के दौरान इस तरह का गैप जानबूझकर छोड़ा जाता है, ताकि तापमान में उतार-चढ़ाव और वाहनों के दबाव से पुल की संरचना को नुकसान न पहुंचे। पुल निगम के कार्यपालक अभियंता ज्ञान देवदास ने बताया कि इस गैप की चौड़ाई लगभग 40 मिलीमीटर है। यह इंजीनियरिंग की दृष्टि से पूरी तरह सामान्य और आवश्यक है। इसमें घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुल पूरी तरह सुरक्षित है।

**दिसंबर महीने में रेलवे फाटक को बंद किया गया था:** बता दें, ओवरब्रिज के चालू होने के बाद दिसंबर महीने में रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया था, जिससे इस मार्ग पर यातायात काफी सुगम हो गया है। रोजाना हजारों वाहन चालक इस ओवरब्रिज का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले में अभी तक प्रशासनिक स्तर पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

# विक्रमशिला सेतु पर 2 किलोमीटर तक जाम, एंबुलेंस फंसी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर भीषण जाम लगा है। करीब 2 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी हुई है। सुबह 10 बजे से सेतु पर वाहनों की आवाजाही ठप है। वाहन रेंगते नजर आए। राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम में एंबुलेंस, स्कूली बच्चे, नौकरी-पेशा लोग और मजदूर भी बुरी तरह फंसे रहे। सबसे गंभीर हालत उस वक्त देखने को मिली जब नवगछिया रेलवे स्टेशन के पास जानलेवा हमले में घायल सिपाही को एंबुलेंस से मायागंज लाया जा रहा था। जाम के कारण एंबुलेंस को भी सेतु पर करीब एक घंटे तक रुकना पड़ा, जिससे घायल को समय पर इलाज मिलने में देरी हुई। गलत दिशा में बस के घुसने से जाम लगी है।

**ट्रैफिक नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं:** राहगीर समीर ने बताया कि भारी वाहनों की संख्या अधिक होने जाम की स्थिति बनी हुई है। सेतु पर सही से ट्रैफिक नियंत्रण की भी व्यवस्था नहीं है। आम लोगों को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा है। सूचना मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जाम हटाने का प्रयास शुरू किया। भारी वाहनों को नियंत्रित करने के साथ-साथ छोटे वाहनों को वैकल्पिक तरीके से निकाला जा रहा है।

**आगामी दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है:** राहगीर संदीप ने बताया कि विक्रमशिला सेतु पर लगातार बढ़ रहे भारी वाहनों के दबाव के कारण आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। अगर समय रहते स्थायी ट्रैफिक प्रबंधन और भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर ठोस योजना नहीं बनाई गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है। फिलहाल पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों की मशक्कत के बाद धीरे-धीरे जाम खुलने की प्रक्रिया जारी है।

## परीक्षा में इंग्लिश कठिन तो हिंदी पेपर आया सरल

निज संवाददाता। बांका



बांका में इंटरमीडिएट परीक्षा शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के सभी 33 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली में इंग्लिश विषय की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा ली गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से कदाचार पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया गया। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, किसी भी छात्र को जूता-मोजा पहनकर अंदर जाने की अनुमति नहीं थी; केवल चप्पल पहनने वाले परीक्षार्थियों को ही प्रवेश दिया गया। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी और पेजर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले केंद्र में प्रवेश दिया गया, ताकि वे समय पर अपनी सीट ग्रहण कर सकें और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर सकें। पहली पाली में इंग्लिश की परीक्षा देकर बाहर निकलीं पूजा कुमारी, नेहा कुमारी और मौसम कुमारी समेत अन्य छात्राओं ने बताया कि प्रश्न पत्र अपेक्षाकृत कठिन था और उन्हें उत्तर देने में कठिनाई हुई। इसके विपरीत, दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा देकर बाहर आ रहीं खुशबू कुमारी और प्रीति कुमारी सहित कई छात्रों ने कहा कि हिंदी का प्रश्न पत्र आसान था और उन्होंने निर्धारित समय से पहले ही सभी प्रश्नों के उत्तर लिख लिए। जिले के 33 परीक्षा केंद्रों पर कुल 25,341 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें 12,052 छात्र और 12,829 छात्राएं थीं। परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए जिले भर में 2,055 वीक्षकों को तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त, उड़नदस्ता दल और दंडाधिकारी लगातार सक्रिय रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। जिला प्रशासन ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, तलाशी प्रक्रिया और समग्र संचालन का निरीक्षण किया। कई संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। बालिका परीक्षा केंद्रों पर महिला पुलिस बल और बालक परीक्षा केंद्रों पर पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

## पुलिस ने घायल युवक को कंधे पर उठाया

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के असरगंज थाना में तैनात बिहार पुलिस के जवान बिट्टू पांडे को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सम्मानित करेंगे। इसकी जानकारी स्वयं एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी है।

**अनियंत्रित बाइक के गिर जाने पर युवक हुआ घायल:** घटना गुरुवार को असरगंज थाना क्षेत्र के आशा जोरारी के पास की है। यहां एक अनियंत्रित बाइक के गिर जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान विक्रमपुर निवासी सरयुग मांझी के 45 वर्षीय पुत्र जगत नाथ मांझी के रूप में हुई है। बताया गया कि असरगंज थाना की पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां देखा गया कि एक युवक गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा है।

**पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया:** गश्ती दल में शामिल जवान बिट्टू पांडे ने बिना समय गंवाए मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को गोद और कंधे पर उठाकर पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज पहुंचाया। हैरानी की बात यह रही कि घटनास्थल पर एक दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी घायल की मदद नहीं की। लोग मदद करने के बजाय फोटो और वीडियो बनाने में व्यस्त नजर आए।

**लोगों ने लिया फोटो, बनाए वीडियो:** जवान बिट्टू पांडे की तत्परता और संवेदनशीलता को देखकर स्थानीय लोगों ने उनके फोटो और वीडियो बनाए, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। वीडियो वायरल होने के बाद हर कोई पुलिस जवान के इस मानवीय कार्य की सराहना कर रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक निधि कुमारी ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए तारापुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवक की हालत सामान्य बताई जा रही है। इस पूरे मामले में पुलिस जवान बिट्टू पांडे का साहस, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

## कवि प्रदीप की जयंती पर स्कूली बच्चों ने किया याद, रचित रचना का किया गया पाठ



निज संवाददाता। अररिया

फारबिसगंज के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में शुक्रवार को कवि प्रदीप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।मौके पर स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनकी लिखी रचना के पाठ के साथ उनके देशभक्ति गीतों का गायन किया। मौके पर शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कवि प्रदीप के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि उनका जन्म 6 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश के छोटे शहर में मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। उनका वास्तविक नाम रामचंद्र नारायण द्विवेदी था। उन्हें बचपन से ही हिंदी कविता लिखने में रुचि था और उनके अनेकों कविताएं प्रसिद्ध हुई। उन्होंने अपनी कविता को गीत के माध्यम से 1943 में किस्मत फिल्म की गीत आज हिमालय की चोटी से एवं देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों प्रसिद्ध गीत की रचना की। उनको 1998 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनका देहांत 11 दिसंबर 1998 को हो गया। कार्यक्रम को प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार,कवि शिक्षक संजीत कुमार निगम एवं शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने भी संबोधित किया।

## आदर्श मध्य विद्यालय बारा की गतिविधियों का डॉक्यूमेंट्री निर्माण हेतु शूटिंग तिथि भोज का आयोजन

निज संवाददाता। अररिया




भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त निर्देश के आलोक मे मध्यान भोजन योजना से संबंधित शूटिंग फिल्म निर्माण हेतु आदर्श मध्य विद्यालय बारा मानिकपुर का राज्य स्तरीय टीम द्वारा चयन किया गया है।शैक्षणिक गतिविधियों का व्यापक रूप से फिल्मांकन डॉक्यूमेंट्री निर्माण हेतु चयन किया गया। शुक्रवार को टीम ने कक्षा संचालन, नवाचारी गतिविधियों, मध्यान भोजन का संचालन, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा विद्यालय के समग्र वातावरण का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में तिथि भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) रोहित कुमार चौरसिया,पोषाहार विशेषज्ञ डॉ प्रगति, यूनिसेफ के राज्य सलाहकार प्रकाश सिंह उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यालय के शैक्षणिक प्रयासों एवं मध्याह्न भोजन व्यवस्था,पोषण वाटिका की सराहना की तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही। मौक़े पर जिला समन्वयक सरोज तिवारी,प्रखंड साधन सेवी पंकज वर्मा, विद्यालय प्रधान, राजनंदन पोद्दार,एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। इस मौक़े पर खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही हेल्थ चेकअप का भी आयोजन हुआ। जिला समन्यवक सरोज तिवारी ने बताया की मध्यान भोजन योजना के बेहतर संचालन के लिए पुरे राज्य मे निदेशालय के डायरेक्टर विनायक मिश्र द्वारा सिर्फ दो जिले का चयन अररिया,पूर्णिया का इस फ़िल्म निर्माण हेतु किया गया। इस फ़िल्म शूटिंग को नई दिल्ली की संस्था ओएसिस फ़िल्म एंड न्यू मीडिया द्वारा किया गया। फारबिसगंज मेडिकल टीम द्वारा हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया और आयरन, फोलिक एसिड,अल्बडाजोल टेबलेट बच्चों को दिया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से राहत की उम्मीद, पर कई सवाल अब भी बाकी

पिछले कई महीने से अमेरिका की ओर से लागू शुल्क नीति के कारण जहां दुनिया भर में व्यापार युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो रही थी, वहीं भारत के सामने मुख्य चुनौती अपने लिए बेहतर विकल्प तलाश करने की थी। अब सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो कहा, उससे यही लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच परस्पर हित पर आधारित एक समझौता आकार ले सकता है।ट्रंप ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर दावा किया कि अमेरिका-भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बनी है, जिसके तहत शुल्क को पचास फीसद से घटा कर अठारह फीसद किया जाएगा। दूसरी ओर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत भी इसी तरह अमेरिका के खिलाफ अपनी शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। दोनों देशों की ओर से ऐसी घोषणा को शुल्क के मसले पर महीनों से जारी तनाव के बाद अमेरिका और भारत की नीतियों में अब एक बड़े बदलाव का सूचक माना जा रहा है। हालांकि यह साफ होना बाकी है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता अंतिम तौर पर किस स्वरूप में सामने आता है और उसमें बनी सहमति कहां तक परस्पर हित सुनिश्चित करती है। मगर फिलहाल सामने आई खबरों के मुताबिक, अमेरिका ने जिस तरह शुल्क में कमी करने की बात कही है, उसके अमल में आने पर भारत को राहत मिल सकती है।दरअसल, कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर अमेरिकी नीतियों का असर पड़ना शुरू हो चुका था। इसके बावजूद भारत ने अमेरिका की ओर से जरूरत से ज्यादा सख्त शर्तों की वजह से समझौते के लिए सहमति देने को लेकर सावधानी बरती और इससे उपजी मुश्किल का विकल्प तलाशने की कोशिश जारी रखी। यही वजह है कि अमेरिका की ओर से शुल्क को पचास फीसद कर देने की घोषणा के बाद भी भारत ने रूस से तेल की खरीद जारी रखी। यों ट्रंप ने दावा किया है कि अब भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से कहीं अधिक मात्रा में तथा संभावित रूप से वेनेजुएला से भी तेल खरीद पर सहमति जताई है। हालांकि भारत और रूस के बीच जैसे संबंध रहे हैं, उसके मद्देनजर यह देखने की बात होगी।

### डिजिटल युग में निजता की सुरक्षा बड़ी चुनौती

शीर्ष अदालत ने भी इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की जाती हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। आज के तकनीकी दौर में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हर किसी के लिए एक जरूरत बन गया है। ऐसे में डिजिटल सुविधाओं ने भले ही हमारे कई कार्यों को आसान बना दिया है और सूचना के प्रवाह को तेज कर दिया है, लेकिन इससे उपजे खतरों में निजता की रक्षा का मसला भी गंभीर है। अब ज्यादातर हाथों में स्मार्ट मोबाइल है और इंटरनेट की सुलभता ने सोशल मीडिया तक पहुंच को आसान बना दिया है।मगर, डिजिटल साक्षरता के अभाव में बहुत कम लोग यह समझ रखते हैं कि सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए वे जो निजी जानकारी संबंधित मंच के साथ साझा करते हैं, वह उनकी सहमति के बिना किसी तीसरे पक्ष को उपलब्ध कराई जा सकती है या उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसी तरह के एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को 'मेटा प्लेटफार्म्स इंक' और 'वाट्सऐप' को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि कोई भी कंपनी या मंच निजी जानकारी साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते।गौरतलब है कि आज एक मोबाइल नंबर लेने से लेकर बैंक में खाता खुलवाने तक, हर जगह संबंधित व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। कुछ मामलों में तो बायोमेट्रिक पहचान अनिवार्य है, अगर वह तीसरे पक्ष के हाथ लग जाए तो और भी कई तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं।यानी एक व्यक्ति की निजी जानकारी इतनी जगह चली जाती है कि वह तीसरे पक्ष के साथ कहां से साझा की गई, इसका पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है। सोशल मीडिया मंच पर भी यह जोखिम बना रहता है, क्योंकि ज्यादातर उपयोगकर्ता उनके नियम-शर्तों से अनभिज्ञ होते हैं।

*आज भारत नए प्रवेश के साथ आगे बढ़ने की बात करता है-डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है।*

## नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

(ललित गर्ग)

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता। विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि 'माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है' इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके। माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल महिलाओं का मामला मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

## विवाह से क्यों कतराने लगीं कामकाजी युवतियां

(क्षमा शर्मा)

पिछले दिनों तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया। हैदराबाद में एक व्यक्ति ने अदालत में अर्जी लगाई कि उसकी पत्नी नौकरीपेशा है, मगर न तो खाना बनाती है, न ही घर के कामों में उसकी मां, यानी अपनी सास की मदद करती है। उसका यह व्यवहार क्रूरता की श्रेणी में आता है, इसलिए इसे तलाक का आधार माना जाए। निचली अदालत ने उसकी अर्जी खारिज कर दी। वह व्यक्ति हाईकोर्ट पहुंचा। अदालत ने सारी दलीलें सुनने के बाद कहा कि आप एक बजे से रात 10 बजे तक काम करते हैं, जबकि आपकी पत्नी सवेरे नौ बजे से शाम छह बजे तक नौकरी करती है। इसलिए अगर वह सवेरे खाना नहीं बना पाती, तो इसे क्रूरता नहीं माना जा सकता। पति ने यह भी दलील दी कि पत्नी अक्सर अपने माता-पिता के घर रहने चली जाती है। उसके साथ नहीं रहती। इस पर भी अदालत ने याचिकाकर्ता को फटकारा कि उसके वक्तव्यों में विरोधाभास है। कभी उसने कहा कि पत्नी पांच महीनों तक उसके साथ रही, दूसरी बार कहा कि 21 महीनों की शादी में पत्नी बस दो-तीन महीने ही उसके साथ रही है। गर्भपात के बाद पत्नी का अपने माता-पिता के साथ रहना भी क्रूरता नहीं माना जा सकता। अदालत ने तलाक की उसकी मांग को खारिज कर दिया। अपने देश में यह अक्सर देखने में आता है कि जो महिलाएं घर चलाती हैं और नौकरी भी करती हैं, उनका जीवन तरह-तरह की कठिनाइयों से भरा रहता है। सुबह-सवेरे उठकर बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना, उनका नाश्ता बनाना, दोपहर का खाना बनाना, फिर दफ्तर की तरफ दौड़ना और वहां की आफतों को झेलना और यह भी सुनना कि महिलाएं कुछ काम नहीं करतीं, उनके लिए काफी कष्टदायी होता है। इन दिनों ऐसे वीडियो और रील की भरमार है, जिनमें सास, ससुर, ननद, अन्य नाते-रिश्तेदार स्त्रियों को यह ज्ञान बांटते दिखते हैं कि नौकरी करो या मत करो, घर के काम तो करने ही पड़ेंगे। घर में साथ रहने वाले सास, ससुर, अन्य नाते-रिश्तेदार सबकी देखभाल और उचित आतिथ्य की जिम्मेदारी बहू की ही है। वह थकान, अधिक काम या दफ्तर की किसी जरूरी मीटिंग में जाने की बात नहीं कह सकती। बहू या पत्नी के मतलब एक ऐसी कर्मचारी, जो किसी रोबोट की तरह चौबीस घंटे की नौकर है। घरेलू सहायिका को तो फिर भी हफ्ते में एक दिन छुट्टी देनी पड़ती है। उसकी खुशामद करनी पड़ती है, क्योंकि कहीं काम न छोड़ दे, लेकिन घर की स्त्री को यह अधिकार भी नहीं। विवाह का यह मतलब क्यों है कि कोई स्त्री बस रात-दिन काम करने, हर तरह की जिम्मेदारी उठाने और हर गलती अपने सिर लेने के लिए बनी है? बच्चे यदि कोई शरारत करें, उनसे कोई गलती हो जाए, तब भी सुनना पड़ता है कि कैसी मां है, बच्चों को कुछ नहीं सिखाया। कर्तव्य का सारा बोझ यदि पत्नी के ही सिर है, तो उसके कुछ अधिकार भी तो होंगे। कर्तव्य और अधिकार एक-दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरा नहीं चल सकता। अक्सर खबरें आती हैं कि किसी देश की जीडीपी को बढ़ाने में स्त्रियों का कितना भारी योगदान है। जितने काम एक स्त्री अपने बल पर निपटाती है, यदि उन सबके लिए खर्च करना पड़े, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी रकम खर्च होगी। यदा-कदा यह बात भी होती है कि घरेलू काम के लिए स्त्रियों को बाकायदा वेतन मिलना चाहिए, क्योंकि एक कामकाजी पुरुष को सप्ताह में एक दिन की साप्ताहिक छुट्टी मिलती है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5995

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी पूरा साथ देगा। इस दौरान आप खुलकर खरीदारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको ईमानदारी से काम करना होगा। आपके निजी संबंध प्रेमपूर्ण और प्रसन्नता दायक रहेंगे। पारिवारिक जीवन में आप रिश्तों को आप अच्छी तरह निभा पाएंगे। बच्चे और परिवार के सदस्यों की फरमाइश आप खुशी-खुशी पूरा करेंगे।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में दिन आपका अच्छा रहेगा। तकदीर भी आपका साथ देगी। कारोबार में विस्तार का योग बन रहा है। इससे आपको आर्थिक लाभ होगा। इस दौरान त्रिपक्षीय साझेदारी से भी लाभ मिलता हुआ दिख रहा है। निजी संबंधों में किसी तीसरे व्यक्ति के आने से रिश्तों में तनाव रहेगा। आज का दिन मनोबल में वृद्धि करने वाला रहेगा।

### मिथुन
आज आपको दूसरों से बहुत अधिक अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। दूसरों के सहारे बैठे रहेंगे तो जीवन संघर्ष में ही बीत जाएगा। व्यावसायिक मामलों में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं। इसे में आपके लिए जरूरी है कि अपनी सोच को स्पष्ट रखें। कार्यों में सफलता पाने के लिए आपको तेजी से फैसले लेने पड़ेंगे।

### तुला
आज आपकी किसी महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने का समय है। इससे आपको मानसिक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी। करियर में एक नए दौर की शुरुआत होगी। नए अवसर सामने आएंगे और आपको इसके लिए पहले से ही तैयार रहना होगा। लापरवाही से मौका आपके हाथ से निकल सकता है। आज आपको कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज निजी और व्यावसायिक मामलों में आपको सफलता मिलेगी। मुश्किल से मुश्किल कार्यों को आप आसानी से पूरा कर लेंगे। लव लाइफ भी आपकी खुशनुमा रहेगी। दिखावा करने वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। वहीं, खरीदारी करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। कार्यों को ईमानदारी से करने की कोशिश करें। विशेष रूप से आप अपनी वाणी और व्यवहार कुशलता का लाभ ले पाएंगे।

### धनु
आज आपको हर काम सतर्कता के साथ करना होगा। छोटी सी भी लापरवाही से कोई सुनहरा अवसर आपके हाथ से निकल सकता है। एक साथ कई बदलाव आपके लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। इस दौरान मकर राशि का कोई व्यक्ति आपके काम आएगा। अध्यात्म की तरफ भी आपका झुकाव रहेगा।आप अपनी व्यवहार कुशलता और वाणी कौशल से लाभ पाने में सफल होंगे।

### कर्क
आज निजी संबंधों को लेकर आपको सतर्क रहना होगा। आपको मतभेद का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको जरूरत के समय परिवार के सदस्यों और दोस्तों से भी मदद नहीं मिलेगी। इससे आप थोड़े परेशान रह सकते हैं। आपके मुश्किल वक्त में वृश्चिक राशि का कोई व्यक्ति मदद के लिए आगे आएगा। आपको कल कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का मौका मिलेगा।

### सिंह
आज दिनभर ऊर्जावान रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रभाव से युवा वर्ग के कर्मचारी आपसे प्रोत्साहित होंगे। इस दौरान आपकी पुत्री अपने करियर को लेकर कुछ अहम फैसले ले सकती है। कुछ जातकों के निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। अपने अंदर की आवाज को सुने और उसे प्राथमिकता दें। सत्ता पक्ष और वरिष्ठ लोगों से भी आपको सहयोग और सम्मान मिलने का योग है।

### कन्या
आज आपको करियर में आपको नए अवसर मिलेंगे। सफलता पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आज के दिन अपनी भावनाओं को छिपाने की बजाय खुलकर व्यक्त करें। दूसरों की गलतियों को माफ करने की कोशिश करें। कोई भी फैसला लेते समय अपने दिन की आवाज को सुने।

### मकर
आज आपके जीवन में प्रसन्नता आएगी। किसी भी प्रकार के नकारात्मक विचारों को खुद से दूर रखें। ऐसा न करने पर आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। वहीं, मिथुन राशि के किसी व्यक्ति से आपको सहयोग प्राप्त हो सकता है। इससे आपके जीवन में प्रसन्नता आएगी। निजी जीवन में वादा करने से बचेंगे तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आज शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढने का मौका मिलेगा।

### कुंभ
आपको आज कार्यक्षेत्र में कोई लाभदायक अवसर मिल सकता है। साथी सहकर्मियों विशेष रूप से विपरीतलिंगी सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा। आपके लिए भाग्य कल कारोबार में लाभ का अवसर तैयार कर रहा है इसलिए आपको सजगता से अपने काम और अवसर पर ध्यान देने की जरूरत है। अच्छी बात यह भी है कि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो वहां आपके लिए लाभ का संयोग बनेगा।

### मीन
आज आपको हीनता और श्रेष्ठता के भाव से ऊपर उठकर कार्य करना होगा। निजी और व्यवसायी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। वरिष्ठ लोगों को आपसी सहायता की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में उनकी मदद के लिए आपको तैयार रहना होगा। पारिवारिक मामलों में अड़ियल रवैया न अपनाएं। आज का दिन करियर और कारोबार के लिहाज से भाग्यशाली रहेगा।

### वर्ग पहेली 5996

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसे विश्व की छत भी कहा जाता है (3)
4. पश्चिमी भारत में स्थित एक राज्य है जहां का प्रसिद्ध व्यंजन खमण है (4)
7. फूल जैसा बदन या कोमल अंगों वाला या वाली (5)
8. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
9. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है जिसे अंग्रेजी में रोज कहा जाता है (3)
12. अख्यात, अप्रसिद्ध, गुमनाम (3)
13. मैथिलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
15. किसी शरहर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
17. खुदपरस्त, खुदगर्ज, स्वार्थी (4)
19. दरवेश, भिक्षुक, भिखमंगा (3)
21. लोहार का बड़ा हथौडा (2)
22. किसी फूल का अर्धविकसित रूप (2)
23. शिगाफ, दरज (3)
24. जलधि, उदधि, समुद्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. जुगाली, चर्वण, रोमंथ (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. एक वृक्ष के रस को पकाकर बनाया जाने वाला अत्यंत लचीला पदार्थ (3)
4. अस्पष्ट व धीर-धीरे बोलना या गाने की क्रिया यह कहलाती है (5)
5. पशुओं का दैनिक आहार, एक दिन की खुराक (3)
6. सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
10. खरी-खोटी, अपशब्द, बेहूदा बातें (4)
11. इशारा, इंगित, प्रतीक (3)
13. इस वेद से भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
14. तहखाना, जमीन के नीचे का बना कमरा (4)
16. बंसी या बांसुरी को यह भी कहा जाता है (3)
18. सपेरों का प्रसिद्ध वाद्य (2)
20. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)

### वर्ग पहेली 5995 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | | वा | ल्मी | कि | | सी |
| फ | ल | दा | न | | शो | ध | क |
| मि | क | दा | र | | र | न | र |
| नि | | | | शं | कु | | |
| स्ट | डी | | | का | मा | य | नी |
| र | न | वे | | क | र | दा | ता |
| | | त | | र्ता | | क | |
| सा | ध | न | | | मै | दा | न |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बड़े व्यवसायी ने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से लगाई छलांग, मौके पर मौत

**रांची।** शहर के प्रसिद्ध कारोबारी अनुराग सरावगी ने ब्लेयर अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार देर रात की है। रांची पुलिस आत्महत्या का कारण और दूसरे तथ्यों को लेकर जांच में जुटी हुई है। रांची के जाने-माने बिल्डर और मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर 45 वर्षीय अनुराग सरावगी ने गुरुवार रात ब्लेयर अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह फ्लैट में अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चे तमिलनाडु में रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे। देर रात तक पुलिस को कारणों का पता नहीं चला, लेकिन प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी देते हुए अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि गुरुवार की रात सभी सोने चले गए थे तभी किसी के बहुत ऊपर से गिरने की आवाज आई, दौ? कर जाने पर अनुराग सर का शव जमीन पर मिला, जहां उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। उनका मोबाइल फोन पूरी तरह चकनाचूर हो गया था, जिसे फॉरेंसिक टीम ने जब्त कर लिया है। अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर उनके वृद्ध माता-पिता मौजूद थे, जबकि दूसरे फ्लोर पर उनका एक और फ्लैट अंदर से बंद मिला। पुलिस को दिए बयान में घर की नौकरानी ने बताया कि अनुराग जब घर लौटे तो फोन पर किसी से जोर-जोर से बात कर रहे थे और बेहद उत्तेजित लग रहे थे। नौकरानी ने कहा, साहब फोन पर किसी से बहस कर रहे थे। फिर अचानक बाहर चले गए। फिर अचानक उनके बालकनी से गिरने की आवाज आई।

### रांची में फिर हुई फायरिंग, कोयला और ईंट कारोबारियों को पर्चा फेंक दी गई धमकी

**रांची।** राजधानी में कहीं अपराधी फायरिंग कर रहे हैं तो कहीं उग्रवादी। दोनों के ही निशाने पर कारोबारी ही हैं। ताजा मामला रांची के खलारी थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र स्थित डकरा कांटा घर में टीएसपीसी उग्रवादियों ने शुक्रवार की सुबह फायरिंग कर दहशत फैला दी। शुक्रवार की सुबह रांची के डकरा कांटा घर में टीएसपीसी उग्रवादियों द्वारा हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी गई। कांटा घर के कर्मचारियों के अनुसार बाइक सवार अपराधी अचानक शुक्रवार की सुबह पहुंचे और हवाई फायरिंग करते हुए, पर्चा फेंक फरार हो गए। फायरिंग के बाद कांटा घर में दहशत फैल गई और कामकाज बंद हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही खलारी पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी जांच के दौरान बाइक सवार अपराधी फायरिंग करते दिखे हैं। फायरिंग की जिम्मेवारी टीएसपीसी संगठन के द्वारा ली गई है। फायरिंग के बाद टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा इसकी जिम्मेवारी ली गई है। पर्चे में सुदर्शन जी के नाम से कोयला और ईट कारोबारियों को धमकी दी गई है। उग्रवादी पर्चे में लिखा गया है कि कोई भी अगर संगठन को बिना जानकारी दिए और बिना अनुमति के काम करेगा तो वह अपने जानो माल का खुद जिम्मेवार होगा। वहीं दूसरी तरफ खलारी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने बताया कि फायरिंग की घटना की जांच शुरू कर दी गई है। फायरिंग करने वाले अपराधी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा। आपको बता दें कि राजधानी रांची में फायरिंग कर दहशत फैलाने की तीन दिनों के भीतर यह दूसरी घटना है। बुधवार को रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र में भी राहुल सिंह गैंग के द्वारा फायरिंग की गई थी। जिसमें कार शो रूम के संचालक को धमकी देते हुए रंगदारी की मांगी की गई थी।

### संथाल की 'स्वास्थ्य राजधानी' का हल! देवघर सदर अस्पताल में लाखों का टैंकर बना शो-पीस

**देवघर।** संथाल परगना की पहचान अगर किसी जिले से होती है, तो वह देवघर है। छह जिलों की आबादी देवघर को एक भरोसेमंद हेल्थ सेंटर मानती है। एम्स जैसे बड़े संस्थान और कई निजी अस्पताल यहां मौजूद हैं, लेकिन जिले के सबसे अहम सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नहीं है। सदर अस्पताल परिसर में जमीन पर पड़ा विशाल ऑक्सीजन टैंकर इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। कोरोना काल में ऑक्सीजन संकट से निपटने के लिए लाखों रुपये खर्च कर खरीदा गया यह टैंकर वर्षों से यूं ही पड़ा है। हालत यह है कि अब टैंकर पर घास उग आई है, मशीनें जंग खा रही हैं और ऑक्सीमीटर धीरे-धीरे जवाब दे चुके हैं। स्थानीय अधिकारियों से पूछने पर साफ कहा गया कि यह ऑक्सीजन टैंकर कई सालों से इसी हालत में पड़ा है। कोरोना जैसी भयावह आपदा के समय लाया गया यह संसाधन आज तक मरीजों के किसी काम नहीं आ सका, यानी कागजों में खरीदी गई सुविधा, जमीन पर सिर्फ कबाड़ बनकर रह गई है। मामले पर देवघर के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ। बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि पदभार संभालने के बाद उन्होंने इस विषय में जानकारी ली है। उनके अनुसार एक स्टेबलाइजर की कमी के कारण ऑक्सीजन टैंकर का इंस्टालेशन अब तक नहीं हो पाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द टैंकर को दुरुस्त कर इंस्टॉल किया जाए, ताकि सदर अस्पताल सहित आसपास के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को भी बिना रुकावट ऑक्सीजन मिल सके।

**गिरिडीह कारीपहाड़ी जंगल हत्याकांड का खुलासा**

# दूसरी शादी की साजिश में पत्नी की हत्या, पति-सास समेत सात गिरफ्तार

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र स्थित कारीपहाड़ी जंगल में 30 जनवरी को एक अज्ञात महिला का अर्द्धजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

एसआईटी ने एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट और तकनीकी टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान डुमरी थाना क्षेत्र से 28 जनवरी 2026 को लापता शाहिना प्रवीण का मामला सामने आया, जिसके बाद परिजनों की मौजूदगी में शव की पहचान कराई गई।

**पति और सास ने कबूली हत्या :** अर्द्धजले कपड़ों, शरीर पर पुराने निशानों और घटनास्थल पर मिली चूड़ियों के आधार पर मृतका की पहचान शाहिना प्रवीण (पति- जाबीर अंसारी, निवासी- चिनो, थाना- डुमरी) के रूप में हुई। मृतका के पिता ताहुल अंसारी के आवेदन पर बगोदर थाना में कांड संख्या 20/26 दर्ज कर बीएनएस की धारा 103(1), 238 और 3(5) के तहत हत्या कर शव जलाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति जाबीर अंसारी और सास जैबुन निशा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शाहिना की कारीपहाड़ी जंगल में हत्या कर पहचान छिपाने के लिए शव जला दिया।



**दूसरी शादी की नीयत से रची गई थी साजिश :** पुलिस पूछताछ में इस जघन्य हत्याकांड में सराफत अंसारी, वकील अंसारी उर्फ रॉकी, गुड्डु अली और दो किशोरों की संलिप्तता भी सामने आई, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पति जाबीर अंसारी दूसरी शादी करने की नीयत से पत्नी की हत्या की साजिश रच रहा था।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन, मृतका के कपड़े-चूड़ियां, अभियुक्तों के पहने कपड़े, माचिस, बोतल और जुट का बोरा बरामद किया है। पूरे मामले के उद्भेदन में बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में बगोदर थाना प्रभारी विनय यादव, सरिया अंचल पुलिस, तकनीकी शाखा और रिजर्व गार्ड की अहम भूमिका रही। पुलिस आगे की विधिसम्मत कार्रवाई में जुटी है।



## ाालिनी गुप्ता सहित सैकड़ों ने थामा दामन, सियासी सरगर्मी तेज

**कोडरमा, एजेंसी।** गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोडरमा पहुंचे, जहां आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शालिनी गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मुख्यमंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मैइया सम्मान योजना' के जरिए राज्य की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और उन्हें सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि झारखंड विकास की पटरी पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब विदेशी निवेशक भी राज्य में निवेश को लेकर रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेएमएम के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है, इसी विश्वास के कारण बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।शालिनी गुप्ता का राजनीतिक सफर कोडरमा में हमेशा चर्चा का विषय रहा है। पहले वह भाजपा से जुड़ी रहीं और 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए तीसरे स्थान पर रहीं। 2024 के चुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करीब 70 हजार वोट हासिल कर अपनी मजबूत राजनीतिक मौजूदगी दर्ज कराई।

## हादसा या खुदकुशी? छठी मंजिल से गिरने से बिल्डर अनुराग सरावगी की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में स्थित ब्लेयर अपार्टमेंट में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। अपार्टमेंट की छठी मंजिल से गिरने के बाद एक व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जाने-माने बिल्डर अनुराग सरावगी के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।



**पत्नी और बेटे गए थे चेन्नई :** मिली जानकारी के मुताबिक, घटना के समय अनुराग सरावगी अपार्टमेंट में अकेले थे। उनकी पत्नी और बेटा किसी काम से चेन्नई गए हुए थे। देर रात अचानक अपार्टमेंट परिसर में तेज आवाज सुनाई दी, जिससे वहां रहने वाले लोग बाहर निकल आए। जब लोगों ने नीचे देखा तो एक व्यक्ति गंभीर हालत में पड़ा हुआ मिला। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** सूचना मिलते ही सिटी एसपी पारस राणा, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि घायल व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी मौके पर पहुंची और जरूरी सबूत जुटाए।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों और हालात की बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद ब्लेयर अपार्टमेंट और आसपास के इलाके में शोक और डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुराग सरावगी मिलनसार और सामान्य स्वभाव के व्यक्ति थे और उनके किसी विवाद की जानकारी भी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## देवघर में महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात की तैयारी

### पारंपरिक झांकी के साथ 'साइबर दैत्य' भी होगा; साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने की कोशिश

**देवघर, एजेंसी।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवरात्रि पर इस बार भी भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी की जा रही है। इस बार यह बारात पौराणिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेगी। मान्यता है कि शिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह होता है, जिसमें सिंदूरदान की परंपरा विशेष महत्व रखती है। यह परंपरा देवघर की शिव बारात को देशभर में अलग पहचान दिलाती है।



**झांकियों में पौराणिक पात्रों को दर्शाया जाएगा :** शिव बारात में हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न झांकियां शामिल होंगी। इनमें भूत-प्रेत, साधु-संत, देवी-देवताओं और पौराणिक पात्रों को दर्शाया जाएगा। इन झांकियों को तैयार करने का काम महाशिवरात्रि से लगभग एक माह पहले शुरू हो जाता है, जिसमें स्थानीय कलाकार, कारीगर और युवा भाग लेते हैं।

साइबर अपराधों से सतर्क रहने की दी जाएगी सीख

इस वर्ष की शिव बारात का मुख्य आकर्षण 'साइबर दैत्य' की झांकी होगी। इसका उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल ठगी के प्रति लोगों को जागरुक करना है। यह झांकी एक गंभीर सामाजिक समस्या को धार्मिक और सांस्कृतिक मंच के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है, ताकि लोग साइबर अपराधों से सतर्क रह सकें।

**पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना :** शिवरात्रि पर देवघर में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं और शिव बारात में शामिल होते हैं। अनुमान है कि इस बार पांच लाख से अधिक श्रद्धालु देवघर आएंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। बारात मार्ग पर बैरिकेडिंग, पुलिस बल की तैनाती और निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहे।

**संस्कृति और सामाजिक संदेश का एक संगम :** देवघर की शिव बारात अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सामाजिक संदेश का एक संगम बन गई है। यह हर साल बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करती है।

## धनबाद के पलानी में नकली शराब बरामद





**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पलानी गांव में उत्पाद विभाग ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में जिला पुलिस बल का भी सहयोग लिया गया।

उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि पलानी स्थित शिवचरण महतो के घर में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब का भंडारण और कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उत्पाद सिपाहियों की टीम ने शिवचरण महतो के घर पर दबिश दी।

छापेमारी की भनक लगते ही शराब हटाने का प्रयास किया गया, जिसके कारण मौके पर अपेक्षित मात्रा में शराब नहीं मिल सकी। हालांकि, तलाशी के दौरान टीम ने घर से लगभग 18 से 25 लीटर नकली अंग्रेजी शराब बरामद की। उत्पाद अधिकारी जॉय हेंब्रम ने बताया कि बरामद नकली अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 20 से 25 हजार रुपए है। उन्होंने पुष्टि की कि मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। उत्पाद अधिकारी ने यह भी बताया कि जिले में नकली और अवैध शराब का कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। विभाग ऐसे अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी अभियान चला रहा है।

## झारखंड में फिर ठंड बढ़ने की संभावना:अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट के संकेत

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में अगले 24 घंटों के दौरान ठंड बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार से राज्य में तापमान में गिरावट शुरू होगी और रात के समय ठिठुरन बढ़ेगी। सुबह के समय कुहासा छाने की भी संभावना जताई गई है। अगले तीन दिनों के भीतर रांची के न्यूनतम तापमान में करीब पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।



राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह हल्के से मध्यम कुहासे का असर देखने को मिलेगा। बुधवार को राजधानी समेत राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शुक्रवार से आसमान साफ होने की संभावना है, जिससे सर्द हवाओं का प्रभाव और बढ़ेगा।

**सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियसम गुमला में रिकॉर्ड :** पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे का कोहरा/कुहासा देखा गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा एवं सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियसम गुमला में दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को सुबह में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे का कोहरा/कुहासा और बाद में आसमान मुख्यत साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे (2-3) डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

### हिमालय की बर्फबारी का दिख सकता है असर

रांची मौसम केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले 24 घंटों के बाद ठंड और बढ़ सकती है। न्यूनतम के साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी।

खूंटी, गुमला, पलामू, हजारीबाग और रामगढ़ में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। दक्षिणी जिलों पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा खरसावां में भी न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। सुबह हल्का कोहरा और दिन में ठंडी हवाएं लोगों को ठंड का एहसास कराएंगी।

----

# पैसों के अभाव में आंगनबाड़ी में बच्चों को सेविकाएं उधार लेकर खिला रहीं

**गढ़वा, एजेंसी।** जिले में सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत छह माह से तीन वर्ष के बच्चों को पोषाहार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सेविकाएं दुकान से उधार लेकर बच्चों को जुलाई माह से ही पोषाहार उपलब्ध करा रही हैं। जिले के 1354 आंगनबाड़ी केंद्रों में 49551 बच्चे अध्ययनरत हैं।

जिन्हें सात माह से पैसों के अभाव में पोषाहार सरकार की ओर से नहीं मिल पा रहा है। सेविकाओं के अनुसार सात माह में उधार लेकर सभी केंद्र मिलाकर करीब 44 करोड़ की पोषाहार उपलब्ध कराया जा चुका है। इतना ही नहीं उधार लेकर पोषाहार उपलब्ध कराने के बाद भी सेविकाओं को बाजार मूल्य से कम ही राशि सामग्रियों का निर्धारित किया गया है। जिससे सेविकाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विदित हो कि जिले में कुल नौ परियोजना है। जहां 1354 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जाता है।

आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा के जिलाध्यक्ष सह आंगनबाड़ी केंद्र मेराल चरका पत्थर की सेविका विभा रानी ने बताया कि विगत जुलाई माह से पोषाहार का राशि नहीं मिली है। सात महीने में प्रति आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 33000 रुपए के लगभग राशि दुकानदार का बकाया है। जिस कारण अब दुकानदार उधार देने के लिए हाथ उठाने लगे हैं।



वहीं दूसरी विसंगति बाजार भाव के अनुसार सामग्री का राशि नहीं मिलता है। बाजार में सामग्री का दाम बहुत अधिक लगता है। जबकि सरकार द्वारा दाल 86 रुपए प्रति किलो, तेल 100 लीटर, चीनी 38 रुपए, बादाम दाना 110 रुपए, गुड़ 38 रुपए, चाना 53 रुपए प्रति किलो खरीदी के लिए राशि निर्धारित है। इतना ही नहीं एक महीने पोषाहार बनाने के लिए 100 रुपए जलावन का दिया जाता है। जबकि एक महीने पोषाहार बनाने के लिए 1000 रुपए से अधिक का जलावन खरीदना पड़ता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अभी तक आधे से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र में गैस सिलेंडर भी नहीं मिला है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र तक चावल ले जाने के लिए किराया राशि भी नहीं मिलता है। यही बात आंगनबाड़ी केंद्र मेराल बाजार टोला की सेविका नागवंती देवी, मेराल छव आनाटोला की सेविका प्रभावती देवी, माधुरी टोला की सेविका सुषमा देवी, बाना राम बांध की सेविका सबिता देवी, लखेया मल्लाह टोला की सेविका तेतरी देवी ने भी बताया है। राज्य से स्वीकृति प्राप्त हो गई है : डीसी : उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि राज्य से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जल्द ही पोषाहार का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। वहीं सेविकाओं का बकाया राशि नवंबर माह तक भुगतान कर दिया गया है। शेष का भी जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा।



# आलिया भट्ट साझा की दिल की बात

आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनके मुताबिक 2022 में मां बनने के बाद उनके अंदर कई बदलाव आए हैं। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि वह अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्यों कहा है?

## सोशल मीडिया क्यों डिलीट करना चाहती हैं आलिया?

एस्क्वायर इंडिया से बातचीत में आलिया भट्ट ने बताया कि कई बार लगता है कि सोशल मीडिया से दूरी बना ली जाए और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दिया जाए। एक अभिनेत्री होने के नाते अभिनय ही असली पहचान है। लगातार ऑनलाइन मौजूद रहने का दबाव कई बार थका देता है। आलिया के मुताबिक कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मन करता है कि सारे सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिए जाएं। एक एक्ट्रेस के तौर पर जिया जाए।

## मां बनने के बाद हुए बदलाव

आलिया ने आगे कहा जब अपनी निजी जिंदगी को सबके सामने लाने की बात आती है, तो थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरी फोटो एल्बम राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए सच में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। आलिया भट्ट ने यह भी बताया कि मां बनने के बाद उनमें कई बदलाव हुए हैं।

## आलिया भट्ट का परिवार

आपको बता दें कि आलिया भट्ट ने कई वर्षों तक रणबीर कपूर को डेट करने के बाद अप्रैल 2022 में शादी की। उनकी पहली बच्ची राहा का जन्म नवंबर 2022 में हुआ।

## आलिया भट्ट का वर्कफ्रंट

आलिया भट्ट जल्द ही संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाली हैं। इसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में होंगे। इसके अलावा वो यशराज फिल्म्स की अल्फा का भी हिस्सा हैं, जिसमें शरवरी वाघ और बॉबी देओल भी नजर आएंगे।



# रकुल प्रीत ने खोली बॉलीवुड में पेड पीआर की पोल

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने इंडस्ट्री में चल रहे पेड पीआर को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने पीआर कल्चर की भी असलियत के बारे में बात की। रकुल ने उन अभिनेताओं के बारे में भी बात की जो अपने काम की वजह से नहीं बल्कि पर्दे के पीछे होने वाले प्रचार की वजह से चर्चा में रहते हैं।

हम सभी को थोड़ा पीआर करना पड़ता है जूम टीवी के साथ बातचीत के दौरान रकुल प्रीत सिंह ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पैसे लेकर की जाने वाली पीआर पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग ऐसा क्यों करते हैं। रकुल ने कहा कि हम सभी को थोड़ा-बहुत पीआर करना पड़ता है। हमें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी पड़ती है। कुछ लोग तो दूसरों की बुराई करने तक चले जाते हैं। मेरा मतलब है, जीवन में आप कितने नकारात्मक हो सकते हैं? आप खुद से कैसे संतुष्ट हो सकते हैं? मेरा सबसे बड़ा सवाल यही है। मुझे लगता है कि अच्छे कर्मों का फल अच्छा ही मिलता है। अच्छा कर्म करने से ही फल मिलता है। मैं इसी सोच की हूं। मेरा दिमाग स्वाभाविक रूप से पीआर पर नहीं चलता।

## पैपराजी को लेकर की बात

अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें पैपराज़ी द्वारा तस्वीरें खींचे जाने की चिंता नहीं है। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरी मां कभी-कभी मुझे फोन करके पूछती हैं, 'तुमने क्या पहना है? इस महीने पाँचवीं बार तुम्हारी उसी जींस में तस्वीर खींची गई है।' तो लोग जब भी बाहर जाते हैं तो अच्छा दिखने की कोशिश करते हैं। पैपराजी यहां कैसे आ जाते हैं? कभी आप सजे-धजे होते हैं और कभी नहीं। यह ठीक है। इसलिए मुझे लगता है कि खुद पर इतना दबाव मत डालो।

## 'रामायण' के अलावा इन फिल्मों का हिस्सा हैं रकुल

वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आई थीं। वहीं उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में 'पति पत्नी और वो दो' है, जिसमें आयुष्मान खुराना और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 3' में भी हैं। वहीं रकुल नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित मल्टीस्टारर मच अवेटेड फिल्म 'रामायण' का भी हिस्सा हैं। रणबीर कपूर की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में रकुल सूर्पनखा की भूमिका में नजर आएंगी। दो पार्ट में बनने वाली इस फिल्म का पहला पार्ट दिवाली 2026 पर रिलीज होना है।

# आदिवी शेष की 'डकैत' की बदली रिलीज डेट, 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' बनी वजह!




19 मार्च 2026 को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगी। क्योंकि इस दिन बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर: द रिवेंज' रिलीज होने वाली हैं। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इन्हीं फिल्मों के साथ 19 मार्च को आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत: एक प्रेम कथा' भी रिलीज होनी थी। लेकिन अब 'डकैत' के मेकर्स ने इस क्लैश से बचने के लिए अपनी फिल्म आगे बढ़ा ली है।

## अब 10 अप्रैल को होगी रिलीज

'टॉक्सिक' और 'धुरंधर: द रिवेंज' जैसी बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए 'डकैत' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 मार्च को रिलीज होने वाली 'डकैत' अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फैसले की वजह 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' जैसी फिल्मों की क्लैश से होने वाले नुकसान से बचना है। ताकि 'डकैत' लंबे समय के लिए सिनेमाघरों में बनी रहे और दर्शक जुटाती रहे।


# दामिनी वाले अंदाज में लौटे सनी देओल, अक्षय खन्ना से होगा मुकाबला



**1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' में एक साथ सनी देओल और अक्षय खन्ना नजर आए थे। अब 29 साल बाद दोनों एक साथ कोर्ट रूम ड्रामा मूवी 'इक्का' में साथ नजर आने वाले हैं। जिसकी खास झलक आज जारी की गई है। जिसे देखने के बाद फैंस बहुत उत्साहित हैं।**

ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स ने एक इवेंट में अपने इंडिया प्लान की घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज से पर्दा उठ गया है। इसी के साथ यह भी पता चला है कि सनी देओल ओटीटी पर धाक जमाने आ रहे हैं। उनकी फिल्म 'इक्का' रिलीज होगी। इसमें वे वकील के रूप में नजर आएंगे।

## सनी देओल से भिड़ेंगे अक्षय खन्ना



सनी देओल अभिनीत फिल्म 'इक्का' में अक्षय खन्ना भी नजर आएंगे। फिल्म 'दामिनी' में सनी देओल ने वकील की भूमिका दमदार तरीके से अदा की। उनके डायलॉग आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं। कुछ इसी अंदाज में एक बार फिर उन्हें देखा जा सकेगा। वहीं, 'धुरंधर' में रहमान डकैत की भूमिका से दर्शकों का दिल जीतने के बाद अक्षय एक बार फिर नेगेटिव रोल में नजर आएंगे।



# 'धुरंधर द रिवेंज' में हुई यामी गौतम की एंट्री?

**'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है, लेकिन लोगों ने इसकी काफी आलोचना की, क्योंकि इसमें पहले भाग के क्लाइमेक्स सीन ही ज्यादा दिखाए गए हैं। वहीं ताजा जानकारी के अनुसार 'धुरंधर' के सीक्वल में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं?**

खबर के अनुसार, यामी गौतम 'धुरंधर: द रिवेंज' में एक खास कैमियो रोल में नजर आएंगी। उनका किरदार एक्शन से भरपूर और कहानी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। यामी ने इस रोल के लिए लगभग 5 दिन की शूटिंग की है। हालांकि ये कैमियो है, लेकिन ये इतना खास और सरप्राइजिंग होगा कि दर्शक चौंक जाएंगे। यामी ने 'काबिल', 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक', 'ए थर्सडे', 'आर्टिकल 370', 'बाला' जैसी फिल्मों में दमदार रोल के अलावा हाल ही में 'हक' में भी सराहना बटोरी है। पहली फिल्म 'धुरंधर' 2025 में सुपरहिट रही थी। अब इस सीक्वल में ज्यादा डार्क, एक्शन और प्रतिशोध की कहानी होगी। फोकस रणवीर सिंह के किरदार जसकिरत सिंह रंगी (जो हमजा के नाम से भी जाना जाता है) की असली पहचान और उसके अगले मिशन पर होगा। पहली फिल्म में रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) की मौत के बाद, अब हमजा बड़े साजिशकर्ताओं खासकर 'बड़े साहब' को पकड़ने की कोशिश करेगा। फिल्म में आर. माधवन (इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर अजय सान्याल) की भूमिका और बड़ी होगी। वो हमजा को एडवांस ट्रेनिंग देंगे। कुल मिलाकर, ये सीक्वल पहले से ज्यादा एक्शन और रिवेंज वाली होगी।

## विक्की कौशल आएंगे नजर?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल अपनी 2019 की फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' वाले किरदार मेजर विहान सिंह शेरगिल को फिर से निभा सकते हैं। निर्देशक आदित्य धर ने दोनों कहानियों के समय में फर्क होने के बावजूद 'उरी' का एक ट्रैक शामिल किया है। इसमें कुछ एक्शन सीन होंगे, लेकिन ये साफ नहीं है कि विक्की का किरदार रणवीर सिंह के किरदार से मिलेगा या नहीं। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में इस अफवाह को खारिज भी किया गया है।



# कंटेंट आधारित और सामाजिक रूप से जागरूक फिल्में करना पसंद है



भूमि पेडनेकर की वेब सिरीज 'दलदल' सिर्फ एक क्राइम-थ्रिलर कहानी नहीं है, बल्कि इसमें बचपन हुए ट्रॉमा पर भी बात की गई है। बातचीत में भूमि ने फिल्म में दिखाए गए वॉयलेंस और उसे दिखाने के उद्देश्य पर चर्चा की। इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी काफी कुछ साझा किया।

**पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर मेल एक्शन और वॉयलेंस ट्रेंड में रहा। ऐसे माहौल में आपकी सीरीज का वॉयलेंस कहां खड़ा होता है?**

सीरीज में वॉयलेंस है, लेकिन मैं इसे महिला बनाम पुरुष के नजरिए से नहीं देखती। मेरे लिए वॉयलेंस का कोई जेंडर नहीं होता। असली बात यह है कि कहानी में वॉयलेंस दिखाया क्यों जा रहा है ? यहां वॉयलेंस सिर्फ दिखावे के लिए नहीं बल्कि किरदारों की मनोवैज्ञानिक हालत और उनके भीतर के ट्रॉमा को समझाने के लिए है। जब किसी के अंदर इतनी घुटन हो तो प्रतिक्रिया भी तीखी ही होगी। ऐसे में दलदल का वॉयलेंस मुझे जरूरत के मुताबिक लगता है न कि बनावटी।

**क्या पर्सनल लाइफ में कभी कोई दर्दनाक अनुभव हुआ?**

जी हां। हम सबकी जिंदगी में कुछ न कुछ ऐसा जरूर होता है जो भीतर एक तरह का ट्रॉमा छोड़ जाता है। यह हमेशा बहुत बड़ा नहीं होता। कभी बचपन में कोई बुरा अनुभव हो जाए, कोई बैड टच हो, या स्कूल में किसी ने बुली कर दिया हो। उस समय हम आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन हमारी बॉडी उस अनुभव को याद रखती है। वह याद हमारे शरीर में कहीं न कहीं दर्ज हो जाती है। औरत होने के नाते अगर कभी आपको खतरा महसूस हुआ हो, कोई आपको दूर से घूरता रहा हो, या किसी की मौजूदगी ने आपको असहज कर दिया हो, तो वह भी ट्रॉमा ही है।

**कठिन अनुभवों से बाहर आने में आपकी सबसे बड़ी ताकत कौन रहा?**

कठिन अनुभवों से बाहर आने में मेरे परिवार ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मैं खुद को बहुत लकी मानती हूं कि मेरे पास ऐसा परिवार है। स्कूल के दिनों में भी मेरे साथ कुछ बातें हुईं, लेकिन मैं हमेशा अपने माता पिता के पास जा सकती थी। वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। मुझे पता था कि वे बिना जज किए मुझे समझेंगे और संभालेंगे।

**आपको अक्सर सामाजिक मुद्दों वाली फिल्मों से जोड़ा जाता है। क्या यह टैग आपको सीमित करता है?**

हां, मेरी फिल्मों में अक्सर सामाजिक मुद्दे दिखाई देते रहे हैं और कुछ समय तक मुझे इस बात का डर भी था कि कहीं मुझे सिर्फ सामाजिक विषयों वाली फिल्मों का टैग न मिल जाए। पहले यह सवाल मुझे थोड़ा परेशान कर देता था क्योंकि लगता था कि शायद लोग मुझे एक ही तरह की फिल्मों में देखने लगेंगे। लेकिन आज मैं इस बात पर गर्व महसूस करती हूं। पहले मैं इस टैग से भागती थी पर अब मुझे एहसास है कि यह एक तरह की जिम्मेदारी भी है और मुझे वह जिम्मेदारी निभाने में खुशी होती है मैं ऐसे ही काम करना चाहती हूं। मुझे कंटेंट आधारित और सामाजिक रूप से जागरूक फिल्में करना पसंद है ऐसी कहानियां जिनमें कोई सार्थक बात हो... जो किसी की सोच को बदल सकें या कम से कम प्रभावित कर सकें। अगर मेरा काम किसी की सोच को थोड़ा भी आगे बढ़ा सके तो मेरे लिए यही सबसे बड़ा पुरस्कार है।

**किस तरह के किरदार और निभाने की इच्छा है?**

मैं एक पीरियड फिल्म करना चाहूंगी। मैंने अब तक कोई पीरियड फिल्म नहीं की और मैं हमेशा से इस जोनर के प्रति बेहद आकर्षित रही हूं। हमारे इतिहास में कई महान औरतें, नेता और नायिकाएं रही हैं जिनके बारे में जानकर लगता है कि उन किरदारों को निभाना कितना प्रेरणादायक होगा। स्वतंत्र भारत या उससे पहले के दौर की किसी मजबूत महिला पर आधारित कहानी में काम करना मुझे बहुत पसंद आएगा।

**इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए कौन सा बदलाव देखना चाहेंगी?**

मैं हमेशा पे गैप के बारे में बात करती हूं क्योंकि मुझे लगता है कि हमारी इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए पे गैप अब भी बहुत ज्यादा है। खासकर पोस्ट पैंडेमिक इसका असर और भी बढ़ गया है और उसका पूरा बोझ औरतों को ही झेलना पड़ा है।मैं सच में उम्मीद करती हूं कि इसमें कुछ बराबरी आए। साथ ही मुझे लगता है कि महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को थिएटर में जितना स्पेस और अवसर मिलना चाहिए उतना अब नहीं मिल रहा। यह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।यह बदलाव सिर्फ इंडस्ट्री अपने आप नहीं ला सकती इसमें ऑडियंस की भी बड़ी भूमिका है। अगर ऑडियंस ऐसे कंटेंट को सपोर्ट करे तो महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को फिर से वह जगह मिल सकती है जिसकी वे हकदार हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर हवाई अड्डे पर रनवे छूकर फिर आसमान में उड़ा विमान

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरूवार को इंडियन एयरलाइंस के विमान को पहले प्रयास में लैंडिंग छोड़कर वापस उड़ान भरनी पड़ी। मुंबई से जयपुर पहुंचा विमान दस मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा। इसके बाद पायलट ने दूसरे प्रयास में सुरक्षित लैंडिंग की। जानकारी के अनुसार, पायलट ने दोपहर 1:10 बजे लैंडिंग का प्रयास किया लेकिन रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। इसके बाद 1:21 बजे दोबारा विमान सफलतापूर्वक उतारा जा सका। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने में भी इसी तरह की घटना हुई थी।

### रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग मामले में 5 गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मशहूर फिल्मकार रोहित शेट्टी के मुंबई के जुहू इलाके में स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग के सभी पांच आरोपितों को मुंबई की एस्प्लानेड कोर्ट ने छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा दिया है। रोहित शेट्टी के आवास के बाहर एक फरवरी को तड़के चार राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस ने उसी दिन चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पांचवे आरोपित आसाराम फासले को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार की आपूर्ति का आरोप है। उसे अन्य आरोपितों के साथ कोर्ट में पेश किया गया। जज ने आरोपितों को 11 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान, पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस घटना की जिम्मेदारी ली गई थी। आरोपित सिग्नल एप का इस्तेमाल करके संवाद करते थे। पुलिस ने चार आरोपितों की अधिकतम हिरासत और पांचवे आरोपित आसाराम फासले उर्फ बाबू के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपितों के तार लारेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य शुभम लोनकर से जुड़े हो सकते हैं।

### थाने के बाहर एक घंटे तक तड़पता रहा घायल युवक

**उदयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के उदयपुर में लूट की कोशिश के दौरान चाकू से घायल युवक थाने के सामने एंबुलेंस में करीब एक घंटे तक दर्द से तड़पता रहा, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं हुई। बाद में अस्पताल ले जाने पर उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, वह कृषि मंडी जा रहा था, तभी रेलवे लाइन के पास तीन बदमाशों ने उसे घेरकर लूट का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपितों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और फरार हो गए। आरोप है कि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने भेज दिया। थाने में रिपोर्ट लिखने में देरी होने से युवक एंबुलेंस में तड़पता रहा। मौत के बाद परिजनों ने डाक्टरों की कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है।

### दो नाबालिगों ने एआई से बनाई नौ लड़कियों की अश्लील फोटो, हिरासत में आरोपित

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में दो नाबालिग लड़कों ने नौ लड़कियों की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआइ) की मदद से अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उसे कुछ वाट्सएप नंबरों पर प्रसारित किया। लड़कियों की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। पीड़िता को उसके मोहल्ले में ही रहने वाले एक लड़के ने उसकी और उसकी दो सहेलियों की एआइ से बनी अश्लील तस्वीरें भेंजी। पीड़िता ने लड़के का मोबाइल छीनकर चेक किया, तो पता चला कि ये तस्वीरें न केवल एआइ से बनाई गई थीं, बल्कि वाट्सएप के जरिए अन्य दोस्तों को शेयर भी की जा रही थी।

# बिना कारण अलग रहने पर पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं, हाई कोर्ट ने परिवार न्यायालय के आदेश को रखा बरकरार

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए कहा है कि यदि कोई महिला बिना किसी वैध कारण के अपने पति से अलग रहने का निर्णय लेती है, तो वह भरण-पोषण की हकदार नहीं होगी।

इस निर्णय में परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पत्नी को मासिक भरण-पोषण नहीं दिया जाना चाहिए।

यह फैसला वैवाहिक विवादों में कानूनी मानकों में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें न्याय का आधार केवल वैवाहिक संबंध नहीं, बल्कि आचरण भी महत्वपूर्ण होगा। यह मामला 27 जनवरी को बिलासपुर निवासी की दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की एकल पीठ ने कहा कि जब पति ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा नौ के तहत वैवाहिक अधिकारों की बहाली की मांग की थी, तब पत्नी अपने अधिकारों के तहत वैवाहिक जीवन को पुनः आरंभ करने के लिए घर लौट सकती थी। याचिकाकर्ता का विवाह फरवरी 2019 को हुआ था। कुछ दिनों बाद ही पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए अक्टूबर 2020 में पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

याचिकाकर्ता ने नवंबर 2020 को जेएमएफसी कोर्ट में मामला दायर किया, जिसे मार्च 2021 को खारिज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की, उसे भी खारिज कर दिया गया। इस दौरान वह माता-पिता के साथ रह रही थी और परिवार न्यायालय से गुजारा भत्ता की मांग की थी।

## बाइक पर जा रहे पुलिसकर्मी की बाघ ने ली जान, इलाके में दहशत

**दिबांग , एजेंसी।** रुणाचल प्रदेश के निचली दिबांग घाटी जिले में मोटरसाइकिल चलाते समय एक पुलिस कांस्टेबल को बाघ ने हमला करके मार डाला। मृतक की पहचान अरुणाचल प्रदेश पुलिस के हेड कांस्टेबल



चिक्सेंग मानपुंग के रूप में हुई है। वह रेडियो ऑपरेटर के पद पर तैनात थे।

जब उन पर हमला हुआ तब वह दिबांग घाटी में अनिनी से अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है, क्योंकि राज्य में इस तरह के मामले बहुत कम होते हैं।

### दोपहिया वाहनों के चलने पर लगाई रोक

लोअर दिबांग वैली के पुलिस सुपरिटेंडेंट (एसपी) मनीष सौर्य ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। एसपी शौर्य ने बताया कि वन विभाग के साथ मिलकर अधिकारियों ने इस रास्ते पर दोपहिया वाहनों के चलने पर रोक लगा दी है। यह फैसला मयुडिया इलाके के पास बाघ देखे जाने की कई रिपोर्टों के बाद लिया गया है। यह इलाका सर्दियों में बर्फबारी के लिए मशहूर है और एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। रोइंग के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर मीटो रूमी ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले कुछ दिनों से, खासकर रात में राहगीरों ने सड़क पर या उसके पास एक बाघिन और उसके तीन बड़े हो रहे बच्चों को देखा है।

उन्होंने आगे बताया कि बाघों को दूसरी जगह ले जाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। खास उपकरणों से लैस एक्सपर्ट टीमें अभी ईटानगर में राज्य मुख्यालय से, साथ ही राज्य के तीन दूसरे टाइगर रिजर्व से रास्ते में हैं।

## मलयालम अभिनेता मनियनपिल्ला राजू की कार से टकराई बाइक, पुलिस ने लगाया हिट-एंड-रन का आरोप

**तिरुवनंतपुरम , एजेंसी।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के त्रिवेंद्रम क्लब के पास गुरुवार रात एक सड़क दुर्घटना में हुई। इस दुर्घटना में वरिष्ठ अभिनेता मनियनपिल्ला राजू की कार एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और वे मौके से फरार हो गए। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि दूसरे का रीढ़ की हड्डी में चोट आ गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान तिरुवनंतपुरम निवासी 20 वर्षीय सूरज और निदेव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना गुरुवार रात करीब 9-30 बजे वेल्लायंबलम-वाझुथक्कड़ सड़क पर स्थित त्रिवेंद्रम क्लब के सामने हुई। टक्कर के बाद घटनास्थल से भाग गए अभिनेता राजू पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, त्रिवेंद्रम क्लब के अभिनेता मनियनपिल्ला राजू की कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी और फिर मौके से फरार हो गई। घटना के बाद राजू करीब दस घंटे तक लापता रहे। पुलिस ने दर्ज किया मामला पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद पुष्टि की कि वाहन राजू द्वारा चलाया जा रहा था। पुलिस ने अभिनेता मनियनपिल्ला राजू के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और घायलों की मदद न करने के कारण हिट-एंड-रन का मामला दर्ज किया है। भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने, जान को खतरे में डालने वाले लापरवाहीपूर्ण कृत्य और दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने से इनकार करने के लिए कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के करीब 10 घंटे बाद अभिनेता राजू शुक्रवार सुबह पुलिस स्टेशन गए। राजू ने पुलिस को बताया, ÷मैं सड़क पार करने के लिए धीरे-धीरे कार चला रहा था तभी मोटरसाइकिल ने मेरी कार को टक्कर मार दी। मुझे एक आवाज सुनाई दी और मैंने किसी को गिरते हुए देखा। घटनास्थल से निकलने के बाद, मैंने एक व्यक्ति से संपर्क किया और उससे एम्बुलेंस की व्यवस्था करने को कहा। अभिनेता राजू ने पुष्टि की कि कार वही चला रहे थे और अपनी खराब सेहत के कारण वे घटनास्थल से चले गए। उन्होंने कहा, ÷मैं कैंसर का मरीज हूं और अब मुझे चिकनगुनिया भी हो गया है।

## ममता की केंद्र को दो-टूक: बीएसएफ का दायरा घटाओ, तभी फेंसिंग के लिए मिलेगी जमीन

**कोलकाता , एजेंसी।** बंगाल विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने (फेंसिंग) के लिए जमीन देना मुद्दा नहीं है, केंद्र की नीतियां बाधा बनी हुई हैं। ममता ने केंद्र सरकार के उस फैसले को मनमाना बताया, जिसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर कर दिया गया है। उन्होंने शर्त रखी कि केंद्र को सबसे पहले इस विस्तारित दायरे को वापस लेना होगा। केंद्र को संघीय ढांचे का सम्मान करना चाहिए। सुरक्षा के नाम पर आम लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बाधित नहीं किया जा सकता। भाजपा के असहयोग वाले आरोपों को खारिज करते हुए ममता ने कहा कि राज्य सरकार ने रेलवे, रक्षा और सेल जैसी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही पर्याप्त जमीन मुहैया कराई है। तंज कसते हुए कहा कि जो जमीन पहले ही दी जा चुकी है, केंद्र उस पर काम पूरा करके दिखाए, उसके बाद और जमीन की मांग करे।



## मुस्लिम आरक्षण को परमानेंट करेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर तीखा हमला बोलते हुए चुनौती दी कि अगर उसमें हिम्मत है तो राज्य में सरकार बनाकर दिखाए। उन्होंने यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उन पुराने बयानों के संदर्भ में की, जिनमें कहा गया था कि बीजेपी के सत्ता में आने पर तेलंगाना में अल्पसंख्यकों को मिलने वाला चार प्रतिशत आरक्षण खत्म किया जाएगा।

स्पीच के खिलाफ एक सख्त कानून लाने की तैयारी यह बातें रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में आयोजित जमीयत उलमा तेलंगाना की परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने यह भी ऐलान किया कि राज्य में हेट स्पीच के खिलाफ एक सख्त कानून लाने की तैयारी की जा रही है और इसके मसौदे में मदद के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस सुदर्शन रेड्डी से अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को महबूबनगर में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नाबिन की रैली का जिक्र करते हुए कहा- आपने बुधवार को देखा कि दिल्ली से कोई महबूबनगर आया और क्या बोला।

# गुजरात में हुक्का और शराब पार्टी के दौरान छापा, 43 गिरफ्तार; मोबाइल फोन जब्त

**अहमदाबाद , एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक विला में आयोजित हुक्का और शराब पार्टी के दौरान पुलिस ने 43 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया और 38 महिलाओं को हिरासत में लिया। पार्टी स्थल से शराब की बोतलें, हुक्का, कारें और मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 2.3 करोड़ रुपये है।

अधिकारी ने बताया कि बुधवार आधी रात के समय विला में आयोजित शादी की सालगिरह पार्टी के दौरान कार्रवाई की गई। गुजरात में शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है।

पुलिस ने बताया कि मुंबई के एक व्यक्ति ने गुरुवार रात सानंद के पास अपने साले की शादी की 25वीं सालगिरह मनाने के लिए पार्टी आयोजित की। उसने करीबी दोस्तों को आमंत्रित किया था। छापेमारी के दौरान पार्टी में मौजूद 81 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।




अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया, पार्टी में शामिल 43 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 38 महिलाओं को हिरासत में लेकर बाद में रिहा कर दिया गया। इन महिलाओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि शराब या मादक पदार्थों के सेवन की पुष्टि की जा सके। पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गुजरात निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## टायर फैक्ट्री में बायलर फटा, नौ महीने के मासूम समेत आठ झुलसे

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला स्थित मंगल कार्बन प्लांट में गुरुवार को टायर रीसाइक्लिंग के दौरान बायलर फट गया। इस दुर्घटना में आठ मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें नौ महीने का एक मासूम बच्चा भी शामिल है। प्लांट में पुराने टायरों को गलाकर कार्बन बनाने का काम चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बायलर के भीतर दबाव बढ़ने या किसी तकनीकी खामियों के कारण यह विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। इस ब्लास्ट से निकली गर्म गैस और आग ने आसपास काम कर रहे मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जिसमें कई मजदूर 70 से 80 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं। विशेष रूप से नौ महीने के मासूम की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने प्लांट परिसर को सील कर जांच शुरू कर दी है।



# अवैध हिस्से पर चलेगा बुलडोजर, कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने की दी मंजूरी

**अहमदाबाद , एजेंसी।** साबरमती नदी किनारे मोटेरा गांव के तालाब की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए



आसाराम आश्रम के अवैध हिस्से को ढहाया जाएगा। गुजरात हाई कोर्ट ने आसाराम आश्रम की याचिका गुरुवार को खारिज कर प्रशासन को अवैध अतिक्रमण हटाने की मंजूरी दे दी।

**सरदार पटेल खेल परिसर से कुछ ही दूरी पर है आश्रमः** याचिका में सरकार द्वारा शहर के मोटेरा क्षेत्र में भूखंड को कब्जा मुक्त करने के प्रयास के खिलाफ आपत्ति जताई गई थी। यह भूखंड नरेन्द्र मोदी स्टेडियम और निर्माणाधीन सरदार पटेल खेल परिसर से कुछ ही दूरी पर है। अदालत के इस फैसले से 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का मार्ग प्रशस्त हुआ। सरदार पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का विस्तार हो सकेगा। गुजरात सरकार व अहमदाबाद महानगरपालिका 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के लिए प्रयासरत है। दशकों पहले यह जमीन सीमित धार्मिक उपयोग के लिए दी गई थी याचिका के खिलाफ सरकारी वकील जीएच विर्क ने जस्टिस वैभवी नानवती की एकल पीठ को बताया कि यह यह अचानक की गई कार्रवाई नहीं है। आश्रम को नोटिस दिया व सुनवाई का पूरा मौका दिया गया। दशकों पहले यह जमीन सीमित धार्मिक उपयोग के लिए दी गई थी लेकिन, धीरे-धीरे अतिक्रमण करके आश्रम का विस्तार किया गया, इसे वैध नहीं ठहराया जा सकता। सरकारी वकील ने कहा कि जमीन इस शर्त पर आवंटित की गई थी कि इसका इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों और अनधिकृत निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा और अनुमति संबंधी शर्तों का सख्ती से पालन किया जाएगा लेकिन निरीक्षण से पता चला कि आवंटित क्षेत्र से कहीं अधिक व्यापक निर्माण और कब्जा हो चुका है। अहमदाबाद 2030 के राष्ट्रमंडल खेल की तैयारी कर रहा है और ओलंपिक के लिए दीर्घकालिक आकांक्षाओं को बढ़ावा दे रहा है, ऐसे में राज्य द्वारा भूमि को पुनः प्राप्त करने का प्रयास क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास के प्रयासों को बढ़ावा देता है। इसके बाद हाई कोर्ट ने आश्रम द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

## सूंघकर उर्वरक को बताया ड्रग्स

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के प्रशिक्षु आइपीएस अधिकारियों ने अपनी छवि चमकाने के लिए उर्वरक को एमडी ड्रग्स बताकर केस बना दिया और दो आरोपितों के साथ ही सिपाही को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

एसआइ ने उर्वरक को अनुभव (सूंघकर) के आधार पर बताया कि जब्त पदार्थ एमडी ड्रग्स ही है। सच्चाई तब सामने आई, जब जांच के दौरान कथित एमडी ड्रग्स दो बार की जांच में उर्वरक साबित हुई।

गलती छिपाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने अब मुकदमे के निरस्तीकरण की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत कर दी है। इंदौर शहर के तेजाजी थाना पुलिस ने 26 फरवरी 2025 को दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों के पास से एमडी ड्रग्स की बरामदगी दिखाई।

इस मामले में आजाद नगर थाने के सिपाही को भी गिरफ्तार किया और दावा किया कि उसकी मदद से ही यह दोनों ड्रग्स बेच रहे थे। केस में मोड़ उस समय आया जब फोरेंसिक जांच में जब्त पदार्थ पोटेशियम नाइट्रेट निकाला। हैदराबाद के सीएफएसएल लैब ने भी जब्त पदार्थ को पोटेशियम नाइट्रेट ही बताया। इसके बाद पुलिस बैकफुट पर आई और सभी आरोपितों के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा निरस्त करने की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

# बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी ढेर

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में 2021 में टेकुलुगुडम मुठभेड़ में 22 जवानों के बलिदान के



लिए जिम्मेदार माओवादी उधम सिंह गुरुवार को बीजापुर में मुठभेड़ में मारा गया। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम था। घटनास्थल से एक एके 47 और विस्फोटक बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों की माओवादियों के साथ चिन्नागेलूर जंगल में मुठभेड़ हुई। एसपी डा. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि माओवादी उधम सिंह दक्षिण बस्तर डिवीजन का सदस्य था। उसके मारे जाने के बाद एरिया कमेटी नेतृत्व विहीन हो गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पापाराव एकमात्र जीवित जोनल सदस्य है, जिसकी तलाश जारी है। एसपी जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इसके साथ ही साउथ सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 12 माओवादियों ने हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापसी की है। उन पर कुल 54 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वर्ष 2026 में 11 माओवादी ढेर हुए हैं। पुलिस के अनुसार, एक जनवरी 2024 से अब तक बीजापुर जिले में 888 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं।

## खास तकनीक पर काम कर रहा इसरोः डॉ. वी. नारायणन

**पुणे, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने गुरुवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी वर्तमान में दोबारा इस्तेमाल किये जाने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) की प्रौद्योगिकी के विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने रेखांकित किया कि इसका उद्देश्य भारत की सीमित लागत के साथ अंतरिक्ष गतिविधियों को अंजाम देना है। नारायणन ने पिंपरी चिंचवड स्थित डी वाई पाटिल इंटरनेशनल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के दौरान संवाददाताओं से कहा कि यह कार्य प्रायोगिक चरण में है। इसरो प्रमुख ने 'स्पेसएक्स' जैसी निजी कंपनियों से मिल रही प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोबारा इस्तेमाल किये जाने वाले प्रक्षेपण यान अंतरिक्ष कार्यक्रम को अधिक लागत प्रभावी बनाते हैं।



## अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइनल में

# 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास

### बाबर आजम का रिकॉर्ड टूटा

**भारत ने इंग्लैंड को 412 का टारगेट दिया, अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर**

**हरारे (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल भारतीय क्रिकेट के भविष्य की एक झलक बन गया, जब महज 14 साल के ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बड़ा इतिहास रच दिया। इंग्लैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 35 रन बनाते ही वैभव ने यूथ वनडे क्रिकेट में बाबर आजम का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया। इतना ही नहीं, 25 रन पूरे करते ही उन्होंने बांग्लादेश के अजीजुल हकीम को भी पीछे छोड़ते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वहीं भारत ने 9 विकेट पर 412 का लक्ष्य इंग्लैड को दिया था।

### बाबर आजम से आगे निकले वैभव सूर्यवंशी

इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में वैभव सूर्यवंशी का हर रन रिकॉर्ड बुक को बदल रहा था। जैसे ही उन्होंने 35 रन पूरे किए, वह यूथ वनडे क्रिकेट में बाबर आज़म से ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बन गए। खबर लिखे जाने तक वैभव के नाम यूथ वनडे में 1272 रन दर्ज हो चुके थे, जबकि बाबर आजम ने अपने यूथ करियर में 36 मैचों में 1271 रन बनाए थे। बाबर के खाते में इस फॉर्मेट में तीन शतक और आठ अर्धशतक थे, और उनका सर्वोच्च स्कोर 129 रन रहा।

### अजीजुल हकीम का रिकॉर्ड भी टूटा

फाइनल मुकाबले में वैभव ने एक और बड़ी छलांग लगाई। जैसे ही उन्होंने 25 रन पूरे किए, वह यूथ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एक्टिव खिलाड़ियों की सूची में बांग्लादेश के अजीजुल हकीम से आगे निकल गए। वैभव ने खबर लिखे जाने तक 1262 रन पूरे कर लिए थे, जबकि हकीम ने 37 मैचों में 1261 रन बनाए थे। हकीम के नाम दो शतक और नौ अर्धशतक हैं, और उनका बेस्ट स्कोर 103 रन रहा है।

### सबसे कम उम्र में सबसे बड़ी उपलब्धि

वैभव सूर्यवंशी की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने यह रिकॉर्ड सिर्फ 14 साल की उम्र में हासिल किया है। इतनी कम उम्र में इस तरह की निरंतरता और बड़े मंच पर प्रदर्शन करना उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि वैभव का तकनीकी संतुलन और मानसिक मजबूती उन्हें आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट का बड़ा चेहरा बना सकती है।

### 175 रन बनाकर आउट, 15 चौके और 15 छक्के लगाए

अंडर–19 वर्ल्ड कप फाइनल 2026 भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे यादगार लम्हों में शामिल हो गया, जब युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ शतक जड़कर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सिर्फ 14 साल की उम्र में वैभव ने न केवल फाइनल जैसे बड़े मंच पर शतक लगाया, बल्कि कई बड़े भारतीय और विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। उनकी निडर बल्लेबाज़ी ने यह साबित कर दिया कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। भारत ने 44 ओवर में 6विकेट खोकर 365 रन बना लिए थे।

### फाइनल में 55 गेंदों पर विस्फोटक शतक

इंग्लैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने 55 गेंदों में शतक पूरा कर इतिहास रच दिया। यह अंडर–19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की ओर से लगाया गया सबसे तेज शतक है। बड़े दबाव वाले फाइनल में इतनी आक्रामक बल्लेबाज़ी करना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता, लेकिन वैभव ने शुरुआत से ही अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने सटीक टाइमिंग, बेहतरीन फुटवर्क और आत्मविश्वास के साथ इंग्लिश गेंदबाज़ों को बैकफुट पर धकेल दिया।

### सबसे कम उम्र में फाइनल शतक

इस शतकीय पारी के साथ वैभव सूर्यवंशी भारत की ओर से अंडर–19 वर्ल्ड कप फाइनल में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बन गए। 14 साल की उम्र में इस तरह का कारनामा उन्हें खास बनाता है। इससे पहले किसी भी भारतीय बल्लेबाज़ ने इतनी कम उम्र में फाइनल मुकाबले में तीन अंकों का आंकड़ा नहीं छुआ था। क्रिकेट विशेषज्ञों के मुताबिक, वैभव की यह उपलब्धि आने वाले वर्षों तक एक बेंचमार्क के तौर पर याद की जाएगी।

### एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड

वैभव की शतकीय पारी सिर्फ रन बनाने तक सीमित नहीं रही। अपनी इनिंग के दौरान जैसे ही उन्होंने पांचवां छक्का जड़ा, वह अंडर–19 वर्ल्ड कप के एक ही सीज़न में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज़ बन गए। उनकी पावर हिटिंग पूरे टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही। स्पिन हो या तेज़ गेंदबाज़ी, वैभव ने हर तरह के अटैक के खिलाफ बड़े शॉट्स खेलने की क्षमता दिखाई।

- **तकनीक और मानसिक मजबूती का बेहतरीन मिश्रण** – वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाज़ी सिर्फ आक्रामकता पर आधारित नहीं है। उनकी तकनीक संतुलित है और शॉट चयन काफी परिपक्व नजर आता है। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में उन्होंने धैर्य और आक्रमण का सही संतुलन बनाए रखा। यही वजह है कि क्रिकेट पंडित उन्हें उम्र से कहीं ज्यादा मैच्योर खिलाड़ी मान रहे हैं।


### प्लेइंग 11

- **भारत अंडर–19** – आरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (डब्ल्यू), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन
- **इंग्लैंड अंडर–19** – बेन डॉकिन्स, जोसेफ मूर्स, बेन मेयस, थॉमस रेव (विकेटकीपर/कप्तान), कैलेब फाल्कनर, राल्फी अल्बर्ट, फरहान अहमद, सेबेस्टियन मॉर्गन, जेम्स मिंटो, मैनी लम्सडेन, एलेक्स ग्रीन

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं

### नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले नागल

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।



नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा, अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर पर 9 साल पुराना बैन हटाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई के पूर्व प्रेसिडेंट अनुराग ठाकुर से लाइफ टाइम बैन हटा दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को अपने 9 साल पुराने फैसले को बदला है। उसमें ठाकुर को बोर्ड से दूर रहने को कहा गया था।



अब वे भारतीय क्रिकेट के संचालन में बोर्ड के कामकाज में शामिल हो सकेंगे। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है। बेंच ने यह भी साफ कर दिया कि अनुराग ठाकुर पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। साल 2017 में लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू न करने की वजह से अनुराग ठाकुर को पद से हटाया गया था। लोढ़ा कमेटी के नियमों में आयु सीमा और सरकारी पद जैसे कई कड़े प्रावधान शामिल थे।

**2017 में लगा था अनुराग ठाकुर पर बैन** – सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2 जनवरी, 2017 के फैसले के निर्देश 3 और 4 पहले ही वापस ले लिए गए थे। मौजूदा आवेदन केवल उन पर लगाए गए प्रतिबंध से संबंधित था।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

### हैकर्स ने आईडी बदली, मोनेटाइजेशन से आने वाले पैसे भी हड़पे; अलीगढ़ में एफआईआर

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। साइबर ठगों ने रिंकू के फेसबुक की ईमेल आईडी बदलकर उससे होने वाली कमाई अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रिंकू के भाई सोनू की शिकायत के बाद मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया। सोनू ने शिकायत में कहा है कि ?रिंकू के फेसबुक पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं। वे काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त थे। इस वजह से सोशल मीडिया अकाउंट पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। सोनू ने बताया कि रिंकू ने 4 फरवरी को मुंबई से अपना फेसबुक एकाउंट लॉग इन किया।

# टी20 विश्व कप से एक दिन पहले भारत को बड़ा झटका

### स्टार तेज गेंदबाज राणा हुआ चोटिल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप से ठीक एक दिन पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी सामने आई है। अभी आधिकारिक जानकारी आना बाकी है। हर्षित बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के वार्म-अप मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम** – सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रित बुमरा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, ईशान किशन (विकेटकीपर)

### टी20 विश्व कप के लिए भारत का शेड्यूल

- **7 फरवरी**- भारत बनाम यूएस (वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई)
- **12 फरवरी**- भारत बनाम नामीबिया (अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली)
- **15 फरवरी**- भारत बनाम पाकिस्तान (आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो)
- **18 फरवरी**- भारत बनाम नीदरलैंड्स (नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद)

● टी-20 वर्ल्डकप, पाकिस्तान से मैच पर सूर्या बोले

# हम तैयार, खेलने से उन्होंने मना किया

● हम कोलंबो जाएंगे, पाक ने मुकाबले का बॉयकॉट किया

**मुंबई(एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया का रुख स्पष्ट कर दिया। गुरुवार को मुंबई में कैप्टन्स डे के दौरान सूर्या ने कहा कि भारत मैच खेलेगा। सामने वाली टीम नहीं खेलना चाहती तो यह उनकी मर्जी है।

हमारा माइंडसेट बिल्कुल साफ है। हमने खेलने के लिए मना नहीं किया है, उधर से मना किया गया है। आईसीसी ने मैच का शेड्यूल तय किया है और हम खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारे टिकट बुक हैं और दिल्ली के बाद हम कोलंबो जा रहे हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। 15 फरवरी को टीम इंडिया कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ने वाली है, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान कर दिया है।

**दो शहरों में कैप्टन्स डे**- टी-20 वर्ल्ड कप का कैप्टन्स डे आज दो अलग-अलग शहरों में आयोजित किया गया। मुंबई में भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तानों ने हिस्सा लिया।




**सूर्या बोले– ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी सहज**– मुंबई में बातचीत के दौरान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया के कोच ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के असर को लेकर बात की। उन्होंने कहा, गंभीर ने टीम के भीतर जो माहौल बनाया है, वह काफी सकारात्मक है। ड्रेसिंग रूम का माहौल भी काफी सहज रहता है।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट**– भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं, श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिंहला स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

● पाकिस्तानी पीएम बोले-

# बांग्लादेश के साथ खड़े रहना सही फैसला

### भारत का बॉयकॉट सोच-समझकर किया; बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर बोले- थैंक यू, पाकिस्तान

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बहिष्कार को सही और सोचा-समझा फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ मजबूती से खड़ा है।



एक फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने ङ्म पोस्ट में भारत से मैच का बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। उसके बाद आईसीसी ने पीसीबी से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। उसके बाद से पीसीबी का तो कोई बयान नहीं आया, लेकिन वहां के प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया कि पाकिस्तानी सरकार फैसला नहीं बदलने वाली है।

सरकार की बैठक के बाद शरीफ ने कहा- हमने टी20 वर्ल्ड कप पर बिल्कुल साफ रुख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेंगे, क्योंकि खेल के मैदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया

1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्म पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की बजाय अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। यह पूरा विवाद मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाए जाने के बाद शुरू हुआ।

# चीन से हारकर भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से बाहर

**किंगदाओ (एजेंसी)।** पिछली चैम्पियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जिसे एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।



# ऑस्ट्रेलिया को एक और बड़ा झटका, स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टी20 विश्व कप से बाहर

मेलबर्न (एजेंसी)। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। आस्ट्रेलिया उनके विकल्प की घोषणा नहीं करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहले कहा था कि हेजलवुड टूर्नामेंट के बीच में या आखिर में टीम से जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में शनिवार से शुरू हो रहा है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर आठ चरण तक फिट हो जायेंगे लेकिन ताजा संकेत मिले हैं कि उसे फिट होने में समय लगेगा और जल्दबाजी करना जोखिमभरा हो सकता है। उन्होंने कहा, हम किसी विकल्प की तुरंत घोषणा नहीं करेंगे। बाद में जरूरत के समय देखा जाएगा। ग्रुप चरण में नाथन हिल्स और टिम डेविड उपलब्ध हो जाएंगे जबकि एडम जम्पा पहला मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया का नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच कल रात रद्द हो गया लेकिन 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच से पूर्व टीम के पास अभ्यास के लिए काफी समय है। ऑस्ट्रेलिया के सारे प्रारंभिक मैच कोलंबो और पाल्लेकल में होंगे। इससे पहले तेज गेंदबाज पैट कमिंस भी कमर की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे जिनकी जगह बेन ड्वारशुइस ने ली। मिचेल स्टार्क टी20 क्रिकेट को पहले ही अलविदा कह चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एकेडमिक एक्सिलेंस की बैठक हुई संपन्न

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन एवं नैक की आवश्यक तैयारियों को लेकर एकेडमिक एक्सिलेंस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने की। बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़, गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचारयुक्त बनाना रहा। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में एकेडमिक एक्सिलेंस के लिए एक समर्पित कार्यालय की स्थापना की जाएगी। इस कार्यालय के माध्यम से विश्वविद्यालय में नव-नियुक्त एवं युवा शिक्षकों को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ते हुए पाठ्यक्रम, शोध, नवाचार और अकादमिक अनुशासन को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान लैब,लाइब्रेरी सिस्टम को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। डिजिटल संसाधनों, शोध सामग्री की उपलब्धता तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए लाइब्रेरी को जीवंत अकादमिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर विचार किया गया।विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि एकेडमिक एक्सिलेंस के माध्यम से शिक्षण-शोध की गुणवत्ता में निरंतर सुधार कर नैक मूल्यांकन में विश्वविद्यालय की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. वकारूत जमा ने बताया कि कुलपति ने उच्च शिक्षा में अनुसंधान एवं नवाचार को सही दिशा प्रदान कर, अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने, विश्वविद्यालय को नैक से मान्यता यथा शीघ्र दिलाने, अंतर-अनुशासनात्मक तथा मूल्य आधारित बनाने, फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम प्रारंभ करने, विद्यार्थियों के अकादमिक सहायता और कुशलता विकास के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम, डिजिटल तथा एकेडमिक आधारभूत संरचना के विकास करने, राष्ट्रीय पेंशन योजना को अपडेट करने, शिक्षकों के प्रमोशन को रेगुलर करने, सभी शिक्षकों का संस्थागत ईमेल आईडी बनाने संबंधी मुद्दों पर कमेटी गठित कर कार्य करने को कहा है। बैठक में डॉ. आमिर महमूद, डॉ वकारूत जमा, डॉ शशी भूषण देव, डॉ अमित कुमार, डॉ रमेश कुमार, डॉ चिंटू कुमारी, डॉ फोजिया रहमान, डॉ तबस्सुम बानो, डॉ पूर्ति माहौर, डॉअंकिता कुमारी, डॉ विजय राज कुमावत, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ प्रियंका कुमारी और डॉ पूनम शुक्ला सहित कई मौजूद थे।

### विकास योजनाओं की प्रगति व डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रगति यात्रा के अंतर्गत घोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए उपलब्ध सभी महाविद्यालयों का भौतिक सत्यापन कर सूची उपलब्ध कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ताकि आगे की कार्रवाई ससमय व प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, प्रगति यात्रा के अंतर्गत घोषित विभिन्न विकास योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए जीरो माइल से पातर पथ, जीरो माइल से असनी पथ, असनी से पातर पथ, संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर नहर बांध तक पथ निर्माण, आरा रेलवे स्टेशन से जज कोठी मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण, जीरो माइल स्थित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम निर्माण, आरा-बबुरा-छपरा पथ चौड़ीकरण, बिहिया चौरस्ता सड़क चौड़ीकरण और तरारी प्रखंड अंतर्गत देव ग्राम स्थित सूर्य मंदिर परिसर के विकास व संग्रहालय निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करें और कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी थे।

### शक्ति सदन के सफल संचालन के लिए हुई बैठक

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गुरूवार को शक्ति सदन के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक में शक्ति सदन के सफल संचालन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विमर्श किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विमर्श के दौरान शक्ति सदन में रह रही संवासिनियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए महिला चिकित्सक की व्यवस्था, उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते चर्चा की गई।

### मवेशी लदी पिकअप जब्त, दो गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर**। किसागर और ग्रहथा गांव के बीच गुरुवार की दोपहर गौ रक्षा समिति ब्रह्मपुर की सक्रियता और ग्रामीणों की सतर्कता से मवेशी तस्करी का एक मामला उजागर हुआ। मवेशियों से लदी पिकअप वाहन ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर जांच की। इसमें मवेशी पाए गए। ग्रामीणों के अनुसार, वाहन के अगले हिस्से से नंबर प्लेट निकली हुई थी, जिससे शक और गहरा गया। पूछताछ में चालक और उसके साथ मौजूद व्यक्ति ने मवेशियों को चौसा मेला ले जाने की बात कही, लेकिन ग्रामीणों को यह तस्करी का मामला प्रतीत हुआ। इसके बाद तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया तथा वाहन को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि टाटा मैजिक मालवाहक वाहन से तीन मवेशी बरामद किए गए हैं। इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ब्रजेश राजभर पिता स्वर्गीय बाबूराम राजभर, ग्राम मालवा, पोस्ट नावानगर, उत्तर प्रदेश तथा प्रेम नारायण राय, पिता स्वर्गीय सुदामा राय, ग्राम चढ़ावा बड़वा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। तिलकराय के हाता थाने में भी जब्त किए गए थे मवेशी अभी कुछ ही माह पहले तिलक राय के हाता थाना पुलिस ने गौ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे चार गायें और एक बछड़ा जब्त किया था। उस समय भी ग्रामीणों ने ही तस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। मवेशियों को अमानवीय तरीके से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से वाहन चालक सह तस्कर सिमरी के मिथिलेश कुमार, निवासी सिमरी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसके द्वारा गौ तस्करी में संलिप्तता की पुष्टि हुई थी। पुलिस का कहना है कि सूचना के आधार पर मवेशी तस्करी में संलिप्त तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।

### रेलवे प्लेटफॉर्म पर सरपट दौड़ा टोटो, वीडियो वायरल

**आरा**। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर टोटो गाड़ी का यात्रियों के बीच सरपट दौड़ने का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक टोटो गाड़ी प्लेटफॉर्म पर काफी देर तक घूमता दिख रहा है। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर यात्री मौजूद थे। टोटो चालक ने अपनी गाड़ी ऐसे दौड़ाई मानो वह स्टेशन का प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि शहर की कोई खुली सड़क हो। आरा स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो तकरीबन 15 दिन पहले का है। वीडियो में दिख रहे टीटीई से पूछताछ की गई है।

### 'नव परिवर्तन' जैसी पत्रिका शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध बनाने में सहायक

**बक्सर**। जीडी मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज में संस्थान की शैक्षणिक एवं साहित्यिक पत्रिका 'नव परिवर्तन' का विमोचन हुआ। इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो अतुल आदित्य पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रजत जायसवाल, डॉ. तनवीर फरीदी, भरत प्रसाद एवं सरोज सिंह मौजूद रहे। पत्रिका विमोचन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव प्रदीप मिश्र ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मेंटोर डॉ. राजेश्वर मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ. जयराम चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने 'नव परिवर्तन' पत्रिका को विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा, बौद्धिक विमर्श एवं अकादमिक उन्नयन का सशक्त माध्यम बताते हुए इसके नियमित प्रकाशन की सराहना की। प्रो. अतुल आदित्य पाण्डेय ने कहा कि ऐसी पत्रिकाएं शिक्षार्थियों को चिंतन, अभिव्यक्ति एवं नवाचार के लिए प्रेरित करती हैं तथा शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध बनाती हैं।

# बिहार-झारखंड के लिए 285 स्पेशल ट्रेन, होली पर घर आना हुआ आसान

निज संवाददाता। आरा



होली पर्व के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। रेलवे की ओर से 01 मार्च से 22 मार्च के बीच कुल 1410 होली स्पेशल ट्रेनों (ट्रिप) के परिचालन का निर्णय लिया गया है। इस व्यापक योजना के तहत पूर्व मध्य रेल को भी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके अंतर्गत 285 होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस निर्णय से बिहार, झारखंड और आसपास के राज्यों के यात्रियों को विशेष राहत मिलने की उम्मीद है। भोजपुर जिले के आरा स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह व्यवस्था खास तौर पर फायदेमंद साबित होगी, क्योंकि होली के दौरान यहां से देश के विभिन्न महानगरों की ओर जाने और लौटने वाले यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा होता है। ट्रेनों की अतिरिक्त संख्या से कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी और लंबी प्रतीक्षा सूची से भी राहत मिलेगी रेलवे प्रशासन का कहना है कि इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन प्रमुख रूटों पर किया जाएगा, ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों को भीड़भाड़, असुविधा और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। होली के अवसर पर घर लौटने वाले प्रवासियों और यात्रियों के लिए यह पहल बड़ी सौगात मानी जा रही है। यात्रीगण रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139, नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

**होली स्पेशल ट्रेनों की सूचीः** 1. 09821/09822 दानापुर-सोगरिया स्पेशल (कटनी-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-बक्सर-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 09821 सोगरिया-दानापुर स्पेशल 28 फरवरी और 07 मार्च शनिवार को सोगरिया (कोटा) से होली स्पेशल के तौर पर 23.10 बजे खुलकर अगले दिन 20.00 बजे डीडीयू रूकते हुए 23.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 09822 दानापुर-सोगरिया स्पेशल 02 मार्च और 09 मार्च सोमवार को दानापुर से 01.15 बजे खुलकर 05.15 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 01.10 बजे सोगरिया पहुंचेगी । 2. 01667/01668 रानीकमलापति-दानापुर-रानीकमलापति स्पेशल (इटारसी-जबलपुर- प्रयागराज छिवकी-डीडीयू-आरा के रास्ते)- गाड़ी सं. 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल 27 फरवरी और 02 मार्च को रानी कमलापति से 14.25 बजे खुलकर अगले दिन 05.40 बजे डीडीयू रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल 28 फरवरी और 03 मार्च को दानापुर से होली स्पेशल के रूप में 11.15 बजे खुलकर 17.00 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 08.55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। 3. 01665/01666 रानीकमलापति-अगरतला-रानीकमलापति स्पेशल (डीडीयू-दानापुर- पाटलिपुत्र-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते)- गाड़ी सं. 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल 05 मार्च से प्रत्येक गुरूवार को रानी कमलापति से 15.20 बजे खुलकर दूसरे दिन 10.10 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए तीसरे दिन 18.55 बजे अगरतला पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल 08 मार्च से प्रत्येक रविवार को अगरतला से होली स्पेशल के रूप में 17.20 बजे खुलकर दूसरे दिन 22.25 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए तीसरे दिन 16.35 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

# बॉर्डर पर तस्कर गिरफ्तार 650 बोतल शराब बरामद

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में उत्पाद विभाग ने वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर एक कार से 650 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। शराब को कार की सीटों, दरवाजों के गेट और बॉडी के विभिन्न हिस्सों में छिपाकर रखा गया था। बाहर से देखने पर कार सामान्य प्रतीत हो रही थी, लेकिन गहन तलाशी के दौरान 180 एमएल की कुल 650 बोतल अंग्रेजी शराब मिली।

**गंगा नदी पर बने पुल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर रही थी कारः** यह कार उत्तर प्रदेश से गंगा नदी पर बने पुल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर रही थी। उत्पाद विभाग की टीम ने संदेह के आधार पर वाहन को रोका और उसकी तलाशी ली, जिसके बाद शराब की यह खेप बरामद हुई और तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ निवासी नीतीश यादव के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि शराब की यह खेप बिहार के छपरा पहुंचाई जानी थी।

**तस्कर शराब को छिपाकर ला रहा थाः** उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि तस्कर शराब को छिपाकर ला रहा था। विभाग ने सतर्कता बरतते हुए उसे पकड़ा। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सिद्धाश्रम की धरा कभी संत विहीन नहीं रही, इसके आगे कोई तीर्थ नहीं

निज संवाददाता। बक्सर



गंगाधाम आश्रम, कम्हरिया में गुरुवार को विशाल कलश यात्रा के श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ स्थल से निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं लाल रंग के परिधान में शामिल हुए। श्रद्धालुओं भक्ति में लीन दिखे। यात्रा वामन भगवान मंदिर तक भ्रमण करते हुए कम्हरिया गंगा घाट पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की गई। इस महायज्ञ में खास यह है कि यह आयोजन पवित्र गंगा के गोद में किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित करने के बाद सवा लाख हनुमान चालीसा का अखंड पाठ का भी शुभारंभ किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ काशी के विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ स्थल मां गंगा के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में विश्व क महान मनीषी संत परमपूज्य श्री 1008 श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने बक्सर महात्म्य पर चर्चा की। उन्होंने बक्सर के हर धार्मिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से श्रद्धालुओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सतयुग, त्रेता और द्वापर से सिद्धाश्रम बक्सर में यज्ञ होते आ रहा है। बक्सर यज्ञ भूमि है। यहां हजारों ऋषियों व मुनियों ने तप किया है। उन्होंने कहा कि सिद्धाश्रम बक्सर कभी संत विहीन रहा ही नहीं है। यही वजह है कि बक्सर को सिद्धाश्रम कहा जाता है। सिद्धाश्रम के आगे कोई तीर्थ नहीं हुआ और ना आगे होगा। यह धरती आशीर्वाद युक्त धरती है। वामन अवतार की भूमि है। बक्सर की महिमा अपने आप में है। बक्सर के स्मरण मात्र से लोगों का कष्ट खत्म हो जाता है। बक्सर को बक्सर बनाने के लिए संतों को आगे आना होगा, तभी बक्सर दिव्य होगा।

# मानव जीवन का उद्देश्य आत्म दर्शन है : आचार्य धर्मेंद्र

निज संवाददाता। बक्सर



महाशिवरात्रि पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में आचार्य धर्मेन्द्र जी महाराज ने नैमीषशारन्य में सूत शौनक संवाद के माध्यम से मानव जीवन का उद्देश्य आत्म दर्शन ,मोक्ष की प्राप्ति बताई। गौरीशंकर पब्लिक स्कूल परिसर में कथावाचक ने मोक्ष का अर्थ बतलाते हुए कहा मोक्ष का सरल अर्थ मोह का क्षय है। भक्ति भगवंत प्राप्ति का सरल साधना है। भक्ति का सहज अर्थ भगवान का हो जाना है,अपने सभी जीवन व्यवहार को भगवान के साथ जोड़ देना है। भगवान के 24 अवतारों की संक्षिप्त कथा कहते हुए भगवान के अवतार लेने के अनेक कारण को बतलाते हुए कहा असल में भगवान भक्तों पर कृपा करने के लिए निराकार ब्रह्म साकार रूप धारण करते हैं।यह रूप देश काल के अनुसार धारण करते हैं।यथा शनकादिक ऋषि,बराह, देवर्षि नारद,श्रीनारायण, कपिल,दातात्रेय, यज्ञनारायण, ऋषभदेव, पृथू, मत्स्य, कच्छप, धन्वंतरी, मोहनी, वामन, परशुराम, वेदव्यास,, श्री राम, श्री कृष्ण,बलराम, बुध,हंसनारायण, हयग्रीव आदि। दातात्रेय चरित्र कहते हुए अनुसुइया के पातिव्रत महिमा को बताया। वेदव्यास के अवतरण को याद करते हुए कहा कि वेदव्यास जी को 17पुराणों की रचना करने के बाद भी शान्ति नहीं मिली,तो देवर्षि नारद की प्रेरणा से श्रीमद्भागवत की रचना की शांति प्राप्त की। यह श्रीमद्भागवत मानव को लौकिक और अलौकिक सुख शांति प्रदान करता है। आचार्य जी ने कहा कि प्रभु की प्राप्ति तप,जप, ध्यान,सत्संग, संतों की सेवा,संत की चरणधुली से किया जा सकता है।

# ऑन ड्यूटी महिला सिपाही को ऑटो ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। आरा



आरा में ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात एक महिला सिपाही को तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिपाही सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल सिपाही की पहचान पुष्पा कुमारी(22) के तौर पर हुई है। यातायात थाना में पोस्टिंग है। नियमित रूप से शहर के अलग-अलग चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालती थी। घटना टाउन थाना क्षेत्र के मठिया मोड़ के पास की है।

**दाहिने पैर में लगी चोटः** जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर शाम मठिया मोड़ पर ड्यूटी पर तैनात थी। इस दौरान स्टेशन की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ऑटो ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी है। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। सदर अस्पताल के डॉक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि एक्स-रे और अन्य आवश्यक जांच कराई गई है। चोट गंभीर है, लेकिन फिलहाल हालत स्थिर है। उचित इलाज और आराम से जल्द ही सुधार होने की उम्मीद है। इधर, पुलिस ने फरार ऑटो चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# अब ऑनलाइन दर्ज योजनाओं पर ही राशि

निज संवाददाता। बक्सर



ग्रामीण बेरोजगारी और रोज़गार की तलाश में होने वाले पलायन पर निर्णायक लगाम लगाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) को इसी वित्तीय वर्ष 2026-27 से धरातल पर उतारने की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पंचायत स्तर पर गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल उन्हीं योजनाओं पर काम होगा, जिनकी एंट्री युक्तिधारा पोर्टल पर की जाएगी। इसी के आधार पर आगे राशि की स्वीकृति और उपलब्धता की जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों के ऐसे वयस्क सदस्य, जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, उन्हें वर्ष में 125 दिनों तक मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। जिले में योजना की शुरुआत संभावित रूप से अप्रैल माह से मानी जा रही है, जिससे लाखों ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोज़गार मिलने की उम्मीद है। 1. 125 दिन रोजगार की गारंटी 2. आधार भूत संरचना निर्माण पर प्राथमिकता 3. समय से मजदूरी भुगतान एवं बेहतर बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान 4. कृषि से जोड़ने के लिए कृषि के समय मजदूर उपलब्धता के लिए बेहतर व्यवस्था 5. बेहतर राशि की उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा रोजगार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संदीप कुमार मौर्य ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आय सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ रोज़गार के लिए शहरों की ओर होने वाले पलायन को कम करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में यह मिशन एक ठोस कदम है, जो ग्रामीण भारत में समावेशी विकास, आजीविका और बुनियादी ढांचे को नई गति देगा। कार्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना का हिस्सा होंगे। इनमें जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन और प्रतिकूल मौसम के प्रभाव को कम करने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी योजनाएं विकसित ग्राम पंचायत आयोजना के माध्यम से तैयार होंगी और इन्हें पीएम गति-शक्ति जैसी राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों से जोड़ा जाएगा। इससे संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ पारदर्शिता आएगी।

**योजना की विशेषताः** योजना को लेकर ग्राम पंचायतों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी योजना के संचालन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर संचालन समितियों का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक और प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रशासनिक और समन्वय संबंधी जिम्मेदारियां निभाएंगे। वहीं, ग्राम पंचायतों को श्रमिकों के पंजीकरण, जॉब कार्ड जारी करने और कम से कम 50 प्रतिशत कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है।

# पेड़-पौधे केवल धरती का श्रृंगार नहीं, आवश्यकता भी

निज संवाददाता। बक्सर



जीबीओ प्लस 2 उच्च विद्यालय बंशवर में सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन के अंतर्गत नव निर्मित उद्यान का उद्घाटन विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक जगदीश चंद्र ओझा ने किया। यह उद्यान सीएसआईआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विक्रमा सिंह एवं राम निहोर पटेल की देखरेख में विकसित किया गया है। उद्यान निर्माण का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच पौधरोपण और पौध संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा उन्हें प्रकृति के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ना है। ताकि, पर्यावरण संरक्षण की भावना उनके जीवन का अभिन्न अंग बन सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, दक्षिण बिहार के जनसंवाद प्रमुख शैलेश कुमार ओझा ने वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के इस दौर में पौधों का संरक्षण मानव जीवन के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। पेड़-पौधे केवल धरती का श्रृंगार ही नहीं, बल्कि हमारी आवश्यकता और सामूहिक जिम्मेदारी भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जीवन शैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। ये लोग रहे मौजूद ग्राम पंचायत के सरपंच काशी यादव, विद्यालय के शिक्षक अखिलेश कुमार चौथे, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार उपाध्याय, पंकज कुमार, गीता कुमारी, उत्कर्ष संतोष कुमार, सपना गुप्ता, अमृता कुमारी, रीचा सिंह, अभिषेक सिंह, हेमंत शुक्ला, राजू कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है उद्यान उद्घाटनकर्ता जगदीश चंद्र ओझा ने विद्यालय के ऐतिहासिक विकास क्रम को स्मरण करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे उद्यान न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विक्रमा सिंह ने सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्य, उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में औषधीय उद्यान विकसित करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री प्रत्युष चंद्र ओझा एवं शिक्षाविद् श्री चतुर्भुज प्रसाद ने भी अपने विचार रखते हुए प्रकृति संरक्षण को समाज का सामूहिक दायित्व बताया।

# 10 वीं के छात्र की संदिग्ध मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में संदिग्ध हालत में 15 साल के लड़के की मौत हो गई। पिज्जा खाने के बाद गुरुवार देर शाम बाजार से घर लौटा था। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान सरकारी टीचर विनय कुमार केसरी के पुत्र बलवीर विनय(15) के तौर पर हुई। दसवीं क्लास में पढ़ता था। इसी साल बोर्ड का एग्जाम देने वाला था। घटना बिहिया नगर ब्लॉक रोड की है।

**उल्टी-दस्त होने पर अस्पताल लाया थाः** विनय कुमार केसरी ने बताया कि मैं रिश्तेदारी में बक्सर गया था। वहां से रात 10 बजे घर लौटा था। इसके बाद सो गया। आज(शुक्रवार) सुबह 4 बजे के करीब मेरी मां ने बताया कि बलवीर की तबीयत खराब है। उल्टी और दस्त हो रहा है। घर में गिर गया है, उससे उठा नहीं जा रहा है। तुरंत उठाकर बिहिया पीएचसी लेकर गए। वहां डॉक्टर ने तीन-चार इंजेक्शन लगाया। इसके बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां लाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पिता का आरोप- पिज्जा खाने से मौत हुई हैः** विनय कुमार केसरी ने आगे बताया कि देर शाम उसने अपने दोस्त गौतम कुमार के घर के पास एक दुकान में पिज्जा खाया था। मैंने उसे फोन किया तो उसने बताया कि यहीं दुकान पर पिज्जा खा रहा हूं। पिज्जा खाने के बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ी है।

**घर में मचा कोहरामः** मौत की सूचना पर टाउन थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मृत छात्र तीन भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में मां कुसुम कुमारी, भाई सत्यवीर विनय और बहन श्यामली कुमारी है।